www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 25 फरवरी , 2024

वर्ष – 16 | अंक –321 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होना ... पृष्ठ 02

■ सदन के पटल पर जल्द दिल्ली का बजट रखें...
■ दिल्ली में 11 लाख परिवारों को आ रहे पानी के ... 03

■ संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का यूक्रेन संकट खत्म करने का आह्वान
■ अमेरिकी नौसेना ने आठ करोड़ डॉलर के सौदे को मंजूरी दी 07

साहित्य

गुरु नानक की दरियादिली पृष्ठ 06

यातायात प्रदूषण से मस्तिष्क में अल्जाइमर प्लाक होने की संभावना पृष्ठ 10

# कासगंज में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 23 की मौत

■ माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे ■ मरने वालों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं शामिल

**कासगंज,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में शनिवार को अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली के तालाब में गिरने से हुए हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इस हादसे में घायल हुए लोगों का इलाज जारी है। जबकि, शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी राकेश पटेल ने बताया कि एटा जिले के निवासी माघ पूर्णिमा के मौके पर गंगा स्नान के लिए निकले थे। दरियावगंज पटियाली कासगंज के पास ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। पानी में डूबने से 23 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 13 महिलाएं, 9 बच्चे और





एक पुरुष शामिल हैं। मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख और घायलों को 50-50 हजार की धनराशि प्रदान की गई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई थी। पहले राहगीर इकट्ठे हुए और फिर ग्रामीणों की भीड़ जुटी। करीब आधा घंटा बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी फोर्स के साथ पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। जाल डालने के साथ ही पुलिस, पीएसी और प्राइवेट गोताखोर तालाब में उतारे गए। आसपास के ग्रामीण भी राहत कार्य में जुटे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कासगंज में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी घायलों के समुचित नि:शुल्क उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

प्रियंका गांधी ने योगी सरकार पर साधा निशाना

# परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर कब चलेगा बुलडोजर

**मुरादाबाद,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पार्टी सांसद राहुल गांधी ने मुरादाबाद में कहा कि देश में जात-मजहब, भाषा के नाम पर नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है। हम देश का आपसी सौहार्द खत्म नहीं होने देंगे और नफरत के माहौल को मोहब्बत से बदल देंगे। न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि आखिर पुलिस भर्ती या अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर बुलडोजर कब चलेगा? श्री गांधी ने मुरादाबाद उपस्थित लोगों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि पिछड़ों और दलितों को इस सरकार में न्याय नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उद्योगपति



राहुल बोले, देश में नफरत के माहौल को मोहब्बत में बदल देंगे

अडानी, गृहमंत्री अमित शाह का नाम लिए बगैर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें से एक ध्यान भटकाता है, दूसरा जेब काटता है और तीसरा डंडा दिखाता है। अग्निवीर योजना के पीछे भी उद्योगपति को फायदा पहुंचाने का मकसद छिपा है। देश के 90 फीसदी आबादी का राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए जाति जनगणना होना जरूरी है। कांग्रेस नेता ने ऐसे समय लोगों से जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपको कहा जाता है कि भाइयों और बहनों एक दूसरे से नफरत करो, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाया जाता है, एक जात को दूसरी जात से लड़ाया जाता है, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाया जाता है, फिर आपका धन विभिन्न तरीकों से 24 घंटे में लूटा जाता है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बड़े बड़े पोर्ट, एयरपोर्ट, हिमाचल के सेब, हथियार निर्माण किसको दे दिए गए है? 90 फीसदी आबादी के नौजवानों का रास्ता बंद करना के लिए अग्निवीर योजना लाई गई है।

## सार संक्षेप

### नीतीश कुमार के मन में खोट था : तेजस्वी यादव



**पटना/गया।** जन विश्वास यात्रा के तहत शनिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव गया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार के मन में खोट होने का आरोप लगया। गया के गांधी मैदान में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जो भरोसा और प्यार आरजेडी पर जताया था इसके लिए वह आभारी हैं। तेजस्वी ने कहा कि हम आपका विश्वास लेने आए हैं। तेजस्वी आपके लिए मर-मिटने को तैयार रहेगा। नया बिहार बनाना है।

### मराठों ने आरक्षण आंदोलन किया तेज, जाम लगाया



**जालना।** शिवबा संगठन के प्रमुख मनोज जारांगे-पाटिल ने शनिवार को जालना, छत्रपति संभाजीनगर, सोलापुर और राज्य के अन्य हिस्सों में सड़क जाम कर मराठा आरक्षण के लिए चल रहे आंदोलन को तेज कर दिया। जारंगे-पाटिल के आह्वान पर, बड़ी संख्या में मराठा मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे सहित प्रमुख सड़कों पर बैठ गए और सुबह 10.30 से यातायात अवरुद्ध कर दिया। यह सुनिश्चित करते हुए कि एचएससी बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्रों को कोई असुविधा न हो, कार्यकर्ताओं ने बैनर, पोस्टर ले रखे थे और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए और पूर्ण मराठा आरक्षण की मांग की।

### कुख्यात गोगी गिरोह का शार्पशूटर पकड़ा गया



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ रुपये की रंगदारी के लिए एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोलीबारी करने में शामिल गोगी गिरोह के मुख्य शार्पशूटर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के कराला निवासी अंकित उर्फ विशाल उर्फ यमराज (23) के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि दिल्ली क्षेत्र में जबरन वसूली, हत्या और हत्या के प्रयास की कई घटनाएं हुई हैं और गोगी गिरोह को संभालने वाले योगेश टुंडा-दिनेश कराला ने आम जनता के बीच कहर और अशांति पैदा की है।

गृह मंत्रालय ने शनिवार को जारी कर दी अधिसूचना

# एक जुलाई से लागू होंगे तीनों आपराधिक कानून

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। आपराधिक न्याय व्यवस्था से संबंधित तीनों नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

■ शीतकालीन सत्र के दौरान संसद द्वारा पारित किए गए थे

2023,भारतीय न्याय संहिता 2023और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आगामी एक जुलाई से लागू होंगे। गृह मंत्रालय ने शनिवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की पहली अनुसूची में शामिल धारा 106(2) से संबंधित प्रविष्टि के प्रावधानों पर फिलहाल रोक लगा दी है । अधिसूचना में कहा गया है, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार धारा 106 की उप-धारा (2) के प्रावधान को छोड़कर उक्त संहिता को एक जुलाई 2024 से पूरी तरह लागू करेगी। गौरतलब है कि मोटर्स ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने भारतीय न्याय संहिता की धारा





**भारतीय न्याय संहिता में हुए बदलाव**

- भारतीय न्याय संहिता में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं।
- ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, हिट एंड रन, मॉब लिंचिंग पर सजा का प्रावधान।
- डॉक्यूमेंट में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड शामिल हैं।
- आईपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है।
- 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है।
- 83 अपराधों में जुर्माने की सजा बढ़ा दी गई है।
- छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

106(2) पर आपत्ति जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें हिट-एंड-रन मामले में 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। सरकार ने हालांकि ,कई बैठकों के बाद आश्वासन दिया था कि इस धारा को लागू करने पर निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के साथ चर्चा के बाद ही होगा। आपराधिक कानूनों को निरस्त करने और प्रतिस्थापित करने वाले तीन संशोधित विधेयक दिसंबर, 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद द्वारा पारित किए गए थे।

# चार राज्यों में कांग्रेस-आप का गठबंधन

■ दिल्ली में चार सीटों पर आप, तीन पर लड़ेगी कांग्रेस ■ गुजरात में दो व हरियाणा में एक सीट पर लड़ेगी आप ■ दोनों दलों ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, इंडिया गठबंधन में सीटों के बटवारे को लेकर फंसा पेंच सुलझता दिखाई पड़ने लगा है। इसी तहत शनिवार को

**दिल्ली में कांग्रेस लड़ेगी**

- चांदनी चौक
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली
- उत्तर पश्चिम दिल्ली

**दिल्ली में आप लड़ेगी**

- नई दिल्ली
- दक्षिणी दिल्ली
- पश्चिमी दिल्ली
- पूर्वी दिल्ली

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीटों के बंटवारा हों गया। चार राज्यों दिल्ली, गुजरात,हरियाणा और गोवा के लिए गठबंधन पर सहमति बन गई, जबकि पंजाब में दोनों दल आमने-सामने होंगे। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर हॉल में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के तहत इसकी घोषणा की गई। कांग्रेस की तरफ से इसमें मुकुल वासनिक, दीपक बावरिया और अरविंदर सिंह लवली ने हिस्सा लिया। जबकि आम आदमी पार्टी की ओर से संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी सिंह मौजूद रहीं। कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने कहा





> भाजपा ने आज जिस तरह की परिस्थितियां पूरे देश में खड़ी की है, यह देश के लोकतंत्र के लिए चुनौती है : **मुकुल वासनिक, कांग्रेस नेता**

> भाजपा एक-एक कर देश की सारी संस्थाओं को खत्म कर रही है। आज देश को एक ईमानदार व मजबूत विकल्प की जरूरत है: **डॉ संदीप पाठक आप नेता**


कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियों के बीच सीटों के समझौते को लेकर लगातार बातचीत चल रही थी। लंबी चर्चा के बाद अब इस पर सहमति बन गई है। वहीं आप सांसद संदीप पाठक ने कहाकि आज लोकतंत्र जिस हालात में गुजर रहा है,उसमें चुनावों की चोरी हो रही है। ऐसे में देश को एक ईमानदार और मजबूत विकल्प की जरूरत है। गठबंधन में आने का मतलब देश बचाना है। इस चुनाव को इंडिया गठबंधन लड़ेगा और भाजपा को शिकस्त देगा। समझौते के मुताबिक, कांग्रेस दिल्ली की 3 लोकसभा सीट चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिम दिल्ली से अपने उम्मीदवार उतारेगी।

### पंजाब में आमने-सामने होंगे दोनों दल

इसके अलावा गुजरात की 26 सीटों में से दो भावनगर और भरूच में आम आदमी पार्टी अपनी किस्मत आजमाएगी। हरियाणा की 11 लोकसभा सीटों में आम आदमी पार्टी को एक सीट कुरुक्षेत्र दी गई। बाकी 9 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि पंजाब में बात नहीं पाई है। यहां दोनों दल एक-दूसरे के आमने सामने होंगे।

दिल्ली-एनसीआर के लोगों को मिली बड़ी राहत

# अस्थाई तौर पर खोले गए सिंघु और टिकरी बॉर्डर





**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। शनिवार शाम होते-होते दिल्ली के सिंघु और टिकरी बॉर्डर से राहत भरी खबर आई है। दरअसल किसानों के दिल्ली कूच के कारण दोनों बॉर्डर को किले में तब्दील कर दिया गया था। जिसे आज शाम को अस्थाई तौर पर खोल दिया गया है। पुलिस ने सड़क पर एक तरफ से आवाजाही शुरू करवा दी है। बता दें कि किसान आंदोलन के

**किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील कर दिया था**

कारण बॉर्डर को सील कर दिया गया था। जिसकी वजह से वहां से लोगों को बॉर्डर पार करने में काफी मुश्किल हो रही थी। गाड़ियों को कुछ किलोमीटर पहले ही रोक दिया जाता था। ऐसे में अब आज शाम को बॉर्डर के खुलने से दिल्ली के लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि किसानों ने शुक्रवार को ही ऐलान किया था कि वो 29 तक दिल्ली कूच नहीं करेंगे।

### किसानों ने 29 तक टाला दिल्ली मार्च

**चंडीगढ़।** किसान यूनियनों और केंद्र सरकार के बीच गतिरोध जारी रहने के बीच आंदोलनकारी किसान अगली रणनीति 29 फरवरी को तय करेंगे। उन्होंने 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल स्थगित कर दिया है। किसान नेताओं ने शुक्रवार को यह घोषणा की। किसान यूनियन नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह दल्लेवाल ने खानुआरी सीमा पर मीडिया को बताया कि किसान हालांकि अंतर्राज्यीय सीमाओं पर डेरा डाले रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ में 34,400 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू

प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 34,400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने आज यहां वर्चुअल कार्यक्रम में 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में सड़क, रेलवे,

■ मोदी बोले, आधुनिक बुनियादी ढांचे से विकसित छत्तीसगढ़ की नींव मजबूत होगी

कोयला, बिजली और सौर ऊर्जा क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लाखों परिवारों को शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि युवाओं, महिलाओं, गरीबों और किसानों के सशक्तीकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा तथा आधुनिक बुनियादी ढांचे से विकसित छत्तीसगढ़ की नींव मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया जा रहा है, वे छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नए अवसर पैदा करेंगे।

# असम सरकार ने मुस्लिम विवाह अधिनियम निरस्त किया

**गुवाहाटी,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। असम सरकार ने राज्य में निवासरत मुस्लिम नागरिकों के विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का निर्णय लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में दिसपुर के लोक सेवा भवन में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया।



**तलाक के पंजीकरण से जुड़ा 89 साल पुराना था कानून**

श्री सरमा ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा , पुराने अधिनियम में विवाह पंजीकरण की अनुमति देने वाले प्रावधान शामिल थे, जिसमें भले ही युवक-युवती विवाह के लिए 18 और 21 वर्ष की कानूनी उम्र तक नहीं पहुंचे हों। यह कदम असम में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

कार्रवाई | *मुख्यमंत्री ने छह माह के भीतर दोबारा भर्ती कराने के निर्देश दिए*

# उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त

**लखनऊ, 24 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 6 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है।

जारी आदेश के मुताबिक गत 17 व 18 फरवरी को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार



■ आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

पर शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए है कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का निर्णय लिया है, दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छ: माह के अन्दर पूर्ण शुचिता के साथ पुन: परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा – 2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक ने आदेश भी जारी कर दिया है।

# देश

उवाच

"हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती, किसानों की जायज मांगों का हर हाल में हल निकलना चाहिए। किसी भी समस्या का हल बातचीत से ही संभव है। इस मुद्दे पर सरकार और किसानों के बीच बातचीत बंद नहीं होनी चाहिए।

–जयंत चौधरी, रालोद अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 11.0 |
| मुंबई | 28.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होना युवाओं की जीत : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष

■ **अधिकारी व अपराधी के बीच मिलीभगत का लगाया आरोप**

अखिलेश यादव ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द करने को युवाओं की जीत बताया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार है। पहले तो भाजपाई कह रहे थे कि पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब है अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी।

लेकिन, तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच सब समझने लगे हैं। यह बातें शनिवार को जिले की पूर्व सांसद रूआब सईदा को श्रद्धांजलि देने पंहुचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख



**भाजा नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगारों के साथ खेल रही है उसका सच समझने आने लगा है : अखिलेश यादव**

अखिलेश यादव ने पुलिस लाइन पर मीडिया से बात करते हुए कही। अखिलेश यादव शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम से करीब पौन घंटे देर से करीब पौने एक बजे निजी हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर पहुंचे। यहां से वह सीधे पूर्व मंत्री यासर शाह के काजीपुरा मोहल्ला स्थित आवास पर जाकर उनकी माता व जिले की पूर्व सांसद रूआब सईदा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री यासर व उनकी पत्नी मटेरा विधायक मारिया शाह का ढांढस बंधाया। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान, पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी रमेश गौतम समेत अन्य पार्टी नेताओं से मुलाकात कर सभी का कुशलक्षेम पूछा। राष्ट्रीय अध्यक्ष इसके बाद सीधे पार्टी के वरिष्ठने ता भगतराम मिश्रा के आवास पर पंहुचकर यहां भोजन किया।

## किसानों के आंदोलन का किया समर्थन

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में चल रहे किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और पीडीए किसानों के साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। अखिलेश ने कहा कि आज देश का किसान अपने हक और अधिकारी को लेकर सड़कों पर बैठा आंदोलन कर रहा है। सरकार किसानों की बात सुनने के बजाए उनके ऊपर गोली, आंसू गैस व लाठी चलवा रही है। समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ती आ रही है। आगे भी लड़ती रहेगी।

**सरकार की मंशा युवाओं को नौकरी देने की नहीं**

अखिलेश यादव ने कहा कि दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपए की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना, फिर निरस्त करने का नाटक करना, ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है, कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे, लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष यादव सीधे पुलिस लाइन पंहुचकर मीडियाकर्मियों से मुलाकात कर कहा कि सरकार की नीयत ही नहीं थी कि युवाओं को नौकरी मिले। अगर नीयत होती तो जब सरकार की लापरवाही से पहला पेपर लीक हुआ था, उसी समय सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए था।

# मध्य प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे अमित शाह

**भोपाल,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को एक दिवसीय मध्य प्रदेश यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों के मद्देनजर बैठकें करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शाह रविवार सुबह दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर ग्वालियर पहुंचेंगे। शाह ग्वालियर में ग्वालियर और चंबल क्लस्टर की प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर लोकसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश पार्टी नेताओं को देंगे। इसके बाद अमित शाह खजुराहो पहुंचकर वहां पर लोकसभा बूथ समिति सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सूत्रों ने कहा कि शाह इस बैठक के बाद विशेष विमान से भोपाल आएंगे। वे भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे और अपना संबोधन देंगे। इसके बाद वे विशेष विमान से वापस रवाना हो जाएंगे। मध्य प्रदेश में भाजपा ने इस बार सभी 29 सीटों पर पार्टी का परचम लहराने का लक्ष्य रखा है। पिछले चुनाव में उसने छिंदवाड़ा को छोड़कर शेष 28 सीटों पर विजय हासिल की थी।



# कश्मीर में आतंकवादी मामले में चार अचल संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़े, नार्को-आतंकवाद मामले में शामिल आरोपियों की चार अचल संपत्ति को कुर्क किया और करीब 2.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए।

एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा तहसील में चार आरोपियों की संपत्तियां कुर्क की गईं। कुर्क की गई संपत्तियों में से अफाक अहमद वानी का दो मंजिला घर, मुनीर अहमद पांडे का एक मंजिला घर, सलीम अंद्राबी का घर और इस्लाम उल हक का दो मंजिला घर शामिल है। इस मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 15 लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। एजेंसी ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा के तहत कुल 2.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए। दरअसल, एनआईए की





■ **एनआईए की बड़ी कार्रवाई में 2.27 करोड़ रुपए जब्त**

जम्मू शाखा में 2020 में दर्ज मामला हंदवाड़ा-कुपवाड़ा क्षेत्र में सक्रिय लश्कर और एचएम द्वारा हिंसक आतंकी गतिविधियों को वित्त पोषित करने के लिए मादक दवाओं की आय के उपयोग से संबंधित है।

हंदवाड़ा उप जिले के लंगेट इलाके में वाहनों की जांच के दौरान एक काले बैग और बड़ी संख्या में करीब पांच सौ मूल्यवर्ग के भारतीय मुद्रा नोटों की बरामदगी के बाद मामला दर्ज किया गया था।

## तलाशी के दौरान 21 किग्रा हेरोइन की जब्त

एनआईए ने कहा कि विभिन्न आरोपियों के घरों में शुरुआती तलाशी के दौरान 21 किलोग्राम हेरोइन के अलावा बड़ी मात्रा में नकदी सहित विभिन्न आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। आतंकवाद विरोधी एजेंसी कश्मीर में आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए अपने निरंतर प्रयास जारी रखे हुए है। हंदवाड़ा के लंगेट इलाके में वाहनों की जांच के दौरान एक काले बैग और 500 रुपए मूल्यवर्ग के कई भारतीय मुद्रा नोटों की बरामदगी के बाद मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने कहा कि यह जब्ती बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली सफेद क्रेटा कार से की गई। कार के ड्राइवर अब्दुल मोमिन पीर से प्रारंभिक पूछताछ में नार्को-आतंकवाद सांठगांठ के बारे में खुलासे हुए, जिसके बाद एनआईए ने विस्तृत जांच शुरू की।

## सार संक्षेप

### मिजोरम का दौरा करेंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार 26 फरवरी को मिजोरम के एक दिवसीय दौरे पर होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार धनखड़ इस दौरे में आइजोल में मिजोरम विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वह आइजोल में मिजोरम की नौंवी विधानसभा को भी संबोधित करेंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक अपने एक दिवसीय प्रवास में श्री धनखड़ आइजोल में राजभवन भी जाएंगे।

### बंगाल के एक गोदाम में लगी भीषण आग

**बर्दवान।** पश्चिम बंगाल में बर्दवान के जमुरिया में शनिवार को फोम से भरे गोदाम में भीषण आग लगने से पूरा सामान जलकर खाक हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आग सुबह करीब छह बजे के आसपास ड्रीम पॉली पैक फैक्ट्री में भीषण आग लगी, जिसमें रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से किसी के हताहत होने के सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, आग लगने के पीछे का कारण शॉर्ट-सर्किट हो सकता है।

### आरटीओ बैरियर पर हो रही अवैध वसूली : पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य में अन्य प्रदेश की सीमाओं पर बने आरटीओ बैरियर पर व्यापक पैमाने पर अवैध वसूली होने का आरोप लगाते हुए सरकार से इस पर रोक लगाने की मांग की है। पटवारी ने इस संबंध में मीडिया में आईं खबरों का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है, मध्य प्रदेश की सीमाओं पर बने आरटीओ बैरियर अवैध वसूली के अड्डे हैं। जावरा नयागांव बैरियर की तरह ही सेंधवा बैरियर में भी ट्रकों से हर माह 31.50 करोड़ की उगाही हो रही है। दस्तावेज हो या नहीं, यहां तैनात जिम्मेदारों को इससे फर्क नहीं पड़ता। पैसा नहीं तो प्रवेश नहीं।

### झारखंड में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक शादी समारोह में हिस्सा लेकर घर लौट रहे थे। घटना गुमला जिले के टोंटो पेट्रोल पंप के सामने की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक बाइक पर सवार थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर वाहन से टकरा गयी। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में गुमला के टोटो दारटोली निवासी चीकू गोप, केसीपारा गांव का इंद्रजीत और एक अन्य युवक शामिल हैं।

# नीतीश ने 115 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण

**बेगूसराय,** 24 फरवरी (एजेंसियसां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बेगूसराय जिले के सिमरिया धाम स्थल के विकास



और सौंदर्यीकरण की 115 करोड़ रुपए की लागत की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। गंगा नदी के किनारे अवस्थित सिमरिया धाम के निकट सीढ़ी घाट, धर्मशाला, पार्क का निर्माण, स्नान घाट एवं चेंजिंग रूम, धार्मिक अनुष्ठान हेतु मंडप निर्माण एवं गंगा आरती के लिए निर्धारित स्थल, घाट के समानांतर स्नान के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग, शेडेड कैनोपी, वॉच टावर, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था एवं लैंड स्केपिंग सहित अन्य सौंदर्गीकरण कार्य किया गया है। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने सिमरिया घाट का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखंड अंतर्गत उत्तरवाहिनी गंगा नदी के बाएं तट पर अवस्थित सिमरिया घाट प्राचीन काल से ही आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से प्रसिद्ध रहा है। सिमरिया स्थल को वैदिक काल से ही कुंभ स्थली एवं कल्पवास के लिए महत्त्वपूर्ण स्थान होने का गौरव प्राप्त है, जहां कार्तिक माह में प्रतिवर्ष कल्पवास मेला लगता है। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012 में कल्पवास मेले को राजकीय मेले के रूप में घोषित किया गया है।

असम में मुस्लिम विवाह कानून खत्म करने पर बरसे एआईयूडीएफ विधायक

# सरकार में यूसीसी लागू करने की हिम्मत नहीं

**गुवाहाटी,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। असम सरकार के मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून खत्म करने के फैसले पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। एआईयूडीएफ के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल सरकार के इस फैसले की आलोचना कर चुके हैं। अब विधायक रफीकुल इस्लाम ने सरकार को लगभग चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार में समान नागरिक संहिता लागू करने की हिम्मत ही नहीं है, सरकार ऐसा नहीं कर सकती। असम सरकार ने शुक्रवार रात हुई कैबिनेट की बैठक में मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून खत्म करने का फैसला किया। सरकार का कहना है कि इससे बाल विवाह को रोकने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार के मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने दावा किया है कि ये यूसीसी की दिशा में अहम कदम है। एआईयूडीएफ के विधायक डॉ. रफीकुल इस्लाम ने राज्य सरकार के मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून खत्म करने के फैसले पर कहा कि इस



**संविधान में मिले अधिकार को नहीं हटा सकती सरकार : रफीकुल इस्लाम**

सरकार में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की हिम्मत ही नहीं है। वे ऐसा कर ही नहीं सकते। ये उत्तराखंड में जो लाए हैं, वह यूसीसी नहीं है। ये असम में भी यूसीसी लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वे असम में ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि असम में विभिन्न जातियों और समुदायों के लोग रहते हैं। भाजपा समर्थक खुद इन प्रथाओं का पालन करते हैं। चुनाव आ रहे हैं...और ये सिर्फ मुस्लिमों को निशाना बनाने की रणनीति है। असम कैबिनेट के पास अधिकार ही नहीं है कि वे संविधान में मिले अधिकार में संशोधन कर सकें।

गौरतलब है कि असम सरकार ने राज्य में निवासरत मुस्लिम नागरिकों के विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का निर्णय लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में दिसपुर के लोक सेवा भवन में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सरमा ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, पुराने अधिनियम में विवाह पंजीकरण की अनुमति देने वाले प्रावधान शामिल थे, जिसमें भले ही युवक-युवती विवाह के लिए 18 और 21 वर्ष की कानूनी उम्र तक नहीं पहुंचे हों।

## यह पक्षपातपूर्ण फैसला : कांग्रेस

कांग्रेस नेता राशिद मंडल ने सरकार के फैसले पर कहा कि मैं अभी तक इसे विस्तार से नहीं देख पाया हूं, लेकिन यह एक पक्षपातपूर्ण फैसला है। सरकार यूसीसी की बात कर रही है और बहुविवाह पर प्रतिबंध की बात कर रही है, लेकिन सरकार ऐसा करने में असफल रहेगी। चुनाव से पहले ये हिंदू मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में लामबंद करने की कोशिश कर रही है। सरकार का कहना है कि ये (मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण) कानून अंग्रेजी शासनकाल का है और इससे बाल विवाह पर रोक लगेगी, लेकिन ये तथ्य नहीं है। ये कानून सिर्फ मुस्लिमों की शादियों को पंजीकृत करने के लिए है और यह भारत के संविधान के अनुरूप है। यह मुस्लिमों का पर्सनल लॉ है, जिसे हटाया नहीं जा सकता। हम अपनी पार्टी के नेताओं से चर्चा के बाद इस मामले पर अपनी बात रखेंगे।

# कितने लोकतांत्रिक हैं भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नई दिल्ली 24 फरवरी (एजेंसियां)। जब भी देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान किसी राजनीतिक पार्टी के व्यक्तित्व की दिया जाता है, अक्सर वह चर्चा का विषय बन जाता है। यूपीए की सरकार में खासकर ऐसा होता था और हो भी क्यों न क्योंकि कांग्रेस की सरकार में दिए जाने वाले अधिकतर नागरिक सम्मानों के लिए व्यक्तित्व प्रभावशाली नहीं बल्कि व्यक्ति का प्रभावशाली होना जरुरी था। लेकिन पिछले कुछ सालों में या कहें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नयी परंपरा की शुरुवात की है। जो हक़दार है सम्मान उसी को मिलेगा, चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का हो और वास्तव में होना भी यही चाहिए। राजनीतिक विश्लेषक एवं स्तंभकार अभिषेक गुप्ता के अनुसार कर्पूरी ठाकुर, चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना एक परिपक्व लोकतंत्र का सुन्दर उदहारण है, क्योंकि आम तौर पर सत्ताधारी पार्टियां किसी भी विपक्षी पार्टी के नेता को ऐसे सम्मान देने से बचती हैं, सीधे तौर पर बात करें तो यहाँ भेदभाव स्पष्ट रूप से दिखायी देता है। लेकिन मोदी सरकार इन जननायक राजनेताओं के राष्ट्र निर्माण में योगदान को सम्मानित किया है तो विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इनके मध्यम से लोकसभा चुनाव में बीजेपी एक बड़े वोट बैंक को साधने का प्रयास कर रही है, हालांकि यह बात कुछ हद तक सही भी लगती है।



नरेंद्र मोदी सरकार ने इस वर्ष पांच विभूतियों कर्पूरी ठाकुर, लालकृष्ण आडवाणी, चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का एलान किया है । बड़ी दिलचस्प बात यह है कि इन पांच में से चार शख्सियत राजनीतिक हैं, जबकि एमएस स्वामीनाथन एक कृषि वैज्ञानिक रहे हैं।अभिषेक गुप्ता कहते हैं कि इस बार भारत रत्न पुरस्कार की घोषणा में बड़ी बात यह है कि चार राजनीतिक हस्तियों में लालकृष्ण आडवाणी को छोड़कर तीन विपरीत विचारधारा और विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता रहे हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश और आंध्रप्रदेश के इन तीनों राजनेताओं के माध्यम से बीजेपी इन राज्यों के वोटरों और क्षेत्रीय पार्टियों को अपनी तरफ आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। कर्पूरी ठाकुर बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे, जिनका संबंध पहले कांग्रेस और बाद में लोक दल और जनता पार्टी से रहा । एक समय था जब बिहार में आरक्षण बढ़ाने के बाद उस समय की जनसंघ सरकार ने कर्पूरी ठाकुर की मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था इसलिए कर्पूरी ठाकुर का बीजेपी के साथ वैचारिक मतभेद हमेशा बना रहा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर सीधे आरोप लगते हुए कहा है कि कर्पूरी जी को भारत रत्न सम्मान के लिए नही बल्कि वोट बैंक की राजनीति के लिए दी गयी है, हालांकि इस बात में कुछ हद तक सच्चाई भी नजर आती है वे क्योंकि बड़ी संख्या में ओबीसी वोटरों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसका सीधा लाभ बीजेपी को मिलेगा। इसमें कोई संदेह नही है कि लोकसभा चुनाव से पहले कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान देकर पीएम मोदी ने आसपास के राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियों के वोट वैंक में भी सेंध लगाई है।

## झारखंड में पुलिस हिरासत में युवक की मौत पर बवाल

**रांची,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के रामगढ़ जिले में पुलिस हिरासत में दलित युवक अनिकेत भुइयां की मौत के 53 घंटे बाद शनिवार दोपहर उसके परिजन शव के अंतिम संस्कार को राजी हुए। परिजनों का आरोप है कि रामगढ़ थाने की पुलिस ने पीट-पीटकर अनिकेत की हत्या कर दी है। उनका कहना था कि जब तक पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हिरासत में मौत का मामला झारखंड विधानसभा में 23 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष एवं कई अन्य विधायकों ने उठाया था। इसके बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के अनुसार इसकी न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया है। अनिकेत को रामगढ़ की पुलिस 21 फरवरी को चोरी के कथित मामले में पूछताछ के लिए थाना लेकर आई थी। 22 फरवरी को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी कि अनिकेत ने थाना के हाजत में कंबल के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अभियर्थियों में हर्ष की लहर

नई दिल्ली 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के 60 हजार पदों पर भर्ती के लिए 17/18 फरवरी को हुई परीक्षा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरस्त कर 6 माह के भीतर दोबारा कराने का निर्देश दिया है। अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मुख्य मंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने भी परीक्षा निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। शासन ने छह माह के अंदर पूर्ण शुचिता के साथ पुन: परीक्षा आयोजित करने तहा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा अभियर्थियों को निशुल्क उपलब्ध करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी ,सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा 23 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। 5 साल के लंबे इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में ये भर्ती खुली थी और इसके बाद पेपर लीक होने की खबर से युवाओं में प्रबंधन और शासन को लेकर खासा रोष था। जिसके चलते युवा परीक्षार्थी हाथ में बुलडोजर का नमूना लेकर डीएम ऑफिस के बाहर जा पहुंचे थे और पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी ने डीएम ऑफिस के बाहर 'एक ही नारा एक ही नाम' री एग्जाम... री एग्जाम... नारा लगाया और दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की । अभ्यर्थियों ने मांग की कि नकल करने वाले गिरोह और उससे जुड़े लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों ने कहा कि अगली भर्ती के लिए हम लोगों की उम्र भी निकल जाएगी, इसलिए पेपर लीके के पीछे जो भी लोग हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। अभियर्थियों की ज्वलंत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुधीर चौधरी ने इस समस्या अपने कार्यक्रम ब्लैक एंड वाइट में जोर शोर से उठाया था । इस घोषणा पर विभिन्न अभियर्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हम सरकार के कृतज्ञ हैं कि उन्होंने हमारी समस्या को समझा और बेहतर विकल्प पेश किया। साथ ही विभिन्न अभियर्थियों ने कहा कि सुधीर चौधरी ने अपने कार्यक्रम ब्लैक एंड वाइट में हमारी समस्या जिस अंदाज में उठाया वो क़ाबिले तारीफ़ है । 60 हजार पदों पर भर्ती के लिए हुई परीक्षा में 50 लाख युवाओं ने हिस्सा लिया था , यानि एक पद के लिए लगभग 83 लोग लाइन में हैं।

परेशानी | *कश्मीर में दूसरे दौर की बर्फबारी बनी परेशानी का सबब*

# ऊंचे इलाकों में मौसम खुलने से हिमस्खलन का खतरा बढ़ा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 24 फरवरी (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी के बाद अब मौसम खुलने से हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। बांदीपोरा, गांदरबल, डोडा, पुंछ, किश्तवाड़, रामबन समेत छह जिलों में अगले 24 घंटे में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने इन इलाकों के लोगों।**

और पर्यटकों को एहतियात बरतने के निर्देश जारी किए हैं। कश्मीर में आवश्यक बर्फबारी का दूसरा दौर देखा जा रहा है, जबकि यह मैदानी इलाकों में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को प्रसन्न कर सकता है, लेकिन कश्मीर के ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में यह एक अलग कहानी है। उनके लिए, यह दुख लेकर आया है, कई लोगों को महत्वपूर्ण कठिनाइयों और स्वास्थ्य आपात स्थितियों का सामना करना पड़ा है। जम्मू



■ **स्वास्थ्य आपात स्थितियों का भी लोगों को करना पड़ रहा सामना**

कश्मीर पुलिस ने सेना के साथ मिलकर अब तक दो दर्जन महिलाओं को बचाया है, जिन्हें अस्पताल तक पहुंचने में मुश्किल हो रही थी क्योंकि या तो बर्फबारी के कारण सड़कें अवरुद्ध थीं या सड़क बहुत फिसलन भरी थी। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना गर्भवती महिलाओं को करना पड़ रहा है। ऐसी कई कथाएं हैं जो इन महिलाओं की परेशानियों को उजागर करती थीं। पिछले हफ्ते जम्मू कश्मीर पुलिस को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के हम्पथरी, डीके मराग के निवासी मशकूर अहमद मलिक से एक संकटपूर्ण काल मिली, जिसमें कहा गया था कि उनकी गर्भवती पत्नी गहरे प्रसव पीड़ा में है और उसे तुरंत प्रसूति अस्पताल में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। हुंपथरी एक सुदूर गांव है, जो जिला अस्पताल कुलगाम से लगभग 30 किलोमीटर दूर है।

गांव की ओर जाने वाली सड़क अभी भी पूरी तरह से चलने योग्य नहीं है। हर गुजरते समय के साथ, मलिक और उनका परिवार चिंतित हो गया। सड़क फिसलन भरी थी और परिवार उसे अस्पताल ले जाने में असमर्थ था। कुछ देर बाद कुलगाम की पुलिस पार्टी मौके पर पहुंची और बर्फबारी के बीच महिला को अस्पताल पहुंचाया। इसी तरह के एक अन्य आप्रेशन में, 4 फरवरी को रात लगभग 10.30 बजे, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा के विलगाम गांव के आर्मी कैंप को मुश्ताक अहमद गागी का फोन आया। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सफ़ूरा बेगम को तीव्र प्रसव पीड़ा हो रही थी और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। गागी बताते थेकि उनकी पत्नी अपनी गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में थी और उसे तुरंत प्रसूति अस्पताल में स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी।

हालांकि, भारी बर्फबारी के कारण सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई थी। सेना के एक बयान के अनुसार, सेना ने स्थिति की तात्कालिकता को पहचानते हुए तुरंत आर्मी कैंप काक्रोसा से एक बचाव दल और डाक्टरों को बुलाया।

उल्टा पुल्टा

महिला : मेरा वेट कैसे कम होगा?
डॉक्टर : अपने गर्दन को दाएं बाएं हिलाएं।
महिला : किस समय?
डॉक्टर : जब कोई खाने को पूछे।

# सदन के पटल पर जल्द दिल्ली का बजट रखें सरकार : उप राज्यपाल

■ उपराज्यपाल ने केजरीवाल को लिखा पत्र ■ राष्ट्रपति ने 19 फरवरी को दे दी थी अपनी मंजूरी



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार को जल्द बजट सदन के पटल पर रखने को कहा है। इसे लेकर एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र भी लिखा। अपने पत्र में एलजी ने कहा कि 19 फरवरी को ही राष्ट्रपति ने इसे अपनी मंजूरी दे दी थी। बावजूद इसके बजट को सदन के पटल पर नहीं रखा गया। एलजी ने अपने पत्र में लिखा कि मंत्रिपरिषद की सलाह पर 15 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र को संबोधित किया था। इसमें आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और नए क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी थी। साथ ही सदन को आश्वासन दिया था कि वित्त मंत्री अपने बजट भाषण में विस्तार से जानकारी देंगी। लेकिन बजट प्रस्तुत करने की जगह वित्त मंत्री ने बताया कि वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) की प्रस्तुति में दिल्ली सरकार ओर से इसे अंतिम रूप देने में देरी होगी। साथ ही गृह मंत्रालय से मंजूरी हासिल करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होगी। जबकि सूचना मिली है कि 19 फरवरी से यह सरकार के पास उपलब्ध है और अभी तक उपराज्यपाल कार्यालय में नहीं पहुंचा। उसके बाद स्थापित विधि के अनुसार सदन में रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के आयोजन से पूर्व सरकार ने बताया था कि बजट सत्र 15 से 21 फरवरी तक होगा। इसे लेकर कैबिनेट ने 31 जनवरी को फैसला लिया था। इसे लेकर दो फरवरी को एलजी हाउस में फाइल आई थी। छह जनवरी को इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया। वहीं उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की पांच रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा की पटल पर रखने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। इस संबंध में दिल्ली सरकार ने जल्द ही सदन के पटल पर रिपोर्ट रखने की बात कही है। पत्र में उपराज्यपाल ने कहा है कि पांचों रिपोर्ट लंबे समय से दिल्ली सरकार के पास लंबित हैं। मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और दिल्ली सरकार जल्द इस पर कदम उठाएं। संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत उपराज्यपाल का यह सांविधानिक दायित्व है कि वह कैग की रिपोर्ट को विधानसभा के समक्ष रखकर सार्वजनिक करें।

### वार्षिक वित्तीय विवरण बजट एलजी सचिवालय को 13 फरवरी को प्राप्त हुआ

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) एलजी सचिवालय को 13 फरवरी को प्राप्त हुआ। 14 फरवरी को राष्ट्रपति के पास भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 15 फरवरी को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को भेजा गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने तीन कार्य दिवसों के भीतर 19 फरवरी को अपनी मंजूरी दे दी। उसके बाद से यह फाइल दिल्ली सरकार के पास रुकी हुई है। एलजी ने कहा कि दिल्ली वालों के लाभ के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) को जल्द विधानसभा में रखा जाना चाहिए और पारित किया जाए।

# विश्वविख्यात पेंटर महेश को अब मिला वीएचपी का साथ



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। संपूर्ण रामायण पर आधारित दुनिया की पहली एवं अनूठी पेंटिंग को लेकर विश्वविख्यात पेंटर महेश वैष्णव को बधाइयां एवं शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। लेकिन इस कड़ी में शनिवार का दिन महेश वैष्णव के लिए जीवन भर यादगार बन गया। जब हिंदुत्व के मजबूत हस्ताक्षर एवं विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल का महेश वैष्णव के घर आगमन हुआ। दिल्ली के गौतम नगर में महेश वैष्णव के घर पहुंचकर विनोद बंसल ने जब संपूर्ण रामायण पर बनी इस अनूठी पेंटिंग को देखा तो इस पेंटिंग को देखते रह गए। इस पेंटिंग को देखने के बाद विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि यह प्रभु राम की इच्छा थी जिसके कारण मुझे इस अनूठी पेंटिंग को देखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि आज मैं अयोध्या जा रहा हूं, उससे पहले इस पेंटिंग को देखना अद्वितीय अनुभव है। खूबसूरत एवं अनूठी पेंटिंग के लिए मैं महेश वैष्णव उनकी पूरी टीम एवं उनके परिवार को अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। मुझे उम्मीद है की महेश वैष्णव इसी तरह से सनातन धर्म की मजबूती के लिए आगे और काम करते रहेंगे। इस अवसर पर महेश वैष्णव ने आदरणीय विनोद बंसल जी से आग्रह किया कि जल्द ही विश्व हिंदू परिषद के मुखिया आदरणीय आलोक कुमार का भी उन्हें स्नेह एवं सानिध्य मिले। विनोद बंसल ने भरोसा दिलाया कि अयोध्या यात्रा से लौटने के बाद आदरणीय आलोक कुमार से इस बाबत ज़रूर बात करेंगे।

# दिल्ली में 11 लाख परिवारों को आ रहे पानी के गलत बिल : केजरीवाल



■ जिनके बिल गलत आ रहे हैं, उन्हें पैसे देने की जरूरत नहीं
■ दिल्लीवालों को केजरीवाल ने दिलाया भरोसा

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को गोविंदपुरी का दौरा किया। उन्होंने गोविंदपुरी में पानी बिल के मुद्दे पर निवासियों से मुलाकात की। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि जिनके पुराने बिल गलत आ रहे हैं उनके बिल सही करने के लिए हम योजना लेकर आए हैं। एलजी भाजपा के हैं। भाजपा के लोगों ने उनसे कहा कि योजना बंद कर दो, ये गलत है। भाजपा को यह नहीं करना चाहिए, भाजपा की दुश्मनी आम आदमी पार्टी से है, केजरीवाल से है।

दिल्ली की जनता से वे दुश्मनी क्यों निकाल रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है, कोरोना काल में कई महीनों तक रीडिंग नहीं ली गई। ऑफिस में बैठकर फर्जी रीडिंग भर दी। इसकी वजह से गलत बिल आने लगे और जनता ने बिल नहीं चुकाए। ब्याज इस पर चार्ज लगाया गया और अब बिल लाखों में पहुंच गया है। दिल्ली भर में करीब 11 लाख परिवारों को गलत बिल आ रहे हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि जिनके पुराने बिल गलत आ रहे हैं, उनके पुराने बिल सही करने के लिए हम एक योजना लेकर आए हैं। हमारा अनुमान है कि इससे 95 प्रतिशत बिल जीरो हो जाएंगे। जिनके बिल गलत आ रहे हैं, उन्हें पैसे देने की जरूरत नहीं है, बस फाड़कर फेंक दो, मैं ठीक करवा दूंगा। एलजी भाजपा के हैं। भाजपा के लोगों ने एलजी से कहा कि योजना बंद करो। ये गलत है।

## सार संक्षेप

### यूएसपीए ने पद्मनाभ सिंह पाचो को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड स्टेट्स पोलो एसोसिएशन यूएसपीए के आधिकारिक ब्रांड, यूएस पोलो एसोसिएशन ने जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह पाचो को अपना नया वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर के राजवंश के सदस्य हैं और वर्तमान में जयपुर के महाराजा भी हैं। एक पेशेवर पोलो खिलाड़ी, सिंह भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए खेले है और कप्तान की भूमिका भी निभाई है और अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चिली, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में होने वाली टूर्नामेंट में भाग लिया है। पांचो की पोलो के खेल के प्रति जुनून और उत्साह ने इसे मैदान के बाहर लोकप्रिय बनाने में मदद की है, और आज जयपुर में होने वाले टूर्नामेंट ने दुनिया भर से दर्शकों को आकर्षित किया हैं। राजस्थान पोलो क्लब के शाही संरक्षण से, सिंह इस अद्वितीय और ऐतिहासिक खेल को समर्थन देने के उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं। पद्मनाभ सिंह जयपुर के महाराजा ने कहा कि मेरे देश भारत में इतनी प्रसिद्ध और सम्मानित ब्रांड यू.एस. पोलो एसोसिएशन के ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में चुना जाना एक सम्मान की बात है, जो पोलो खेल के प्रति इतना विश्वसनीय है।

### दिल्ली एयरपोर्ट से ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 30 वर्षीय अंतरराज्यीय ड्रग्स सप्लायर को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। वह पिछले एक साल से फरार था और कनाडा भागने की फिराक में था। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर के रहने वाले कंवरबीर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) आलोक कुमार ने कहा कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक ड्रग तस्कर पिछले एक साल से फरार चल रहा है। आरोपी को अंतरराज्यीय मादक पदार्थों का तस्करी करने के मामले में सरगना के रूप में चिन्हित किया गया है। 18 फरवरी को उनके दो सहयोगियों रणबीर सिंह उर्फ टिंकू और लोयंगम्बा इटोचा को भी गिरफ्तार किया गया था और अफीम बरामद की गई थी, जो उन्होंने मणिपुर में एक दवा आपूर्तिकर्ता से खरीदी थी। डीसीपी ने बताया, जैसे ही जानकारी मिली की कंवरबीर सिंह नौकरी की तलाश में कनाडा जा सकता है, तो पुलिस ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। यही नहीं, आरोपी के खिलाफ सर्कुलर भी जारी किया गया था। डीसीपी ने बताया कि पढ़ाई के बाद उसने अपने चचेरे भाई के होटल में शेफ की नौकरी शुरू की। यहां पर कुछ शरारती तत्वों के संपर्क में आ गया, जिसके बाद उसने पैसे कमाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति शुरू कर दी। कंवरबीर आगे चलकर कंवलदीप सिंह उर्फ छोटू सरदार के संपर्क में आया और दिल्ली, पंजाब और असम में ड्रग्स की आपूर्ति करने लगा।

### दिल्ली मेट्रो में भिड़ीं दो लड़कियां थप्पड़ जड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में दो लड़कियां सीट को लेकर एक दूसरे से भीड़ गईं। दोनों के बीच काफी बहस हुई, नौबत मारपीट तक आ गई। इतना ही नहीं धमकी तक देने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक सीट के पास दो लड़कियां खड़ी हैं। एक महिला सीट के पास खड़े होकर अंग्रेजी में कहती है कि हाउ डेयर यू टच मी। इससे पहले ही दोनों के बीच बहस होती है और एक दूसरे को धक्का दे देती हैं। पहली लड़की जवाब में थप्पड़ मार देती है और इतना ही नहीं टांग अड़ाकर गिराने की कोशिश भी करती है। लेकिन दूसरी लड़की पलटवार करते हुए मारती है।

# मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दे सरकार : इकबाल सिंह

## नैतिक जिम्मेदारी लेकर घटना से संबंधित वैटरनरी विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई करे महापौर



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह एवं दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने शनिवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि खानपुर वार्ड में लावारिस गाय के द्वारा एक नवयुवक को मारा जाना अरविंद केजरीवाल शासित दिल्ली नगर निगम एवं महापौर डा. शैली ओबरॉय की लापरवाही और नाकामी का परिणाम है। भाजपा इस घटना की कड़ी निंदा करती है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता अजय सहरावत एवं खानपुर से निगम पार्षद ममता यादव भी उपस्थित थी जिन्होंने कहा की मैंने गत एक साल में अनेक बार वार्ड में आवारा पशुओं का मामला उठाया पर निगम प्रशासन ध्यान नही देता। सरदार राजा इकबाल सिंह ने मृतक परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि निगम के अंदर आम आदमी पार्टी के आते ही भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है और जनता के अंदर रोष की भावना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर गौशालाएं दिल्ली सरकार चलाती है और निगम चुनाव से पूर्व अरविंद केजरीवाल ने लावारिस गायों एवं सांडों को गोशालाओं में स्थानांतरित करने का वादा किया था पर आज तक कोई कार्रवाई नही की है और आज हमने दिल्ली में इतनी दुखद घटना देखी है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और महापौर डा. शैली ओबरॉय को चेतावनी दी कि ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो इसके लिए निगम जरुरी कदम उठाए नहीं तो भाजपा दिल्ली नगर निगम के महापौर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने निगम से मांग की कि पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये का आर्थिक सहायता राशि दी जाए।

### महापौर की चुप उनकी संवेदनहीनता का प्रमाण : प्रवीण शंकर

प्रवीण शंकर कपूर ने आप नेता दुर्गेश पाठक पर आरोप लगाया कि जब भाजपा निगम सेवा में थी तो दुर्गेश पाठक छोटी छोटी बातों पर प्रेसवार्ता करते थे लेकिन आज लावारिस गाय द्वारा एक नवयुवक को निर्मम रूप से मार दिए जाने पर दुर्गेश पाठक ही नहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और महापौर डॉ. शैली ओबरॉय की चुप उनकी संवेदनहीनता का प्रमाण हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल एवं महापौर डा. ओबरॉय को नगर निगम चुनाव से पहले पार्टी द्वारा जारी 10 गारंटी कार्ड की याद दिलाई जिसमें चौथी गारंटी आवारा पशुओं से दिल्ली को मुक्ति दिलाने की थी लेकिन निगम में आने के बाद ना तो मुख्यमंत्री ना महापौर ने कोई बैठक इस मुद्दे पर की ना ही किसी तरह का कोई कदम उठाया।

# विधायक अजय महावर ने 14 गलियों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। विधायक व दिल्ली विधानसभा मुख्य सचेतक-प्रतिपक्ष अजय महावर ने अपनी घोंडा विधानसभा के घोंडा गांव में प्रजापति मोहल्ला, राजपूत मोहल्ला, शिवाजी गली व माता मंदिर मैन गली सहित 14 गलियों व लिंक गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास स्थानीय निवासियों, आरडब्ल्यूए के साथ किया। इस कार्य को ग्राम विकास निधि से लगभग 27 लाख की लागत से बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा किया जाएगा। विधायक द्वारा स्थानीय लोगों व आरडब्ल्यूए के साथियों के साथ इन गलियों का दौरा किया गया था जो अनेक जगह से जर्जर हो गयी थी। आज सभी गलियों के निर्माण कार्य के लिए स्थानीय निवासियों के साथ शिलान्यास किया गया, 2 माह में इन गलियों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने विधायक अजय महावर का गलियों के निर्माण कार्य को शुरू कराने पर धन्यवाद किया। विधायक अजय महावर ने इस मौके पर सभी को बधाई प्रेषित की व अधिकारियों को तय समय में अच्छी गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर साथ में निगम पार्षद प्रीति गुप्ता, अनिल गौड़, दिनेश अच्छवान, बलवीर परमार, सचिन छजलाना, राम अक्छेबर, मनोज गौतम व अनेक साथी रहे।

# पानी के बिल माफी योजना को जल्द लागू करें एलजी : मनोज त्यागी

## आम आदमी पार्टी ने किया जन संवाद



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। कृष्णा नगर विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष श्रवण दीक्षित के नेतृत्व में कृष्णा नगर विधानसभा के चारों वार्डों में पानी के बिलों की माफी योजना की फाइल दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा रोकने के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा जन संवाद किया गया। जन संवाद में स्थानीय विधायक एसके बग्गा ने कहा कि आम आदमी पार्टी इन अनाप-शनाप बिलों की माफी योजना को लाकर रहेगी और स्थानीय लोगों से कहा कि आप इन बिलों को जमा न करें जल्दी माफी योजना की स्कीम लागू होगी जन संवाद में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य रूप से मनोज त्यागी ने कहा कि उपराज्यपाल को पानी के बिल माफी योजना की स्कीम को जल्द से जल्द लागू करें। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता ने इस संवाद में पर बढ़ चढ़कर भाग लिया। अनारकली के वार्ड अध्यक्ष परवीन बहल जगत अध्यक्ष दीपक आहूजा गीता कॉलोनी वार्ड अध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह कृष्णा नगर वार्ड अध्यक्ष निशा तिवारी रमेश पंडित जुगल अरोड़ा सरदार मनदीप सिंह संजीव शर्मा अश्वनी चौहान राधा शर्मा के के शर्मा मनोज मेहता शिव दत्त कौशिक साहिल चौधरी फुरकान अली अजय मक्कड़ अनीता प्रधान मैनुद्दीन चौहान राकेश चढ़ा आदि कार्यकर्ताओं ने जनसभा में भाग लिया।

# लोस चुनाव को भाजपा का सौ दिनों का रोडमैप तैयार

## नड्डा ने सभी लोकसभा चुनाव प्रभारी व सह प्रभारियों संग की बैठक



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा पूरी तरह कमर कस कर तैयार हो चुकी है। लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता हासिल करने के लिए बैठकों का दौर चल रहा है। शनिवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसी को लेकर सभी लोकसभा चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों के साथ बैठक की। इसमें सभी को अगले 100 दिनों का रोडमैप तैयार करने और बूथ स्तर तक उसके कार्यान्वयन को लेकर निर्देश दिया गया। इस बैठक में नड्डा ने सभी प्रभारी व सहप्रभारियों से कहाकि वे ज्यादा से ज्यादा समय जनता के बीच गुजारें। साथ सरकार की मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे गांव चलो अभियान को और तेज करने,युवा मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए राममंदिर मुद्दे को उनके बीच में रखने, धारा 370 को जम्मू-कश्मीर से हटाने जैसे अन्य प्रमुख मुद्दों को रखने की बात कही गई है। इसके अलावा लाभार्थी सम्मेलन आयोजित करके ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुंचने व जीवाईएएन (ग्यान) अभियान यानि गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी के लिए बनाई गई योजनाओं को जमीन तक ले जाने और उनको योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव काम करने का निर्देश दिया गया। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजकल अपने हर कार्यक्रम में चार जातियों गरीब, युवा किसान और नारी का जिक्र करते हैं। उनका पूरा फोकस इन्हीं चार वर्गों को साधने पर है।

### एनडीए के लिए चार सौ पार का लक्ष्य किया है तय

बता दें कि प्रधानमंत्री ने इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 पार का लक्ष्य तय किया है। इसको हासिल करने के लिए पार्टी पूरी ताकत के साथ जुट गई है। बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों तक को सक्रिय कर दिया गया है और उनसे कहा गया है कि पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए वे अपने स्तर से लोगों को जागरूक करें।

# सनातन धर्म के महान संत थे संत रविदास : नीरज तिवारी

## सीमापुरी, घोंडा, तिमारपुर के रविदास मंदिरों में की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी ने काशी में संत शिरोमणि रविदास जी के जन्म भूमि पर करोड़ों रुपए की लागत से विशाल प्रतिमा का उद्घाटन किया। संत रविदास जी महान ब्राह्मण संत रामानंद जी के शिष्य थे ये संत कबीर दास जी के गुरू भाई थे, महान कृष्ण भक्त क्षत्राणी मीराबाई के गुरु थे इतने बड़े समरसता के प्रतीक संत सनातन संस्कृति के गौरव हैं ये बातें भाजपा पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री नीरज तिवारी ने आज उत्तरपूर्वी लोकसभा क्षेत्र के सीमापुरी विधनसभा में सुंदरनगरी के झुग्गी बस्तियों में आयोजित भव्य रविदास जयंती समारोह में बोल रहे थे। श्री तिवारी ने इस अवसर पर पूजन और प्रसाद वितरण में भी हिस्सा लिया। जयंती के अवसर पर आज पूर्वांचल मोर्चा की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष ने घोंडा विधानसभा के भजनपुरा वार्ड गली नम्बर 12 में पूजन और प्रसाद वितरण किया। साथ ही तिमारपुर क्षेत्र संजय बस्ती के रविदास मंदिर में पूजा अर्चना की। संत रविदास जयंती पर दिल्ली भर में पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ता, समाज सेवी विभिन्न आयोजनों में सहभागिता के साथ समरसता का भाव जगाते रहे। इस अवसर पर पूर्वांचल मोर्चा जिला महामंत्री अंकुल झा, पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल झा, सुंदर नगरी मंडल अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, गंगाधर शर्मा मण्डल महामंत्री, योगेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष-भाजपा, राजनाथ सिंह जिला उपाध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा, भुवनेश सिंघल मंडल अध्यक्ष भजनपुरा सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### सनातन संस्कृति के गौरव हैं संत रविदास जी : संजय तिवारी



**नई दिल्ली।** संत रविदास सनातन धर्म के महान आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक थे संत रविदास जी महान ब्राह्मण संत रामानंद जी के शिष्य थे ये संत कबीर दास के गुरू भाई थे, महान कृष्ण भक्त क्षत्राणी मीराबाई के गुरु थे इतने बड़े समरसता के प्रतीक संत सनातन संस्कृति के गौरव हैं ये बातें भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के दिल्ली प्रदेश महामंत्री संजय तिवारी ने शनिवार को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा के छतरपुर विधान सभा के सैद-उल-अजैब बस्ती के जरूरत मंद लोगों के बीच चादर वितरित करते हुए कही। तिवारी ने कहा कि भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा पुरी दिल्ली में आज संत रविदास की जयंती कई रविदास मंदिरों में मनाई गई इस अवसर पर भजन कीर्तन, पूजन और हवन किया गया।

# मधु विहार में लूटपाट के दौरान युवक की चाकू मारकर हत्या



■ विरोध पर चेहरे, सिर, कमर, सीने, हाथ व कूल्हे पर चाकू से 25 वार

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में लूटपाट के दौरान युवक की चाकू के 25 से अधिक वारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त नरेंद्र के रूप में हुई है। वारदात के समय नरेंद्र अपने दोस्त के साथ आईपी एक्सटेंशन में किसी काम से निकला था। इस बीच चार बदमाशों ने नरेंद्र से लूटपाट का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू निकालकर उस पर वार करना शुरू कर दिए। उसके चेहरे, सिर, कमर, सीने, हाथ और कूल्हे पर 25 से अधिक चाकू लगे। बाद में आरोपी उसका बैग और मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नरेंद्र को एलबीएस अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने लूटपाट के दौरान हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। नरेंद्र के साथ मौजूद उसके दोस्त से पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस शनिवार को चार लड़कों को खिचड़ीपुर से हिरासत में लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद नरेंद्र का शव परिवार के हवाले कर दिया। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने घटना स्थल का दौरा किया है। नरेंद्र की मौत के बाद से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नरेंद्र एमबीए पास था। एमएनसी से नौकरी छुटने के बाद उसने दो दिन पहले ही रैपिडो में नौकरी शुरू की थी।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

मुखबीर से जानकारी मिलने के बाद दोनों तस्करों को तसलीम और अहमद रफी को सेक्टर 41/42 कट के पास से गिरफ्तार किया। दोनों उत्तराखंड के रहने वाले है। इनके पास से 3 किलो गांजा भी मिला है। जिसे उत्तराखंड से लाया गया था।

**विद्या सागर मिश्रा, डीसीपी**

## जाम से निजात दिलाने के लिए निगम ने शुरू किया सड़क चौड़ीकरण

**गाजियाबाद,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने पडायमंड फ्लाईओवर से नोएडा जाने वाले मार्ग पर कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके बाद अब कवि नगर जोन होते हुए नोएडा जाना आसान हो जाएगा। यह 15वें वित्त के अंतर्गत लगभग 488 लाख की लागत से कार्य किया जाएगा। मुख्य अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि डायमंड फ्लाईओवर से लाल कुआं होते हुए नोएडा जाने वाले ट्रैफिक की सहूलियत देखते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें एनएच-9 को 4 लेंन से 6 लाइन में बदल जाएगा, लगभग 850 मी सड़क का निर्माण किया जाएगा, ट्रैफिक जाम नहीं होगा, ट्रैफिक विभाग से समन्वय करते हुए यू टर्न भी बनाया जा रहा है। जो की डायमंड स्थित एचपी पेट्रोल पंप से बनेगा, आवश्यकता अनुसार आईसीसी का डिवाइड भी बनाया जा रहा है जिसके लिए पूरी प्लानिंग हो चुकी है डिजाइन भी तैयार हो चुका है कार्य प्रारंभ कर दिया गया है मौके पर टीम पैमाइश भी कर रही है।



■ अब कवि नगर जोन होते हुए नोएडा जाना होगा आसान : विक्रमादित्य मालिक

# निगम के प्रयास के बाद शहर की गुणवत्ता में आया सुधार

**गाजियाबाद,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में वायु गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए मैकेनाइज्ड तरीके से कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन स्प्रिंकलर मशीन, एंटी स्मोक गण, मैकेनिक रोड शिपिंग मशीन के माध्यम से वायु सुधार में कार्य चल रहा है, इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम न केवल शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा है बल्कि शहर को धूल मुक्त करने में भी मैन्युअल तथा मैकेनाइज्ड तरीके से अहम भूमिका निभा रहा है।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर की वायु गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए लगातार मैकेनाइज्ड तरीके से कार्य लिया जा रहा है। साथ में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा भी अहम भूमिका निभाई जा रही है। जो की सड़कों की धूल को समय से हटकर शहर को स्वच्छ बनाने का कार्य कर रहे हैं, एयर क्वालिटी इंडेक्स जो कि वर्तमान में 118 से भी नीचे आ गया है तथा मॉडरेट की स्थिति में आ गया है दिल्ली के मुकाबले गाजियाबाद की हवा काफी बेहतर है, स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग में अन्य टीम को और अधिक कार्य मजबूती से करने के लिए मोटिवेट किया गया है जल्द ही शहर की हवा और बेहतर होगी जिस शहर वासियों को राहत मिलेगी पर्यावरण को बनाए रखने में जन सहभागिता बहुत ही जरूरी है जिनके सहयोग से गाजियाबाद की हवा को बेहतर और शुद्ध किया जा सकता है शहर वासियों से भी वायु गुणवत्ता को सुधार करने के लिए अपील की जा रही है।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जन-जन को शहर की स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है जिसमें गत दिवस में वायु गुणवत्ता को लेकर काफी मेहनत निगम द्वारा की गई है जो की सफल होती दिखाई दे रही है लगातार शहर में पानी का छिड़काव, सार्वजनिक स्थलों पर धुलाई, सफाई को लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण, एंटी स्मोक गण द्वारा हवा में पानी का छिड़काव, मुख्य मार्गों के साथ-साथ अन्य सर्विस लाइन पर सफाई करते हुए धूल मुक्त करने का प्रयास अनेकों कार्य गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा की गए हैं जो की सराहनीय है नगर आयुक्त तथा अन्य टीम द्वारा भी शहर की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए शहर वासियों से भी अपील की जा रही है जो की सफल होता दिखाई दे रहा है।



■ शहर की वायु गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए लगातार मैकेनाइज्ड तरीके से कार्य लिया जा रहा है। साथ में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा भी अहम भूमिका निभाई जा रही है : नगर आयुक्त



# 50 लाख की मेड इन चाइना ई सिगरेट बरामद

**नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मेड इन चाइना की ई सिगरेट की बड़ी खेप जब्त की है। इसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी जा रही है। ये सिगरेट चीन में बनी और नेपाल के जरिए तस्करी करके दिल्ली एनसीआर में सप्लाई के लिए लाई गई थी। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 960 आईजीईटी स्टार डिस्पोजेबल पॉड डिवाइस ई सिगरेट बराबद की गई है। इसे स्विफट डिजायर कार से लाया जा रहा था।

डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि मुखबीर से जानकारी मिलने के बाद दोनों तस्करों को तसलीम और अहमद रफी को सेक्टर 41/42 कट के पास से गिरफ्तार किया। दोनों उत्तराखंड के रहने वाले है। इनके पास से 3 किलो गांजा भी मिला है। जिसे उत्तराखंड से लाया गया था। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया कि हम लोग नेपाल बार्डर से चीन में निर्मित ई-सिगरेट को अन्तरराष्टीय सप्लायर के माध्यम से लाते थे। हम लोग ई-सिगरेट को खरीदते है। गांजा को उत्तराखण्ड से खरीद कर लाते हैं।



■ दो तस्कर गिरफ्तार, नेपाल के जरिए दिल्ली एनसीआर में होती थी सप्लाई

### नेपाल बार्डर से खरीदते है सिगरेट, बार और रेस्टोरेंट में है सप्लाई

तस्करों ने बताया की नेपाल बॉर्डर खटीमा जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड के अन्तरराष्ट्रीय तस्कर के माध्यम से यूएसए-मेड इन चाइना सिगरेट खरीदते है। जिनको हम दिल्ली रोहिणी सप्लाई करते है। रोहिणी से बार, रेस्टोरेन्ट, युवा पीढ़ी को नशे के लिए बेचते है। यूएसए-मेड इन चाइना सिगरेट के साथ-साथ गांजा की भी तस्करी कर बेचते है।

### एक सिगरेट 5 से 6 हजार रुपए की होती है

चाइना मेड नेपाल के रास्ते दिल्ली एनसीआर में सप्लाई की जा रही एक सिगरेट की कीमत करीब 5 से 6 हजार रुपए है। इसे यहां लाकर और ऊचे दामों पर बेचा जाता था। इससे पहले ये एक खेप यहां ला चुके है। जिसके बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं नेपाल में जिस व्यक्ति से ये सिग्रेट खरीदते थे उसे ट्रेस किया जा रहा है।

### स्मोक लेस होती थी ये सिगरेट

डीसीपी ने बताया कि अधिकांश पकड़ी गई सिगरेट स्मोक लैस होती थी। ये इलेक्ट्रानिक डिवाइस पर चलती है। इसमें धुंआ नहीं होता। कुछ ऐसी भी है जिसमें धुंआ निकलता है। उन्होंने बताया कि ई-सिगरेट एक तरह की इलेक्ट्रॉनिक निकोटिन डिलीवरी सिस्टम डिवाइस है। ये बैटरी से ऑपरेट होने वाले डिवाइस होते हैं। शरीर में निकोटिन पहुंचाने का काम करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक निकोटिन डिलीवरी सिस्टम डिवाइस में सबसे ज्यादा डिमांड ई-सिगरेट की रहती है।

नॉर्मल सिगरेट की तरह ई सिगरेट में तंबाकू नहीं भरा होता है। और न ही इसे पीने के लिए कहीं से जलाने की जरूरत होती है। एक कार्टेज में लिक्विड निकोटिन भरा रहता है। खत्म होने पर कार्टेज को दोबारा से भरा जा सकता है। सिगरेट के दूसरे छोर पर एलईडी बल्ब लगा होता है जो कश लगाने जलता है। ये लिक्विड निकोटिन गर्म होकर भाप बन जाता है। किडनी और लीवर के लिए खतरनाक है. इसमें कैंसर पैदा करने वाले एजेंट होते है।

## सार संक्षेप

### स्थायी और चुस्त ऑटोमोटिव सप्लाई चेन के लिए बदलाव

**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय के मूल्यवान उद्योग भागीदार सीआईआई स्कूल ऑफ लॉजिस्टिक्स द्वारा दिल्ली में 'ऑटोमोटिव सप्लाई चेन' संस्करण का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के रसद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के संयुक्त सचिव डॉ. सुरेंद्र अहिरवार, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त शहजाद आलम ने किया। डॉ. सुरेंद्र अहिरवार ने कहा कि उद्योग पेशेवरों को भारत सरकार द्वारा गति शक्ति आंदोलन के अंतर्गत संचालित नीतिगत पहलुओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं के प्रमुख पहलुओं पर जोर देते हुए दो महत्वपूर्ण विकास चालकों जैसे प्रौद्योगिकी का चल रहा विकास और जलवायु नीतियों का प्रभाव को रेखांकित भी किया।





### महिला व बेटी की एडिट फोटो फेसबुक पर वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर 51 होशियारपुर में रहने वाली एक महिला और उनकी बेटी की फोटो की अश्लील फोटो बनाकर एक व्यक्ति ने फेसबुक पर वायरल कर दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आईटी टीम इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर आरोपी राजीव उर्फ राजवीर सक्सेना उर्फ डैनी उर्फ चन्द्रावल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी हिटलर पार्क सेक्टर-51 से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पीड़िता को उनकी जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहा था। सेक्टर-51 के होशियारपुर गांव में किराए पर रहने एक व्यक्ति ने बताया कि मोहल्ला सराय हकीम थाना मन्ना देवी जनपद अलीगढ़ निवासी राजवीर सक्सेना उर्फ डेनी ने उनके पूरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है। राजवीर सक्सेना उर्फ डेनी ने अपनी फेसबुक आईडी पर उसकी पत्नी और बेटी के अश्लील फोटो अपलोड किए हुए हैं। इसके साथ ही आरोपी व्हाट्सएप पर उसकी पत्नी और बेटी के फोटो को एडिट कर उन्हें वायरल कर रहा है।



### प्रेम ही संसार को वह ऊर्जा देता है : मारवाह

**नोएडा।** 12वां ग्लोबल फेस्टिवल ऑफ़ जर्नलिज्म के अंतिम दिन संस्थान में मेहमानों का तांता लग रहा, आज के दिन सातवां महात्मा गांधी नेशनल अवार्ड भी वितरित किया गया जो सीनियर जर्नलिस्ट और कई जाने-माने कलाकारो को दिया गया जिसमें प्रमुख रहे राम कृपाल सिंह जो की सीनियर जर्नलिस्ट होने के साथ -साथ समाज सेवक का भी कार्य करते हैं। साथ ही ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड भी वितरित किया गया जिसमें कई जर्नलिस्ट शामिल हुए। इस अवसर पर इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ़ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री, चांसलर डॉ. संदीप मारवाह ने कहा कि आज ग्लोबल जर्नलिज्म फेस्टिवल हमसे विदा ले रहा है लेकिन मुझे ख़ुशी है कि इसमें हमने उन लोगों को सम्मानित किया जिन्होंने देश समाज व अपने लिए काम किया है।



## जीडीए के लेट लतीफ अधिकारियों व कर्मचारियों को लेकर उपाध्यक्ष सख्त

**गाजियाबाद,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) कार्यालय में लेट लतीफ आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जीडीए उपाध्यक्ष इन्द्रविक्रम सिंह ने लेट लतीफ आने वाले कर्मचारी व अधिकारियों की स्थिति पर गंभीरता से लिया है। उन्होंने आदेश जारी किया है कि प्रत्येक दिन सभी कर्मचारी व अधिकारी सुबह 10:00 बजे कार्यालय पर उपस्थित होकर अपने दायित्व को अंजाम दें। उन्होंने चेतावनी के बावजूद अनेक कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं आते तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगा। उन्होंने कहा कि अब जीडीए कार्यालय पर नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जाएगा। जो भी अधिकारी अथवा कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश के बाद जीडीए के अधिकारी व कर्मचारियों में हड़कंप मचा है।



■ औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए जाने पर होगी करवाई : इन्द्रविक्रम सिंह

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गाजियाबादवासियों को मिलेगा एंट्री-एग्जिट, कार्य शुरू

**गाजियाबाद,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गाजियाबादवासियों को एंट्री-एग्जिट मिलेगा। इसका कार्य शनिवार को शुरू हो गया। यह कार्य केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के प्रयास के बाद शुरू हुआ है। वीके सिंह के ने बताया कि गाजियाबाद के राष्ट्रीय राजमार्ग -9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर एंट्री एग्ज़िट के लिए कार्य का शुभारंभ हो गया। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद क्षेत्रवासियों की मांग थी कि दिल्ली से मेरठ आते हुए लाल कुएं पर एग्जिट और मेरठ से दिल्ली जाते हुए क्रॉसिंग रिपब्लिक व लाल कुएं पर एंट्री की व्यवस्था की मांग की थी। ताकि क्षेत्र के लोगों को हाईवे का लाभ मिल सके। गाजियाबाद के क्षेत्रीय लोगों को नेशनल हाईवे से जुड़ने का मौका मिल सके। इसी संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर पूरी रूप रेखा तैयार की और आज कार्य की शुरुआत भी कर दी गई। यह लगभग 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रहा यह एंट्री-एग्जिट गाजियाबाद के लोगों की मांग को पूर्ण कर रहा है। एंट्री-एग्जिट न होने के कारण क्षेत्रवासियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी जोकि सभी के लिए बड़ी समस्या बनी हुई थी। अब यह समस्या हल हो जाएगी।



# प्रियंका गांधी से मिलकर कार्यकर्ता में बढ़ा जोश

**नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी महासचिव की प्रियंका गांधी का नोएडा के सेक्टर-62 में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वे मुरादाबाद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए जा रही थी। यहां मॉडल टाउन चौकी के पास कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया और उनका स्वागत किया। हालांकि वे यहां नहीं रुक सकी। इस मौके पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राम कुमार तंवर ने कहा कि प्रियंका गांधी के यात्रा में जुड़ने से कार्यकर्ताओं में ओर जोश बढ़ेगा और यात्रा मजबूत होगी। प्रियंका गांधी जी का यूपी से ज्यादा लगाव है, और जनता भी प्रियंका गांधी को बहुत प्यार करती है। प्रियंका गांधी जनता के दिलों में बसने वाली नेता है। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ता को चुनाव के लिए तैयार और रणनीति के साथ आगे बढ़ने के लिए कहा। वे मुरादाबाद से चलकर अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा होते हुए फतेहपुर सीकरी लोक सभा तक यात्रा के साथ रहेंगी। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र लिखकर राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। राहुल प्रियंका के साथ अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। राम कुमार तंवर ने कहा कि नोएडा और ग्रेटरनोएडा से भी सैकड़ों कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याया यात्रा में शामिल होने के लिए यहां से जा रहे है। इसके अलावा आज भी प्रियंका गांधी के साथ कार्यकर्ता मुरादाबाद गए है।

■ मुरादाबाद में भारत जोड़ों यात्रा में शामिल होने जा रही थी प्रियंका, सेक्टर-62 में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# बकाया जमा करें तभी मिलेगा खरीदार को मालिकाना हक

**नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। अमिताभ कांत सिफारिश लागू होने के बाद भी बिल्डर बकाया का 25 प्रतिशत राशि जमा नहीं कर रहे है। जिससे बायर्स को उनका मालिकाना हक मिल सके। इसलिए शनिवार को प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बिल्डर की बड़ी संस्था क्रेडाई (कंफीडरेशन ऑफ रियल स्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के पदाधिकारियो के साथ बैठक की। ये बैठक सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में हुई। बैठक में सीईओ लोकेश एम ने पदाधिकारियों से कहा कि 21 दिसम्बर 2023 के शासनादेश के तहत लिगेसी स्टॉल्ड प्रोजेक्ट के तहत सभी बिल्डरों ने सहमति दी। इसके बाद भी 25 प्रतिशत पैसा जमा नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि बिल्डर पैसा जमा कराए ताकि फ्लैट बासर्य के पक्ष में रिजस्ट्री कराई जा सके। इस मौके पर उन्होंने बिल्डरों की समस्याओं को सुना। निर्देश दिया कि क्रेडाई के लिए एक क्रेडाई ग्रीवेंस रिड्रेसल रजिस्टर बनाया जाए। जिससे उनकी समस्याओं का समय से निपटारा किया जा सके। सीईओ ने ये भी आश्वस्त किया कि प्राधिकरण कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में दोपहर में वे व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी समस्याओं को अवगत करा सकते है। इसके लिए एके सिंह सहायक महाप्रबंधक ग्रुप हाउसिंग को नोडल अधिकारी नामित किया गया। उन्होंने कहा कि जो समस्या नीतिगत है उनको एक साथ व अन्य समस्याओं को अलग से लिखित रूप में प्राधिकरण में प्रस्तुत करे।

■ क्रेडाई के साथ नोएडा प्राधिकरण ने की बैठक, नीतिगत और समस्याओं के लिए बनेगी ग्रीवेंस रजिस्टर



### बैठक में ये बिल्डर रहे मौजूद

इस मौके पर गीतांबर आंनद संस्था के संरक्षक, अमित जैन अध्यक्ष, दिनेश गुप्ता सचव, इग्जोटिका ग्रुप के दिनेश जैन, एक्सप्रेस बिल्डर के पंकज गोयल, कृष्णा अपरा ग्रुप के मनीष गुप्ता, आइडियल इंफ्रा के राकेश शर्मा, सानशाइन के हरेंद्र कुमार, अंतरिक्ष डेवलपर्स के राकेश यादव, आरजी ग्रुप के राजेश गोयल, सीबीएस इंटरनेशनल के संजय रस्तोगी बिल्डर मौजूद रहे।

# सीएमपी के लिए आई एलएंडटी और यूएमटीसी

**नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। एनसीआर के चार जिलों की इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए रीजनल कांप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) पर काम किया जा रहा है। इसके लिए रीजनल प्लान बनाने के लिए दो कंपनियां आई है। पहली एलएंडटी (लार्सन एंड टर्बो) और दूसरी यूएमटीसी (अर्बन मास ट्रांजिस्ट कंपनी) है। दोनों सलाहकार कंपनी है। इसमें किसी एक कंपनी का चयन होगा या फिर से आरएफपी जारी की जाएगी। इसका निर्णय अगले सप्ताह लिया जाएगा। कंपनी चयन के बाद प्लान तैयार होगा जिसे मंजूरी देते हुए शासन को भेजा जाएगा। ये प्लान आगामी 50 साल के लिए होगा।

इस रीजनल प्लान का मकसद वेस्ट यूपी में इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देना है। दरअसल नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण ने अकेले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में करीब 2 लाख करोड़ के निवेश का ग्राउंड तैयार किया है। यहां आने वाली कंपनियों को बेहतर इंफ्रा स्ट्रक्चर के साथ बेहतर रोड कनेक्टिविटी भी दी जानी है। ये रोड कनेक्टिविटी दिल्ली को जोड़ते हुए होनी चाहिए। इसलिए सलाहकार कंपनी इसी दिशा में अपना प्लान तैयार करेंगी। पहले दोनों कंपनियों में से किसी कंपनी का चयन तीनों प्राधिकरण के सीईओ मिलकर करेंगे। इसके बाद प्लान तैयार किया जाएगा। शासन की ओर से इसे अप्रूवल मिलेगा। इस प्लान को सभी जिले और प्राधिकरण अपने-अपने क्षेत्र में लागू करेंगे। इसमें सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने से लेकर नए फ्लाईओवर, बॉटलनेक और ट्रांसपोटेशन को ध्यान में रखा जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सीएमपी के लिए दो कंपनियां एलएंडटी और यूएमटीसी आई है। तीनों प्राधिकरण के सीईओ की उपस्थिति के बाद निर्णय लिया जाएगा। किसी एक कंपनी को फाइनल किया जाए या फिर से आरएफपी जारी की जाए। इसके बाद प्लान तैयार होगा।

### इन 9 पाइंट पर बनेगा रीजनल प्लान

- >>> सबसे पहले सलाहकार कंपनी तीनों शहर के लोकल प्राधिकरण के प्लानिंग सेल से बात करेगी और विजिट करके शहरी और ग्रामीण इलाकों की एक ब्रीफ तैयार करेगी। जिसमें लोकेशन, लैंड एरिया, रोड नेटवर्क, रीजनल इकोनॉमिक, स्ट्रक्चर उपलब्धता को शामिल किया जाएगा।
- >>> सभी प्रकार की डेटा एनालिसिस रिपोर्ट को एकत्रित करना जिसमें यहां सामाजिक परिवेश, रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क, अर्बन ट्रांसपोर्ट नियम, रीजनल ट्रांसपोर्ट पॉलिसी, नेशनल और स्टेट रूल, सड़क हादसे, लैंड यूज, मेप शामिल है।
- >>> इसके बाद एक प्राथमिक सर्वे प्लान तैयार किया जाएगा।
- >>> इसके बाद हित धारक, पब्लिक और अन्य लोगों से इस सर्वे प्लान पर बातचीत की जाएगी। डिटेल सर्वे की जिसमें यहां निर्मित इमारतों की संख्या, ट्रैफिक, रोड पर स्पीड, पार्किंग, पेडेस्ट्रेन का डाटा लेकर ग्राउंड रिपोर्ट की जाएगी। ये टाइम, कास्ट, कम्फर्ट, सेफ्टी और सिक्योरिटी के लिहाज से तैयार की जाएगी।
- >>> यहां एक महत्वपूर्ण पाइंट प्रदूषण से संबंधित भी होगा। इसके लिए डीजल, पेट्रोल, एलपीजी और इलेक्ट्रिक का डाटा लेकर ये चेक किया जाएगा कि इसका कितना असर प्लान के अनुसार कम होगा या बढ़ेगा।
- >>> नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में ई बस चलाने का प्राविधान है। इसे मोबिलिटी प्लान में ही शामिल किया जाएगा। इसके लिए अलग से इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता होगी। जिसमें एडमिन ब्लाक, चार्जिंग स्टेशन, डिपो, वर्कशॉप आदि।
- >>> रोड नेटवर्क, इंटर कनेक्टिविटी, पार्किंग उपलब्धता और उसके प्रकार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, पेरा ट्रांजिट सिस्टम, सड़कों पर ट्रैफिक का भार, ट्रैफिक सेफ्टी को शामिल करते हुए फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।
- >>> ये फाइनल ड्राफ्ट कंपनी गठित की गई समिति के सामने रखेगी। बोर्ड से अप्रूव होने पर इस पर काम शुरू किया जाएगा।

### इन जिलो को दिल्ली से इसी रीजनल प्लान के तहत दी जाएगी कनेक्टविटी

4 जिलों को जाम मुक्त बनाने के लिए रीजनल कांप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएपमी) की पहली बैठक 4 महीने पहले नोएडा प्राधिकरण में हुई थी। ये प्लान नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास, डीएनजीआईआर (गौतमबुद्ध नगार), गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर के लिए बनाया जा रहा है। इन शहरों की कनेक्टिविटी राजधानी दिल्ली से बेहतर हो इस पर फोकस किया जाएगा। आरएफपी के तहत ये कंपनियां आई है।

### 3 महीने में देना होगा प्लान

इस रीजनल प्लान में हापुड़ और गाजियाबाद को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि लोकल स्तर पर भी कई मोबिलिटी प्लान है। सलाहकार कंपनी इन क्षेत्रीय प्लान का अध्ययन करेगी और उसमें दिए गए बेहतर प्लान या सुझाव को वो अपनी डीपीआर में शामिल करेगी। इसके लिए सलाहकार कंपनी को अधिकतम डेढ़ साल का समय दिया जाएगा। लेकिन प्राथमिक प्लान उसे तीन महीने में ही देना होगा। जिस पर एक रिपोर्ट तैयार कर हम शासन को भेजेंगे।

# नियमित टीकाकरण के बारे में एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

**नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (एएनएम) को टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार-शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में टीकाकरण की माइक्रो प्लानिंग, टीकाकरण सत्र, वैक्सीन के रखरखाव व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. तनवीर अहमद ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एडवर्स इवेंट फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन (एईएफआई), टीकाकरण के माइक्रो प्लान के बारे में बताया। उन्होंने बताया हेड काउंट सर्वे के आधार पर बच्चे और गर्भवती की संख्या की गणना कर सत्र निर्धारित करते हुए बुधवार और शनिवार को टीकाकरण करें। डॉ. तनवीर ने यह भी बताया कि किस तरह टीकाकरण का विरोध करने वालों को टीका लगवाने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया ऐसे लोगों को प्रेरित करने के लिए क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, चिकित्सकों आदि की मदद लें, साथ ही यह बताएं कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है। निजी चिकित्सालयों की अपेक्षा सरकार द्वारा उपलब्ध टीकों का रखरखाव ज्यादा बेहतर होता है। यह तमाम बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बादलपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रनवीर सिंह ने बताया कि बच्चे को कौन सी बीमारी से बचाव और किस उम्र में कौन सा टीका लगाया जाता है। उन्होंने वैक्सीन की गुणवत्ता बरकरार रखने के बारे में भी बताया। इसके अलावा उन्होंने हेल्थ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) पोर्टल पर समय से रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया।

■ एएनएम ने सीखा कब और कौन सी बीमारी से बचाव के लिए लगाए जाते हैं बच्चों को टीके



उवाच "

फिल्म सिटी की विकासकर्ता कंपनी द्वारा लगाई गई आर्थिक बिड व उसके लेआउट प्लान की रिपोर्ट अगली कैबिनेट बैठक में रखे जाने की उम्मीद है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद विकासकर्ता कंपनी को आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा।
**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

# कैपिटल ज़ोन

# नोएडा एयरपोर्ट से गाजियाबाद रैपिड स्टेशन निर्माण पर होगा 1000 करोड़ रूपए खर्च

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रैपिड रेल पर कुल 25 स्टेशन प्रस्तावित है। एक स्टेशन के निर्माण पर करीब 40 करोड़ रूपए खर्च होने का अनुमान है। इस हिसाब से 25 स्टेशन के निर्माण पर 1000 करोड़ रूपए खर्च होगा। उम्मीद इस साल रैपिड रेल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने पर तीन साल तक पूरा होने की उम्मीद है। सबसे खास बात यह है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन विभाग यानी एनसीआरटीसी गाजियाबाद से एयरपोर्ट तक रैपिड रेल का रूट इस तरह निर्धारित किया है कि ग्रेटर नोएडा को सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा और संचालन शुरू होने पर पहले दिन से रैपिड और मेट्रो पर सबसे ज्यादा पैसेंजर मिलेंगे।

■ **इस साल रैपिड रेल का निर्माण कार्य हो जाएगा शुरू**
■ **गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक सबसे ज्यादा पैसेंजर मिलने की उम्मीद**



**गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक होगी बेहतर कनेक्टिविटी**

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंचना सुगम व सुरक्षित हो इसके लिए प्रदेश सरकार बेहतर कनेक्टिविटी करने का जिम्मा एनआरटीसी को दिया है। एयरपोर्ट को रैपिड रेल (नमो भारत) से जोड़ने की परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। डीपीआर के मुताबिक गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के बीच फिलहाल 25 स्टेशन होंगे। इनमें 11 स्टेशन रैपिड रेल के और 14 स्टेशन मेट्रो के होंगे। अहम बात यह है कि रैपिड रेल और मेट्रो एक ही ट्रैक पर दौड़ेगी। इस रूट पर चलने वाले मेट्रो में 3 और रैपिड रेल में 8 डिब्बे होंगे। बता दें कि रैपिड रेल ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) का सबसे बड़ा केंद्र सराये काले खां में हैं और दूसरा गाजियाबाद में हैं।

एनसीआरटीसी 4 अप्रैल को गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेल का डिटेल प्रोजेक्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपा देगा। इसके बाद निर्माण को लेकर वित्तीय फंडिंग तैयार किया जाएगा। यह सारी प्रक्रिया मई तक पूरी होने की उम्मीद है। अगर इसी गति से काम चलता रहा तो इस साल के अंत तक रैपिड रेल का निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।
**डाक्टर अरूणवीर सिंह**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण**



**16,189 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान**

गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.2 किमी लंबे एलिवेटेड रूट के निर्माण का लक्ष्य 2031 रखा गया है। इसके निर्माण पर लगभग 16,189 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 20, राज्य सरकार की 50 व नायल की 30 फीसदी होगी। इस रूट पर वर्ष 2031 में 2,95,162 वर्ष 2041 में 5,23,289 वर्ष 2051 में 6,32,891 व 2055 में 6,71,711 राइडरशिप होगी।

**हाईस्पीड रैपिड रेल के लिए बनेगा लूप**

नोएडा एयरपोर्ट और इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली के बीच कम समय में सफर पूरा किया जा सके, इसके लिए एयरपोर्ट के लिए स्पेशल हाईस्पीड रैपिड रेल चलाई जाएगी। स्टेशन पर लूप का निर्माण किया जाएगा, ताकि हाईस्पीड रैपिड रेल बिना रुके एयरपोर्ट पहुंच सकें। हाईस्पीड रैपिड रेल कुछ चुनिंदा स्टेशनों पर ही रुकेगी।

**एनसीआरटीसी करेगा संचालन**

नोएडा एयरपोर्ट और गाजियााद के बीच चलने वाली रैपिड रेल और मेट्रो का संचालन एनसीआरटीसी करेगा। ऐसा पहली बार होगा, जब मेट्रो का संचालन एनसीआरटीसी द्वारा किया जाएगा।

## यूपी अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी को लेकर बेव्यू कंपनी को अगले सप्ताह जारी हो सकता है आवंटन

ग्रेटर नोएडा, 24 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स द्वारा लगाई गई आर्थिक बिड व लेआउट प्लान की रिपोर्ट अगले हफ्ते होने वाली कैबिनेट बैठक में रखी जाएगी। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद कंपनी को आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा। कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। लोकसभा चुनाव के बाद फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

दरअसल यीडा सिटी के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर विकासकर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त कर लिया है। परियोजना के मूर्तरूप लेने के 8 साल बाद आय का 18 फीसदी हिस्सा प्राधिकरण को मिलेगा। प्रथम चरण की परियोजना को सात जोनों में बांटकर विकसित किया जाना है। आर्थिक बिड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परियोजना से संबंधित रिपोर्ट को कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज ऐसे में फिल्म सिटी परियोजना एक कदम और आगे बढ़ी है। अब इससे संबंधित रिपोर्ट अगले हफ्ते होने वाली कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही विकासकर्ता कंपनी को आवंटन पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

■ **उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में वर्क आवर्ड जारी करने को मिल सकती है मंजूरी**
■ **कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज की मिल चुकी है मंजूरी**

फिल्म सिटी की विकासकर्ता कंपनी द्वारा लगाई गई आर्थिक बिड व उसके लेआउट प्लान की रिपोर्ट अगली कैबिनेट बैठक में रखे जाने की उम्मीद है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद विकासकर्ता कंपनी को आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा।
डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।

## जीएसटी व कानून व्यवस्था को लेकर उद्यमियों ने अपने विचार किए साझा




**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। इंडस्ट्रियल एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन में ईकोटेक औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस एवं जीएसटी विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें उद्यमियों ने पुलिस एवं जीएसटी विभाग के साथ समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। उत्तर प्रदेश राज्य वस्तु एवं सेवा कर से सीड के अपर आयुक्त विवेक आर्य, संयुक्त आयुक्त सब योगेश कुमार एवं संयुक्त आयुक्त संजय कुशवाहा ने उद्योगों की समस्याओं का निराकरण किया एवं उद्योगों के साथ अपने विचार साझा किया। पुलिस विभाग से सेंट्रल नोएडा से पुलिस उपयुक्त सुनीति, अपर उपायुक्त, डॉक्टर हितेश कठेरिया, सहायक पुलिस आयुक्त सुमित शुक्ला एवं ईकोटेक कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार उपस्थित रहे। पुलिस उपायुक्त समिति ने उद्यमियों की समस्याओं सुनी एवं उनके साथ अपने विचार साझा किया। संस्था के अध्यक्ष अमित उपाध्याय एवं अन्य उद्यमियों ने सभी संबंधित अधिकारियों का स्वागत किया। नरेंद्र सोम ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथि एवं उद्योगों का धन्यवाद किया। उपस्थित अधिकारियों ने आईईए की इस पहल की प्रशंसा की एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहने का सुझाव दिया। इस बैठक में संजीव शर्मा, विशाल गोयल, पी एस मुखर्जी, सुनील दत्त, मनोज सिंघल, गुरदीप सिंह तुली, एच एन शुक्ला, अनिल शुक्ला, अरविंद भाटी, पराग अग्रवाल, महिपाल सिंह चौहान, नरेंद्र सोम, महेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, मनोज अग्रवाल, अभिषेक जैन, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप शर्मा विवेक पाठक, सूर्यकांत, विमलेश, संजय शुक्ला, नवनीत गुप्ता, जितेंद्र चौहान, नरेश चौहान, महिला उद्यमी खुशबू सिंह व अभिषेक सिंह, व 75 से ज्यादा उद्यमी भी उपस्थित रहे।

■ **आईईए के बैनरतले पुलिस विभाग व जीएसटी अधिकारियों के साथ हुई बैठक**

## पहलवान अभिषेक नागर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में जीता कांस्य पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। जुनेदपुर गांव के पहलवान अभिषेक नागर ने नागालैंड के कोहिमा शहर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। रंजीत पहलवान ने बताया कि अभिषेक नागर ने 97 किलो भार वर्ग में मेडल जीता है इस प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी से 29 फरवरी तक होगा अभिषेक नागर ने प्री क्वार्टर फाइनल में अभिषेक यादव हिमाचल यूनिवर्सिटी को 7- 2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में सुमित मलिक जिंद यूनिवर्सिटी को 11- 5 से हराया और सेमीफाइनल में मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा और ब्रॉन्ज मेडल के लिए इन्होंने नरेंद्र यादव गुरु काशी यूनिवर्सिटी को हराया और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया इससे पहले भी अभिषेक नागर ने जूनियर फेडरेशन कप में गोल्ड मेडल व जूनियर रैंकिंग में भी गोल्ड मेडल ग्रैंड फिक्स नेशनल में भी मेडल जीत चुके हैं अभिषेक नागर ने अनेकों बार राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक अपने नाम कर चुके हैं। इस मौके पर कोच द्रोणाचार्य अवॉर्डी महासिंह राव, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ उपाध्यक्ष सुरेश उपाध्याय, चतर सिंह गुरुजी, कोच रवि गुर्जर, सत्तन यादव, योगी भाटी, वनीष प्रधान, जयवीर पहलवान आदि ने उज्वल की कामना की।



## स्वर्णिम भारत थीम पर बच्चों ने प्रस्तुति, बिखेरे भारतीय संस्कृति के रंग

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। लिटिल इंजन प्री स्कूल और डे केयर ने द मिलेनियम स्कूल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ऑडिटोरियम में 'स्वर्णिम भारत' थीम के साथ अपना वार्षिक दिवस मनाया। वार्षिक दिवस समारोह में एक प्रभावशाली सभा देखी गई, जिसमें आमंत्रित लोग, माता-पिता, अभिभावक शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सविता शर्मा, कैलाश अस्पताल की निदेशक थी और अन्य सम्मानित अतिथि डॉ. हिमानी त्यागी, प्रिंसिपल, मिलेनियम स्कूल, संजय कोहली और सीमा अरोड़ा थी। द लिटिल इंजन प्री स्कूल और डे केयर की निदेशक अंजू कोहली ने औपचारिक रूप से मेहमानों का स्वागत करते हुए सम्बोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने स्कूल के शुरुआती बिंदु के बारे में बताया और बताया कि कैसे स्कूल कई ट्रॉफियों और प्रशंसाओं के अलावा माता-पिता का दिल जीतकर आगे बढ़ा और इस वार्षिक दिवस समारोह की शुरुआत कैसे हुई। मुख्य अतिथि कैलाश अस्पताल की निदेशक सविता शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में द लिटिल इंजन की निदेशक अंजू कोहली और स्कूल के स्टाफ सदस्यों की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने छात्रों के दिमाग को आकार देने में उनके बलिदान के लिए शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमानी त्यागी ने लिटिल इंजन टीम को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई दी।



## भाजपा ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत कार्यशाला का किया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**24 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा की लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत रबूपुरा मंडल व सूरजपुर मण्डर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। रबूपुरा कस्बे में सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा गौतम बुद्ध नगर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि जिंदल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क करना है और 963 80 02024 पर लाभार्थी से मिस कॉल लगवानी है और मोदी जी का राम-राम वाला पत्रक देना है और उनसे मोदी को प्रणाम बोलना है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीब शोषित पिछडे वंचितों के लिए समर्पित सरकार है जनता की सभी मूलभूत सुविधाओं को दिलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रविवार को 11 बजे प्रधानमंत्री मोदी की बात का कार्यक्रम भी बूथ स्तर पर सुने। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील ठाकुर राम रावत धर्मेंद्र भाटी रूपलाल कौशिक माया कौशिक भोलू शर्मा सौदान सिंह उपस्थित रहे। सूरजपुर मंडल की कार्यशाला ग्राम अजायबपुर में श्यामवीर प्रधान के आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें मंडल प्रभारी इन्द्र नागर व मुख्य वक्ता सुनील भाटी जिला उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यशाला में अभियान से संबंधित जानकारी प्रदान की।





## लोकसभा चुनाव को लेकर ईएमएस डेमो सर्वर का रेंडमाइजेशन का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में शनिवार को एनआईसी कार्यालय में ईएमएस 2.0 डेमो सर्वर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट के प्रथम रैडमाइजेशन का ड्राई रन संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष ढंग से कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ई.वी.एम. मशीनों का विधानसभा वार एवं बूथवार चयन किया जाता है, जिसके लिए आज प्रथम रैडमाइजेशन ड्राई रन संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्धारित तिथि व समय पर डेमो सर्वर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम एवं द्वितीय रैडमाइजेशन संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, संबंधित अधिकारीगण एवं तकनीकी कार्मिक उपस्थित रहे।

**LOST & FOUND**
Lost my Allotment letter of Flat No. 2GF Block-16, Area-29.76Sqmtr. Sector MU-II, Greater Noida G.B. Nagar U.P. Shipra Singh W/o Divakar Pratap Singh

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## आईईए की टीम उप मुख्यमंत्री से मिलकर उद्यमियों की समस्या को रखा

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। आईईए टीम ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की और अपने उद्यमियों की परेशानियों को साझा किया, और विभिन्न मुद्दों पर वार्ता हुई। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही इनका निवारण किया जाएगा। आईईए की तरफसे अध्यक्ष अमित उपाध्याय, नरेन्द्र सोम, महेंद्र शुक्ला, महासचिव संजीव शर्मा, गुरदीप तुली, खुशबू सिंह, सुनील दत्त, अभिषेक ने शाल पहनाकर और मोमेंटो देकर उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।



## श्रीराम की प्रतिमा तोड़ने से लोगो में आक्रोश

**रबूपुरा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित मंदिर में राम की मूर्ति तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है तथा पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उधर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जानकारी अनुसार गांव खेड़ा मोहम्दाबाद निवासी पिंटू शर्मा ने गांव के समीप अपनी निजी भूमि पर सड़क किनारे मंदिर बनाया हुआ है जिसमें सिद्ध बाबा, राधा कृष्ण, रामदरबार आदि प्रतिमाएं स्थापित हैं। आरोप है अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर में लगी श्रीराम प्रतिमा को तोड़ कर तहस नहस कर दिया गया है। शनिवार सुबह मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। मूर्ति तोड़े जाने की सूचना आग की फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को जानकारी दी। मूर्ति तोड़े जाने की सूचना से स्थानीय पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया। आक्रोशित लोगो ने आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह का कहना है मामले की जांच की जा रही है जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



### - आईवीपीएल क्रिकेट मैच -

## रेड कार्पेट दिल्ली ने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को 22 रन से हराया

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) 2024 के दूसरे दिन दूसरे मैच में रेड कार्पेट दिल्ली ने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को 22 रन से हराया। यह मुकाबला शनिवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया। इस मैच में रिचर्ड लेवी ने शानदार शतक लगाया और दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई। रेड कार्पेट दिल्ली ने इस मैच में पहले खेलते हुए 20 ओवर में 255 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रिचर्ड लेवी ने शानदार शतक लगाया और अंत में थिसारा परेरा ने आतिशी पारी खेली। उसके बाद छत्तीसगढ़ के लिए नमन ओझा और सौरभ तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 233 तक पहुंचा दिया। लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम 20 ओवर में 233 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

छत्तीसगढ़ के कप्तान मुनफ पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत तेजतर्रार रही और 7 ओवर में टीम ने 72 रन बना लिए। मुनफ पटेल ने दिल्ली के कप्तान हर्शेल गिब्स को 8वें ओवर में आउट कर दिया और दिल्ली को पहला झटका लगा। अंत में परेरा ने 14 गेंदों में 38 रन बनाकर टीम का स्कोर 250 पार पहुंचा दिया। 256 रन चेज करने उतरी छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को समीउल्लाह बेग ने जतिन सक्सेना को आउट करते हुए पहले झटका दिया। जतिन डक पर आउट हो गए।





■ **रिचर्ड लेवी रहे जीत के हीरो, लगाया शानदार शतक**


वॉरियर्स ने पॉवरप्ले में अपना दूसरा विकेट गुरकीरत सिंह मान के रूप में गंवा दिया। यहां से सौरभ तिवारी ने चार छक्के और सात चौके लगाए और उम्मीदों को बरकरार रखा। उन्होंने वॉरियर्स को 45 पर 2 से 196 पर 8 तक पहुंचाया। फिर आखिरी दो ओवर में 45 रन चाहिए थे लेकिन दिल्ली की मजबूत किफायती गेंदबाजी के सामने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम अब अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को मुंबई चैंपियंस का सामना करेगी। मुंबई ने पहले मैच में तेलंगाना टाइगर्स को हराया था। तो रेड कार्पेट दिल्ली की टीम रविवार को पहले मैच में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश का सामना करेगी। रविवार को ही एक मुकाबला दोपहर में राजस्थान लेजेंड्स और तेलंगाना टाइगर्स के बीच भी खेला जाएगा। आईवीपीएल की शुक्रवार शाम को शुरुआत हुई, जिसमें मुंबई चैंपियंस ने शुरुआती मैच में तेलंगाना टाइगर्स को 26 रनों से हरा दिया। आतिशबाजी के साथ उद्घाटन हुआ, जिसमें केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह व केसी त्यागी जेडीयू नेता शामिल हुए थे।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बेकाबू टाटा मैजिक पलटी, 10 घायल

**रबूपुरा,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। शनिवार सुबह कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक (छोटा हाथी) ओवरटेक करते समय पलट गई। हादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण काफी देर तक यातायात वर्धित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस एवं हाईवे सुरक्षा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे कर यातायात सुचारु कर दिया गया। पुलिस अनुसार जेवर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरैब निवासी लगभग एक दर्जन से अधिक महिला व पुरुष छोटा हाथी में सवार होकर दादरी स्थित रिश्तेदारी में एक धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गए थे। बताया जाता है कि वहां से लौटते समय यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट से 25 किमी की दूरी पर फलेदा गांव के नजदीक आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में चालक ने गाड़ी से नियंत्रण को दिया और छोटा हाथी बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। हादसे में मनवीर, वीना, ओमपाल, वीरेंद्र, बाला, प्रकाशी, नरेंद्र समेत 10 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व हाईवे सुरक्षा कर्मियों ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तथा क्षतिग्रस्त वाहन को मौके से हटाकर यातायात को सुचारू करा दिया।



# गुरु नानक की दरियादिली



> बचपन से ही नानक साधु-संतो के साथ रहना पसंद करते थे। अपने गांव तलवंड़ी से कुछ दूर जंगल में घूमते थे। एक बार उनके पिता ने काम-धंधा करने के लिए उन्हें कुछ रुपये दिये। संयोग से नानक को कुछ साधु मिल गये। ये साधु कई दिन से भूखे थे।

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

गुरु नानक को कौन नहीं जानता! नानक के दिल में सबके लिए दर्द था। वह चाहते थे कि सब लोग मिलकर भाई-भाई की तरह रहें, एक-दूसरे को प्यार करें और एक दूसरे को दु:ख दर्द में हाथ बटावें।

यह तब सम्भव हो सकता था जब लोग सादगी और परिश्रम का जीवन बिताएं, कोई किसी को छोटा या बड़ा न समझे और दुनियादारी से ऊपर रहें। गुरु नानक के जीवन में ये सब गुण भरपूर थे।

एक बार वह किसी सभा में बहुत देर तक बोले। उसके बाद उन्हें प्यास लगी तो उन्होंने कहा, 'शुद्ध जल लाओं।'

एक पैसे वाला भक्त चांदी के गिलास में पानी ले आया। गिलास लेते समय नानक की निगाह उसके हाथ पर गई। बड़ा कोमल हाथ था। नानक ने उसका कारण पूछा तो वह बोला, 'महाराज, बात यह है कि मैं अपने हाथ से कोई काम नहीं करता। घर में नौकर-चाकर सारा काम करते है।'

नानक ने गंभीर होकर कहा, 'जिस हाथ पर कड़ी मेहनत से एकाध चक्का नही पड़ा, वह हाथ शुद्ध कैसे हो सकता है? मैं तुम्हारे इस हाथ का पानी नहीं ले सकता।'

इतना कहकर नानक ने पानी का गिलास लौटा दिया

गुरु नानक घूमते रहते थे। एक मर्तबा घूमते हुए वह एक गांव में ठहरे। वहां के लोगों ने उनकी खूब खातिर की, सब तरह का आराम पहुंचाया। जब वह वहां से चलने लगे तो तो गांव वालों को आर्शीवाद देते हुए उन्होने कहा, 'यह गांव उजड़ जाय।'

गांव वाले यह आशीर्वाद सुनकर हैरान रह गये। सोचने लगे, क्या उनकी सेवा में कोई कसर रह गई? लेकिन उन्होंने कहा कुछ नहीं।

गांव के कुछ लोग उनके साथ हो गये।

नानक दूसरे गांव में पहुंचे, वहां रुके, लेकिन वहां के लोगों ने उनकी और ध्यान नहीं दिया। उनकी खातिरदारी तो दूर खाने-पीने के लिए भी नहीं पूछा। वहां से विदा होते समय नानक ने आशीर्वाद देते हुए कहा, 'यह गांव आबाद रहे।'

पीछे के गांव के लोगों से अब नहीं रहा गया। उन्होने कहा, 'गुरूजी, यह क्या बात है? जिन्होने आप की खूब सेवा की, आपको अच्छी तरह रक्खा, उन्हें आपने उजड़ जाने का आशीर्वाद दिया और जिन्होंने आपको पूछा तक नहीं, उन्हें बस जाने का आशीर्वाद दिया!'

नानक ने जवब दिया, 'जहां हमारी खूब मेहमाननवाजी हुई, वह गाँव फूलो की बस्ती है। मैंने कहा, वह उजड़ जाए तो इसका मतलब था कि वहां के लोग बिखर जायं। वे जहां जाएंगे, अपने साथ अपनी मोहब्बत की, अपनी सेवा की, महक ले जायंगें; लेकिन जिस गांव के लोगों ने हमारी पूछताछ नहीं की, वहां कांटों का ढेर था। हमने कहा, वह बस जांय, तो उसका मतलब था कि कांटे एक ही जगह रहें। फैल कर लोगों को दुखी न करें।'

बचपन से ही नानक साधु-संतो के साथ रहना पसंद करते थे। अपने गांव तलवंड़ी से कुछ दूर जंगल में घूमते थे। एक बार उनके पिता ने काम-धंधा करने के लिए उन्हें कुछ रुपये दिये। संयोग से नानक को कुछ साधु मिल गये। ये साधु कई दिन से भूखे थे।

नानक के पास जो कुछ था, खाने-पीने पर खर्च कर दिया। सोचा, भूखो को भोजन कराने से बढ़कर ज्यादा फायदे की बात भला और क्या हो सकती है। यह यह सौदा ही सच्चा सौदा है।'

ऐसे ही एक दिन वह कुंए से नहाकर लौट रहे थे तो एक साधु मिला। बड़ी बुरी हालत में था। नानक का दिल भर आया। उन्होने अपने पास का सबकुछ उसे दे डाला। फिर आगे बढ़े तो अचानक उनकी निगाह अपनी अंगूठी पर पड़ी। वह साधु के पीछे दौड़े और अंगूठी भी उसे दे आये।

बाद में नानक ने घर बार छोड़ दिया और दूर-दूर तक की यात्राएं करने लगे। बगदाद होकर वह काबुल गये। वहां बाबर उन्हें बुलाया और उनके आगे शराब का प्याला रख दिया। नानक ने कहा, 'हमने तो ऐसी शराब पी रक्खी है, जिसका नशा कभी उतरता ही नहीं है। वह शराब हमारे किस काम की, जिसका नशा कुछ देर बाद उतर जाये!'

गुरू नानक के पास प्यार का अनंत भंडार था। वे सबको प्यार देते थे और इस बात की चिंता नहीं करते थे कि उनके साथ कोई कैसे बर्ताव करता है।

उनका एक साथी था भाईवाला। वह जहां जाते थे, भाईबाला को अपने साथ जाने से नहीं रोकते थे। न कभी रबाब वाले मरदाना को साथ रखने मे उन्हें हिचकिचाहट होती थी।

लेकिन कहते है, एक बार नानक ने चंद्रलोक जाने की इच्छा की। उन्होंने दोनों साथियों से कहा, 'आप लोग यहीं रहो। मैं अकेला ही चन्द्रलोक होकर आता हूं।'

साथियों को बड़ा बुरा लगा। वे नहीं जानते थे कि वे लोग ऐसी यात्रा से वंचित रहें। उन्होने कहा, 'आप हमें साथ साथ जाने से क्यों रोक रहे है?'

नानक मुस्कुराकर बोले, 'अरे भाई, यह यात्रा न तो पैदल चलकर करनी है, न किसी सवारी में बैठकर यह तो ध्यान या योग विधा के सहारे करनी है। उस विधा का आप लोगों को कोई अनुभव नहीं है।'

इस पर साथी मुस्कुराते हुए कहने लगे, 'गुरूजी, ठीक है। आप जाइये और जल्दी वापस आइये। हम आपका यहीं इंतजार करेगें।'

गुरू नानक के बारे में कुछ मजेदार बातें कही जाती है कहते है, जब दुनिया में उनकी सांसो का इंकतारा टूट गया तो स्वर्ग में पंहुचे। वहां वड़े उदास रहने लगे। एक दिन भगवान ने पूछा, 'आप उदास क्यों रहते है?'

नानक ने उत्तर दिया, 'यह कैसी जगह है स्वर्ग? न यहां मकई की रोटी है, न सरसों का साग!'

भगवान ने पूछा, 'यह मकई क्या है और सरसों का साग किसे कहते है?'

नानक बोले, 'महाराज, आपने ही तो ये चीजे बनाई है और आप ही इन्हें नही जानते!'

भगवान ने कहा, 'चीजें मैंने जरुर बनाई है, पर उनके नाम तो इंसान ने रक्खे है।'

यह कहानी किसी के भी दिमाग की उपज हो; लेकिन इससे एक बात साफ है और यह कि नानक को हमेशा सादगी की जिन्दगी पसन्द रहीं।

नानक ने बहुत दुनिया देखी। वह पच्चीस साल पैदल घूमे। सत्तर साल की उम्र में उन्होंने दुनिया से विदा ली। नानक को हिंदू प्यार करते थे, मुसलमान मोहब्बत करते थे। उनके शरीर छोड़ने पर हिन्दुओं ने उनकी समाधि बनाई, मुसलमानों ने उनकी कब्र बनाई। लेकिन राबी नदी एक साल बाद समाधि और उस कब्र को बहाकर ले गई। उसने यह सिद्व कर दिया कि जो प्यार का दरिया बहाता रहता है, उसकी जगह लोगों के दिलों में होती है, समाधि या कब्र में नहीं।

# पत्रकारिता के रोशन सितारे

■ बाबा मायाराम

इन दिनों जब पत्रकारिता की स्थिति देखता हूं, तब मुझे मेरे पत्रकारिता के पुराने दिन याद आ जाते हैं। मैंने नईदुनिया में तीन साल काम किया और देशबन्धु में पांच साल। ये दोनों ही समाचार पत्र अविभाजित मध्यप्रदेश में काफी प्रतिष्ठित माने जाते थे। यह 80-90 के दशक की बात है। नईदुनिया में मैंने 1988 से 1991 तक काम किया। यहां मैंने किसी संपादकीय डेस्क पर काम करने की बजाय पुस्तकालय में काम किया। यह मेरे लिए एक नई खिड़की खोलने जैसा था।

किताबों, पत्र-पत्रिकाओं ने मेरे अनुभव संसार को काफी व्यापक किया। उस समय नईदुनिया के संपादक राहुल बारपुते जी थे। वे लगभग रोज ही संवाददाताओं व पत्रकारों के साथ मीटिंग करते थे। जिसमें वे अखबार की त्रुटियों की ओर ध्यान दिलाते थे। और अखबार की भाषा कैसी होनी चाहिए, यह बताते थे।

मुझे राहुल बारपुते जी, जिन्हें सभी बाबा के नाम से संबोधित करते थे, का बहुत स्नेह मिला। उन्होंने मुझे बताया था कि पत्रकारिता एक श्रमसाध्य काम है, इसे सतही तौर पर नहीं करना चाहिए। वे कहते थे कि जैसे चिड़िया एक- एक तिनका लाकर उसका घोंसला बनाती है, उसी तरह पत्रकार तथ्यों को जुटाकर कहानी बनाते हैं। यह जल्दबाजी का नहीं, समय लेकर करने का काम है। पुस्तकालय में बैठकर किताबें पढ़ना और तथ्यों को जुटाना और फिर कहानी बनाना। वे खुद भी बहुत मेहनत करते थे, उन्हें प्रत्येक सोमवार का संपादकीय लिखना होता था, जिसके लिए वे विविध तरह की संदर्भ सामग्री का अध्ययन करते थे। कला, साहित्य, संगीत, नाटक और शिल्पकला के गहरे जानकार थे।

उनके गहरे जन सरोकार थे। उनकी मित्रता कलागुरु विष्णु चिंचालकर और शास्त्रीय संगीत के प्रसिध्ध गायक कुमार गंधर्व से थी। इन तीनों की मित्रता अनूठी थी, जिसकी चर्चा जाननेवाले करते रहते हैं, किस्से बताते हैं। नईदुनिया में उस समय प्रतिष्ठित लेखक,विचारक और सामाजिक कार्यकर्ता लिखते थे और आते रहते थे। अखबार में ग्रामीण, सामाजिक और सांस्कृतिक सभी मुद्दों को उचित स्थान मिलता था। कृषि, शिक्षा,स्वास्थ्य,साफ-सफाई,स्वच्छता, स्थानीय निकाय और शहर के हाशिये के लोगों की समस्याओं पर जोर दिया जाता था। संपादक के नाम पत्र का जवाब खुद संपादक ही दिया करते थे। और संपादक के नाम पत्र अखबार में छपना भी बड़ी बात हुआ करती थी, और जो भी समस्याएं या मुद्दे उठाए जाते थे, उन पर संबंधित विभाग ध्यान देते।

वर्ष 1995 में मैंने रायपुर देशबन्धु ज्वाइन किया। हमारे प्रधान संपादक ललित सुरजन जी थे। ललित जी जिन्हें सभी बड़े भैया कहते थे। सिर्फ संबोधन ही आत्मीय नहीं था, बल्कि देशबन्धु का माहौल ही आत्मीय और पारिवारिक था। किसी भी कर्मचारी व सहयोगी को नाम के साथ भैया का संबोधन किया जाता था। पिरामिडनुमा ढांचा नहीं था और न ही संपादक व प्रधान संपादकों से मिलने के बीच कोई दीवार थी। कोई भी बिना रोक-टोक मिल सकता है और किसी भी समस्या पर बात कर सकता है। नईदुनिया की तरह देशबन्धु में भी बहुत समृद्ध पुस्तकालय था, जहां संदर्भ सामग्री की फाइलें, फोटो व किताबों का भंडार था। देशबन्धु में ग्रामीण व विकासोन्मुख रिपोर्टिंग को काफी प्रमुखता दी जाती थी। यही कारण है कि देशबन्धु को कई बार राष्ट्रीय स्तर के स्टेट्समैन ग्रामीण पुरस्कार मिले। मुझे खुद देशबन्धु से ग्रामीण रिपोर्टिंग करने के लिए छत्तीसगढ़ के दूरदराज के इलाकों में भेजा गया। इस दौरान मुझे कमार, बैगा, भुंजिया जैसे आदिवासियों के जीवन में झांकने मौका मिला, उनकी अनूठी संस्कृति से साक्षात्कार करने का मौका मिला।

> मुझे राहुल बारपुते जी, जिन्हें सभी बाबा के नाम से संबोधित करते थे, का बहुत स्नेह मिला। उन्होंने मुझे बताया था कि पत्रकारिता एक श्रमसाध्य काम है, इसे सतही तौर पर नहीं करना चाहिए। वे कहते थे कि जैसे चिड़िया एक- एक तिनका लाकर उसका घोंसला बनाती है, उसी तरह पत्रकार तथ्यों को जुटाकर कहानी बनाते हैं।

सांस्कृतिक समृद्धता छत्तीसगढ़ की प्रमुख विशेषता है। यहां कई तरह के तीज-त्योहार, लोकगीत, लोकनृत्य आदि की साझी संस्कृति है। खेती की विविधतावाली संस्कृति है। पंडवानी और सतनामी के पंथी नृत्य मशहूर हैं। आदिवासियों की रंग-बिरंगी व एक-दूसरे को जोड़नेवाली संस्कृति को भी यहां देखा जा सकता है। मशहूर कृषि वैज्ञानिक डॉ.आर.एच.रिछारिया ने इसी इलाके से सैकड़ों प्रजाति के देशी धान के बीज संग्रहीत किए थे। इन सबको देशबन्धु में उचित स्थान मिलता था। स्थानीय संस्कृति को संजोने के लिए साप्ताहिक परिशिष्ट मंडई के नाम से प्रकाशित होता था। साहित्य व संस्कृति के लिए अक्षर पर्व की ख्याति थी।

देशबन्धु में कवि गोष्ठियां, साहित्यकारों का आना-जाना, जनमुद्दों पर विशेष रिपोर्टिंग देशबन्धु की प्राथमिकता थी। ग्रामीण खबरों पर जोर था। ग्रामीण संवाददाताओं की खबरों को फिर से लिखना, फोन पर व अन्य स्त्रोतों से तथ्यों की जांच करना, वरिष्ठ संपादकों द्वारा दुबारा खबर पढ़ना और संपादन करना और फिर खबर को अखबार में देना, एक पूरी लंबी प्रक्रिया होती थी। आज की तरह बेरोक-टोक खबरों की आवाजाही नहीं होती थी।

बल्कि उसके जनसरोकार व उपयोगिता का ख्याल रखा जाता था। देशबन्धु ने कई ग्रामीण संवाददाताओं का प्रशिक्षण किया और नए लेखक तैयार किए। उन्हें सामाजिक सरोकार व भाषायी संस्कारों से गढ़ा। दरअसल लिखना हो या पढ़ना, यह अभ्यास से ही आता है। लिखना लिखने से आता है और पढ़ना पढ़ने से। यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहनी चाहिए। बड़े भैया यानी ललित सुरजन जी बहुत ही अध्ययनशील थे। कवि व साहित्यकार थे। किताबें पढ़ना उन्हें बहुत प्रिय था। नईदुनिया और देशबन्धु में एक रिश्ता भी है। नईदुनिया इन्दौर के रायपुर संस्करण से इसकी शुरूआत हुई थी, जो बाद में स्वतंत्र रूप से देशबन्धु हो गया। शायद इसलिए भी इनमें समानताएं दिखाई देती हैं। मुझे दोनों में काम करने के सौभाग्य मिला। ऐसे अनूठे संपादकों का साथ मिला, जिन्होंने मेरी भाषा ही परिमार्जित नहीं की, पत्रकारिता के मूल्य दिए। अब राहुल बारपुते जी और ललित सुरजन जी, दोनों हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी सीख सदैव ही साथ रहेगी। आज के दौर में उन्हें याद करने का मतलब पत्रकारिता के मूल्यों को याद करना भी है, जिन पर चलने की जरूरत है।

■ देववंश दुबे

## लघुकथा

### समीकरण

अकाल पीड़ित देश का प्रजातंत्र अपने सिर पर एक बड़े मटके को लेकर संसद-मार्ग पर चल रहा था । रास्ते में किसी ने टोका--

'कौन हो भाई ?'

'एक देशभक्त !'

'यह सिर पर क्या रखा है ?'

'राहत कोष ।'

'कहीं से ला रहे हो या अपना है ?'

'नहीं ,बाढ़-पीड़ित क्षेत्रों से ला रहा हूँ ।'

'वहाँ से ? किसने दिया?'

'देश-विदेश में क्या दानवीरों की कमी है जो तुम मूर्खों की तरह पूछ रहे हो ?'

'अच्छा भाई , माफ़ करो । मगर ये तो बताओ कि इसे कहाँ लिए जा रहे हो ? ...क्या वहाँ इसकी ज़रूरत नहीं थी?'

'हद हो गयी। ज़रूरत क्या खाक होगी वहाँ ? मुट्ठी भर तो लोग बचे हैं !'

'तो फिर ?'

'फिर क्या , देखते नहीं दरवाज़े पर चुनाव कब से बैठा है।' बोलते-बोलते वह संसद में जा घुसा।

### संरक्षण

'तुम्हारा नाम ?'

'भूख।'

'कहाँ से आये हो ?'

'मौत के तट से ?'

'और तुम ?'

'मैं अपराध हूँ । उग्रवादियों की ओर से नेतृत्व करने आया हूँ ।'

'और तुम सब ?'

'मैं बलात्कार हूँ, मैं घूसखोरी हूँ, मैं अपहरण हूँ .....।' अनेक चेहरे प्रतिबिंबित हुए ।


'हाँ , बताओ ! तुम सब क्या चाहते हो?'

'संरक्षण।' सबों ने एक साथ अपनी आवाज़ें ऊँची कीं ।

'भाई , अभी तो मैं ही सुरक्षित नहीं हूँ । क्या पता कल रहूँ ,ना रहूँ ।......'

'सर! हम लोगों के रहते आपकी सुरक्षा पर कोई प्रश्न चिह्न नहीं लगा सकता । हम वादा करते हैं ।'

एक कुटिल मुस्कान मंत्री के होठों पर फैल गई और उन्होंने अपने दोनों हाथों से संरक्षण का प्रतीकात्मक संकेत दे दिया।



## ग़ज़ल

दुनिया में हूँ दुनिया का तलबगार नहीं हूँ
अकबर इलाहाबादी

दुनिया में हूँ दुनिया का तलबगार नहीं हूँ
बाज़ार से गुज़रा हूँ ख़रीदार नहीं हूँ

ज़िंदा हूँ मगर ज़ीस्त की लज़्ज़त नहीं बाक़ी
हर-चंद कि हूँ होश में हुश्यार नहीं हूँ

इस ख़ाना-ए-हस्ती से गुज़र जाऊँगा बे-लौस
साया हूँ फ़क़त नक़्श-ब-दीवार नहीं हूँ

अफ़्सुर्दा हूँ इबरत से दवा की नहीं हाजत
ग़म का मुझे ये ज़ोफ़ है बीमार नहीं हूँ

वो गुल हूँ ख़िज़ाँ ने जिसे बर्बाद किया है
उलझूँ किसी दामन से मैं वो ख़ार नहीं हूँ

या रब मुझे महफ़ूज़ रख उस बुत के सितम से
मैं उस की इनायत का तलबगार नहीं हूँ

गो दावा-ए-तक़्वा नहीं दरगाह-ए-ख़ुदा में
बुत जिस से हों ख़ुश ऐसा गुनहगार नहीं हूँ

अफ़्सुर्दगी ओ ज़ोफ़ की कुछ हद नहीं 'अकबर'
काफ़िर के मुक़ाबिल में भी दीं-दार नहीं हूँ

दो लफ्ज़ मुहब्बत के लिखने की तमन्ना है।
बाज़ार ए मुहब्बत में बिकने की तमन्ना है।

वो नाम मेरा लिखकर चाहे तो मिटा डाले
बस उसके ही हाथों से मिटने की तमन्ना है।

ये चीज़ बुरी लेकिन मुझको तो यही करनी
नासूर ए मुहब्बत बन रिसने की तमन्ना है।

जब दुनिया ये कहती है तो लगता ड्रामा सब
पर याद में तारों को गिनने की तमन्ना है।

यूँ तो हूँ मैं आवारा कब कैद मुझे भाती
पर ज़ुल्फ के साए में घिरने की तमन्ना है।

इस पेट की ख़ातिर हम तो घूम चुके दुनिया
बस एक जगह पर अब टिकने की तमन्ना है।

गिर जाऊं अगर इसमें फिर करना किनारा क्या
तेरे दिल के समंदर में गिरने की तमन्ना है।

■ हरदीप बिरदी

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## ऑस्ट्रेलिया में वाहन पलटने से चार लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स प्रांत के उत्तरी हिस्से में शनिवार तड़के वाहन के पलट जाने से एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार करीब 05:45 बजे उस समय हुई, जब एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही वार्डेन में आपातकालीन सेवाकर्मी मौके पर पहुंचे। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का यूक्रेन संकट खत्म करने का आह्वान

■ सुरक्षा परिषद की बैठक में की अपील



**संयुक्त राष्ट्र,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूक्रेन संकट को समाप्त करने का आह्वान किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार को यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर होने वाली सुरक्षा परिषद की बैठक में यह अपील की। गुटेरेस ने कहा, यह शांति का सही समय है - संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र हासभा के प्रस्तावों पर आधारित न्यायसंगत शांति। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय विवादों को शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाया जाएगा और सभी राज्यों को किसी अन्य राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ धमकी या बल के प्रयोग से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, यूक्रेन संघर्ष दुनिया में भू-राजनीतिक विभाजन को गहरा कर रहा है, क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा दे रहा है और अन्य जरूरी वैश्विक मुद्दों के समाधान की संभावना सीमित कर रहा है। यह दुनिया को सुरक्षित बनाने वाले साझा मानदंडों और मूल्यों को कमजोर कर रहा है। संघर्ष ने खाद्य कीमतों में वृद्धि, आर्थिक झटके और वैश्विक जीवन-यापन संकट को बढ़ा दिया है। इससे विकासशील देश सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इस संघर्ष के परिणामस्वरूप परमाणु युद्ध की आशंका से दुनिया भर में भय व्याप्त है। गुटेरेस ने कहा, यह यूएन चार्टर के प्रति फिर से प्रतिबद्ध होने और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान का समय है। यूक्रेन और दुनिया भर में यही शांति और सुरक्षा का मार्ग है।

### रूसी निगरानी बेड़े को झटका

## यूक्रेन ने रूस के ए-50 को मार गिराया

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने एक रूसी ए-50 निगरानी विमान को नष्ट कर दिया है। वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर घोषणा करते हुए कहा, 'बायन' के नाम से जाने जाने वाले ए-50 ने अपनी अंतिम उड़ान भर ली है। उन्होंने परिष्कृत हवाई खतरों का मुकाबला करने में यूक्रेन के दृढ़ रुख पर भी जोर दिया। सैन्य सूत्रों ने विस्तार से बताया कि ए-50 का हश्र रूसी क्षेत्र में हुआ, ठीक रोस्तोव-ऑन-डॉन और क्रास्नोडार शहरों के बीच। वायु सेना और खुफिया निदेशालय द्वारा आयोजित संयुक्त अभियान रूस की उन्नत हवाई संपत्तियों को निष्क्रिय करने में यूक्रेन की रणनीतिक क्षमताओं को रेखांकित करता है। रूसी समाचार एजेंसियों ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में आपातकालीन सेवाओं के हवाले से घटना की पुष्टि की है। गिराए गए विमान के टुकड़े केनेवस्कॉय जिले में दलदली भूमि में पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशामकों की त्वरित प्रतिक्रिया आवश्यक हो गई। आधिकारिक रिपोर्ट में ए-50 का कोई सीधा संदर्भ नहीं दिया गया, जिससे घटना के आसपास की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए। यूक्रेन के सैन्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख किरिलो बुडानोव ने एक महीने पहले फाइनेंशियल टाइम्स को बताया था कि रूस के पास आठ ए-50 हैं।

## पुतिन के युद्ध से न केवल यूक्रेन बल्कि अमेरिका को भी खतरा: एंटनी ब्लिंकन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के सचिव एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध से न केवल यूक्रेन बल्कि वाशिंगटन, नाटो सहयोगियों और मुक्त खुले अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी खतरा है।

यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की दूसरी वर्षगांठ पर, अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, अमेरिका ने एक संप्रभु लोकतांत्रिक राष्ट्र की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सभी नाटो सदस्यों और जी 7 सहित 50 देशों का गठबंधन बनाया है। हम साथ मिलकर पुतिन के अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे।

कीव के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए अमेरिका ने कहा कि वह अपनी मातृभूमि की रक्षा में यूक्रेनी लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ा रहेगा।

## सुडोकू 6477

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 25 फरवरी, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1

### राशिफल

मेष -आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

वृषभ -आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों की रुचि रहेगी।

मिथुन -नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको अधिकारियों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है।

कर्क -आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दु:ख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

सिंह -आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या -आज आपके अहं को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

तुला -आप के लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आपकी आय में भी वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा।

वृश्चिक -आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति होगी।

धनु -आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। व्यवसाय में कई विघ्न आ सकते हैं। हानिकर विचारों से दूर रहें।

मकर -व्यावहारिक और सामाजिक काम से बाहर जाने के कारण आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। क्रोध से बचकर चलें। नकारात्मक भावनाओं को सकारात्मकता से दूर करने का प्रयास करें।

कुंभ -आज आप प्रत्येक कार्य आत्मविश्वास से पूरे करेंगे। प्रवास या पर्यटन की संभावना अधिक हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग एवं नए वस्त्र पहनने के अवसर आपको मिलेंगे। भागीदारों से लाभ होगा। वाहनसुख प्राप्त होगा।

मीन -आज का दिन शुभफलदायी है। आप में मनोबल और आत्मविश्वास अधिक रहेगा। शारीरिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार का वातावरण भी शांतिप्रद रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय प्राप्त होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## चीन में इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत



**नानजिंग,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्वी चीन के जिआंग्सु प्रांत की राजधानी नानजिंग में शुक्रवार सुबह एक इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई।

शुक्रवार सुबह लगभग 4:39 बजे, स्थानीय अग्निशमन विभाग को युहुताई जिले में एक आवासीय इमारत में आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई। बचावकर्मियों ने सुबह लगभग 6 बजे आग बुझाई और घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान दोपहर लगभग 2 बजे समाप्त हुआ। 44 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी, जहां बिजली का उपकरण रखा हुआ था। आगे की जांच चल रही है।

### पाकिस्तान के कानून मंत्री इरफान असलम बोले

## आईसीजे इजरायल को अंतरराष्ट्रीय कानून में छूट न दें : पाकिस्तान



**इस्लामाबाद,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजरायल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजरायल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा, यदि उन्होंने इजरायल को अपनी लगातार गंभीर गलतियों से लाभ उठाने से नहीं रोका।

उन्होंने तर्क दिया कि इजरायल की नीतियां अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन करती हैं और इस प्रकार, अनियंत्रित नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने जमीन पर अपरिवर्तनीय परिवर्तन करने और अवैध कब्जे को कायम रखने के लिए इजरायल की बसने की नीति की भी आलोचना की।उन्होंने कहा, मैंने आईसीजे से फिलिस्तीनी अधिकारों पर इजरायली नीतियों के गंभीर प्रभाव और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के व्यापक उल्लंघन को स्वीकार करने का आह्वान किया है। पाकिस्तान ने फिलीस्तीन को समर्थन देते हुये, इजरायल से तत्काल युद्धविराम करने और यहां के लोगों को मानवीय सहायता तथा एक व्यवहार्य समाधान का आह्वान किया। गौरतलब है कि आईसीजे की सुनवाई में विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने इजरायल के आचरण की निंदा की है, जिस पर उपनिवेशवाद से लेकर जातीय सफाई और नरसंहार तक के आरोप शामिल हैं।

## अमेरिकी नौसेना ने आठ करोड़ डॉलर के सौदे को मंजूरी दी



**वाशिंगटन,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूपोर्ट न्यूज के हंटिंगटन इंगल्स को परमाणु ऊर्जा से चलने वाले विमानवाहक पोत जॉन सी. स्टेनिस के परमाणु रिएक्टर में ईंधन भरने और ओवरहालिंग का काम जारी रखने और पूरा करने के लिए अमेरिकी नौसेना से आठ करोड़ डॉलर का अनुबंध विस्तार प्राप्त हुआ है। रक्षा विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी घोषणा की। शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, हंटिंगटन इंगल्स न्यूपोर्ट न्यूज, वर्जीनिया को आकस्मिक कार्य के लिए यूएसएस जॉन सी. स्टेनिस (सीवीएन 74) ईंधन भरने वाले जटिल ओवरहाल के लिए आठ करोड़ डॉलर...संशोधन...अनुबंध से सम्मानित किया गया है। रक्षा विभाग ने कहा कि ओवरहाल का सारा काम न्यूपोर्ट न्यूज़, वर्जीनिया में किया जाएगा। रक्षा विभाग के अनुसार, यह काम वाशिंगटन डीसी में नेवल सी सिस्टम्स कमांड की देखरेख में 10 यूएस कोड 3204(ए)(1) के अनुसार हंटिंगटन इंगल्स द्वारा किया जाएगा।


## अमेरिका में हेलीकॉप्टर हादसे में दो सैनिकों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रांत मिसिसिपी में प्रशिक्षण के दौरान एक सैन्य हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो सैनिकों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने एक्स पर पोस्ट किया मिसिसिपी नेशनल गार्ड को प्रेंटिस काउंटी में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक अपाचे एएच -64 हेलीकॉप्टर दुर्घटना का सामना करना पड़ा। दु:ख की बात है कि हेलीकॉप्टर पर सवार दोनों गार्ड्समैन जीवित नहीं बचे। एनबीसी न्यूज ने मिसिसिपी नेशनल गार्ड के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि घटना शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे जंगली इलाके में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई।

## मिसिसिपी में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो सैनिकों की मौत

**वाशिंगटन,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के दक्षिणी प्रांत मिसिसिपी में शुक्रवार को एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो सैनिकों की मौत हो गई। यह जानकारी मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने एक्स पर दी। गवर्नर ने कहा, मिसिसिपी नेशनल गार्ड को प्रेंटिस काउंटी में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अपाचे एएच-64 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त मिला। दुख की बात है कि विमान में सवार दोनों गार्डमैन जीवित नहीं बचे। एनबीसी न्यूज ने मिसिसिपी नेशनल गार्ड के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि दो सीटों वाला हेलीकॉप्टर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दोपहर लगभग दो बजे (2000 जीएमटी) एक जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मिसिसिपी नेशनल गार्ड ने कहा कि इस समय हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता मृतकों के परिवार को उचित दुर्घटना सहायता प्रदान करना है और घटना की जांच चल रही है।

## वर्ग पहेली 6477



**बायें से दायें:-**

१. सरस्वती
४. दोष या खराबी को दूर करना
६. सेना, फौज
७. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
८. बचपन का मित्र
१०. बालटी जैसा पात्र जिसमें फूल आदि के पौधे लगाए जाते हैं
११. लाना, ले जाना करना, ग्रंथ, लेखादि लिखना, रचना, वितरंग
१३. घटाना, छोटा रूप, फेंकना, भेजना, हरण
१४. अनिच्छा, घृणा, विरक्ति, रुचि के प्रतिकूल
१५. बूढ़ा आदमी
१७. उसी अर्थ में
१९. कुतुहल, अचंभा, हास्य-विनोद, हँसी-मजाक
२१. झगड़ालू
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. यश बढ़ाने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. बहादुर महिला
२. किसी पदार्थ का विशेषकर द्रव पदार्थ का भाप बन जाना
३. नीला-आकाश
४. देवकन्या, अप्सरा
५. धनी, अमीर (उर्दू)
९. खाने की वस्तु
११. मशहूर
१२. यूनान का निवासी
१३. एकत्र या जमा किया गया
१४. किंतु, परंतु
१५. व्यवसाय पर लगने वाला कर
१६. तालाब, सरोवर
१८. देखने वाला, प्रेक्षक
१९. कुरु का वंशज, कुरु नरेश
२०. मुश्किल
२३. स्वामी, पति

### वर्ग पहेली-6476

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | ष्प | २ रा | ज | ३ य | ■ | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| ७ दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | ■ | ह | ■ | १० त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ ब | ल | १२ आ | ना | ■ | ■ | १३ घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | १४ पिं | ज | रा | ■ | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | ■ | ज | ■ | १७ ना | १८ का | म |
| त | ■ | रू | ■ | १९ दू | र | स्थ | ■ | हि | ■ |
| २१ नि | ष्पा | प | ■ | भ | ■ | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | ■ | २४ म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1066 – नॉर्मन कॉन्क्रेस्ट-विलियम द कॉन्करर को इंग्लैंड के राजा का ताज पहनाया गया।
1643 – ईस्ट इंडिया कंपनी के जहाज के कप्तान विलियम मायर्स, रयल मैरी, एक निर्जन द्वीप पर उतरे और इसका नाम क्रिसमसलैंड रखा।
1763 – भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या।
1771 – मुगल शासक शाह आलम द्वितीय मराठों के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे।
1861 – महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक मदन मोहन मालवीय का जन्म।
1872 – संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड पंडित गंगानाथ झा का जन्म।
1876 – पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना का कराची में जन्म।
1878 – डॉक्टर चार्ल्स ड्राईस्डेल ने एक लेख लिखकर सबसे पहले तंबाकू से होनेवाले नुकसान की जानकारी दी।
1924 – पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म।
1926 – जापान के सम्राट तायशो की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हुई।
1946 – ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया।
1962 – सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
1972 – भारत के अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का निधन।
1974 – रोम जा रहे एयर इंडिया के विमान बोइंग 747 का अपहरण।
1977 – दुनिया के मशहूर अभिनेता चार्ली चैप्लिन का निधन।
1978 – वियतनाम ने कंबोडिया के खमेर रूज के खिलाफ एक बड़ा आक्रामक शुरू किया।

### तैयारी — अंतरिक्ष एजेंसी नासा के उपकरण चंद्रमा की सतह पर ठीक से काम कर रहे

## चंद्रमा का अध्ययन करने के लिए तैयार नासा

**वाशिंगटन,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस बात से उत्साहित है कि उसके विज्ञान उपकरण और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन चंद्रमा की सतह पर ठीक से काम कर रहे हैं। इंट्यूएटिव मशीन्स का नोवा-सी लैंडर, जिसे ओडीसियस कहा जाता है, स्वस्थ है, सौर ऊर्जा एकत्र कर रहा है और डेटा को अमेरिका के ह्यूस्टन में कंपनी के मिशन नियंत्रण में वापस भेज रहा है। छह नासा विज्ञान अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों को लेकर, ओडीसियस का सतही संचालन चल रहा है और 29 फरवरी तक चलने की उम्मीद है।

अब जब वे चंद्र सतह पर हैं, तो नासा के उपकरण चंद्र सतह की बातचीत और रेडियो खगोल विज्ञान की जांच पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

लूनर नोड 1 नेविगेशन डिमॉन्स्ट्रेटर एक छोटा, क्यूबसैट आकार का प्रयोग है जो नेविगेशन का प्रदर्शन करेगा, जिसका उपयोग भविष्य के लैंडर्स, सतह के बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा किया जा सकता है, जो अन्य अंतरिक्ष यान, ग्राउंड स्टेशनों के सापेक्ष चंद्रमा पर उनकी स्थिति की डिजिटल पुष्टि करता है।

लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर ऐरे आठ रेट्रोरिफ्लेक्टरों का एक संग्रह है, जो सटीक लेजर रेंजिंग को सक्षम बनाता है, जो परिक्रमा करने वाले या उतरने वाले अंतरिक्ष यान से लैंडर पर रिफ्लेक्टर के बीच की दूरी का माप है। सरणी एक निष्क्रिय ऑप्टिकल उपकरण है



■ नासा के उपकरण चंद्र सतह की बातचीत और रेडियो खगोल विज्ञान की जांच पर ध्यान केंद्रित करेंगे

और आने वाले दशकों तक चंद्रमा पर एक स्थायी स्थान मार्कर के रूप में कार्य करेगा।रेडियो फ्रीक्वेंसी मास गेज एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है जो कम गुरुत्वाकर्षण वाले अंतरिक्ष वातावरण में अंतरिक्ष यान टैंकों में प्रणोदक की मात्रा को मापता है।

नासा ने कहा कि सेंसर तकनीक का उपयोग करते हुए, गेज नोवा-सी के ईंधन और ऑक्सीडाइज़र टैंक में क्रायोजेनिक प्रणोदक की मात्रा को मापेगा, जो डेटा प्रदान करेगा, जो भविष्य के मिशनों पर ईंधन के उपयोग की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है।रेडियो-वेव ऑब्जर्वेशन एट द लूनर सरफेस ऑफ द फोटोइलेक्ट्रॉन शीथ% उपकरण रेडियो फ्रीक्वेंसी में चंद्रमा की सतह के वातावरण का निरीक्षण करेगा, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि सतह के पास प्राकृतिक और मानव-जनित गतिविधि कैसे परस्पर क्रिया करती है।नासा का एक अन्य उपकरण, %लूनर प्लम-सरफेस स्टडीज के लिए स्टीरियो कैमरा% चार छोटे कैमरों का एक सूट है जो इमेजरी कैप्चर करता है जो दर्शाता है कि चंद्रमा की सतह पर उतरने के दौरान और बाद में अंतरिक्ष यान के इंजन प्लम के साथ बातचीत से कैसे बदलती है।

## दुनिया को जानें

## रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का 'डूबा' खजाना

**बोगोटा,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने 'सैन जोस' गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को पुन: प्राप्त करने की योजना की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो चाहते हैं कि सैन जोस जिसे 1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए।कोलम्बियाई सरकार के अनुसार, 20 बिलियन डॉलर (16 बिलियन पाउंड) की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा।अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था। स्पेन के राजा फिलिप वी के दरबार में बहूमूल्य रत्न पेश किये जाने वाले थे। इस दुर्घटना में जहाज में सवार 600 लोगों में से कुछ ही बच पाए थे। सूत्रों ने कहा, वर्ष 1708 में ब्रिटिश नौसेना के साथ झड़प के बाद सैन जोस कार्टाजेना के कोलंबियाई बंदरगाह पर डूब गया था।


# प्रादेशिकी

**सात बच्चों पाए गए एच 1एन 1 के लक्षण, एक अस्पताल में भर्ती, बाकी डिस्चार्ज**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओपीडी में बच्चों में एच 1 एन 1 सब टाइप पॉजिटिव पाए जा रहे हैं, जो स्वाइन फ्लू को प्रेजेंट करता है। डॉक्टरों का कहना है कि इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधानी बरतने की जरूरत है। दून अस्पताल की बाल रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक के अनुसार भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार अस्पताल में आने वाले बच्चों के स्वाइन फ्लू के टेस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में इनफ्लुएंजा ए सब टाइप की जांच की गई तो इनमें से सात बच्चों में स्वाइन फ्लू के लक्षण पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल एक बच्चा अस्पताल में एडमिट है, जबकि एच1एन1 सब पॉजिटिव पाए गए अन्य बच्चों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड दिल्ली से गिरफ्तार

- उत्तराखंड पुलिस ने की पुष्टि
- दिल्ली से लाया जा रहा हल्द्वानी





**हल्द्वानी,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। बनभूलपुरा कांड का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक घटना के 16 दिन बाद भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश के लिए नेपाल समेत देश के कई शहरों में छापेमारी कर रही है। अब्दुल मलिक अपनी पत्नी और बेटे समेत फरार है। पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसके बेटे को हल्द्वानी हिंसा मामले में वांटेट घोषित किया है। इस बीच हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक के वकीलों से बड़ी सूचना मिली है। वकीलों ने बताया कि अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। अब्दुल मलिक के अधिवक्ता अजय कुमार बहुगुणा और शैलभ पांडे ने बताया हल्द्वानी के सेशन कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। अब्दुल मलिक ने सेशन कोर्ट में एंटीसिपेटरी बेल यानी अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। जिसमें उसने गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। अब्दुल मलिक के वकीलों ने बताया उत्तराखंड पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। अधिवक्ता के मुताबिक उत्तराखंड पुलिस अब्दुल मलिक को हल्द्वानी लेकर आ रही है। फिलहाल, इस बात की उत्तराखंड पुलिस पुष्टि नहीं कर रही है। गौर है कि बनफूलपुरा में 8 फरवरी को हुई हिंसा में उपद्रवियों ने जमकर पथराव और आगजनी की। जिसमें 300 से अधिक लोग घायल हुए थे, जबकि आगजनी और हिंसा में 8 करोड़ से अधिक की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। पुलिस और उपद्रवियों के बीच हुई फायरिंग में पांच लोगों की जान भी गई है। हिंसा के अन्य आरोपियों की पुलिस धरपकड़ के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। हिंसा का मुख्य आरोपी मोस्ट वांटेड अब्दुल मलिक और उसका बेटा मोईद फरार चल रहे थे। जिसमें से अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी की खबर आ रही है।

### कौन है अब्दुल मलिक

हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड बताया अब्दुल मलिक मुस्लिम समुदाय में बंजारा परिवार से आता है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा हल्द्वानी में हुई। उसने बीए की शिक्षा नैनीताल से की है। अब्दुल मलिक के परिवार का पुराना काम चावल और अनाज बेचने था। वो अपने पिता के साथ चावल का कारोबार करता था। राजनीतिक पहुंच रखने वाले अब्दुल मलिक की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी में भी पैठ बताई जाती है। उत्तर प्रदेश के जमाने में वो विधानसभा चुनाव लड़ चुका है। 1990 के दशक में चड्ढा ग्रुप के साथ खनन में भी अपना हाथ आजमा चुका है। रेलवे के ठेकेदारी में भी अपना हाथ आजमा चुका है। बताया जा रहा है कि अब्दुल मलिक के हरियाणा और चंडीगढ़ में भी कई कारोबार हैं। अब्दुल मलिक 25 साल पहले हल्द्वानी के एक सपा नेता की हत्याकांड के मामले में वांटेड रह चुका है और सजा भी काट चुका है। वो लग्जरी गाड़ियों में घूमने का शौकीन है। अपने साथ कई निजी गनर भी लेकर चलता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब्दुल मलिक ने सरकारी भूमि पर अवैध मदरसा और मस्जिद बनाकर अपने समुदाय में अच्छी खासी पैठ बना ली थी। उसका मकसद यही था कि अवैध मदरसे और मस्जिद की आड़ में वो नगर निगम को दबाव में ले लेगा और निगम उससे सरकारी जमीन खाली कराने को नहीं कहेगा। जब नगर निगम अवैध निर्माण गिराने गया तो उसके आह्वान इतनी बड़ी अराजक भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसने बनभूलपुरा थाने को आग लगाने के साथ ही 70 से ज्यादा वाहनों को फूंक दिया।वर्ष 19 मार्च 1998 को सपा नेता रहुफ सिद्दीकी हत्याकांड में भी अब्दुल मलिक का नाम शामिल है। इस मामले में वो कई सालों तक जेल में रह चुका है। अब्दुल मलिक के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

### मलिक के वकीलों ने कोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत याचिका

बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को सलाखों के पीछे करने में पुलिस अब तक सफल नहीं हो सकी है। प्रशासन उस पर हर तरह से शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक के वकीलों ने कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। इस पर सुनवाई 27 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि आठ फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया था। इसमें सैकड़ों कर्मी घायल हुए थे। इसके अलावा नगर निगम की संपत्ति को भी नुकसान हुआ था। बाद में नगर निगम ने ढाई करोड़ से अधिक की राशि की भरपाई के लिए अब्दुल मलिक को नोटिस भेजा।

## 26 फरवरी से होगा बजट सत्र, पूरी हुई तैयारियां



- विधानसभा अध्यक्ष ने सुरक्षा को लेकर ली बैठक

**देहरादून,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। 26 फरवरी से आयोजित होने जा रहे धामी सरकार के बजट सत्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में आज विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सुरक्षा व्यवस्था और लायन आर्डर को लेकर बैठक आयोजित की। मीटिंग में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, जिलाधिकारी और कप्तान मौजूद रहे। उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र इस बार देहरादून में आयोजित किया जाएगा। ये सत्र कितने दिनों का होगा, अभी यह तय नहीं हुआ है। बता दें कि धामी सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश करेगी। अब तक विधायकों से तकरीबन 300 से अधिक प्रश्न मिल चुके हैं। संबंधित विभागों के माध्यम से प्रश्नों के जवाब तैयार कराए जा रहे हैं। विधानसभा परिषद के निकट धारा 144 लागू कर दी गई है और विप मोमेंट के दौरान ट्रैफिक जीरो और डायवर्ट किया जाएगा। हालांकि इस दौरान परीक्षाएं होने से बच्चों को परेशानियां भी हो सकती हैं। ऐसे में जिलाधिकारी ने दावा किया है कि बच्चों और उनके परिजनों को कम से कम परेशानी हो, यह प्रयास किया जा रहा है।

विपक्ष द्वारा गैरसैंण में बजट सत्र आयोजित न करने के विरोध में किए जा रहे हैं सांकेतिक आयोजन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्र कहां पर आयोजित किया जाना है। इसमें सरकार का सुझाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि कई विधायकों द्वारा पत्र लिखकर भी अनुरोध किया गया था कि इस विधानसभा सत्र को देहरादून में ही आयोजित किया जाए।

### विधानसभा अध्यक्ष को मिले तकरीबन 300 सवाल

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने बताया कि अब तक उनके पास विधायकों के तकरीबन 300 सवाल आ चुके हैं। उनका प्रयास रहेगा कि विधानसभा सत्र के दौरान ज्यादा से ज्यादा सवालों का जवाब सदस्यों को मिल सके। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए व्यवस्थाएं ना बिगड़े, इसलिए विधायकों को लिमिटेड पास जारी किए जाएंगे और अगर विधायकों को अपने साथ अतिरिक्त लोगों को विधानसभा सत्र की कार्रवाई दिखाने के लिए लाना है, तो उन्हें अलग से आवेदन करना होगा।

**सार संक्षेप**

### बनभूलपुरा में महिलाओं से अभद्रता की खबरों का पुलिस ने किया खंडन

**देहरादून।** पुलिस महानिरीक्षक प्रवक्ता पुलिस मुख्यालय नीलश आनंद भरणे ने सोशल मीडिया पर प्रसारित बनभूलपुरा में महिलाओं से पुलिस द्वारा अभद्रता करने की खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खबरें सत्यता से परे है। शनिवार को यहां नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक पीध्एम एवं प्रवक्ता पुलिस मुख्यालय ने बताया कि बनभूलपुरा में पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता किये जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का हम पूर्णतः खण्डन करते हैं। इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। उत्तराखंड पुलिस ङ्मित्र पुलिस' के अपने ध्येय पर बहुत गर्व करती है। कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान हम कानून का पालन करने वाले सभी नागरिकों विशेषकर महिलाएं और बच्चे के साथ शिष्टाचार, स्नेह और सम्मान का व्यवहार करते हैं। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के प्रति उत्तराखंड पुलिस में शून्य सहिष्णुता है। यदि कोई विश्वसनीय साक्ष्य हैं तो वो उन्हें वर्तमान में चल रही मजिस्ट्रियल जांच के दौरान आयुक्त कुमाऊं या वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। हम उस पर विधिसम्मत और त्वरित कार्यवाही करेंगे। हम कानून के अनुसार नागरिकों के सम्मान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प रखते हैं।

### पुलिस उपाधीक्षक ने किया पुलिस बल के रुकने के स्थलों का निरीक्षण

**रूद्रप्रयाग।** आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी ने चुनावों के मद्देनजर ड्यूटी पर नियुक्त होने वाले पुलिस, पैरामिलिट्री बल के रुकने हेतु चयनित स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। विदित हो कि आगामी समय में सम्पूर्ण देश भर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रस्तावित हैं, इस हेतु आवश्यक तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी हैं। लोकसभा चुनाव को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने हेतु केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल (पैरामिलिट्री फोर्स) की भी तैनाती है। जनपद में चुनाव के दौरान नियुक्त होने वाले पुलिस, पैरामिलिट्री, होमगार्ड, पीआरडी व अन्य सहायक बल के रुकने, परिवहन व कर्तव्य निर्वहन हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी को वैलफेयर नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वैलफेयर नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी श्रीमती हर्षवर्धनी सुमन द्वारा चुनाव में लगने वाले पुलिस बल, अद्धसैनिक बल, होमगार्ड्स व पीआरडी के जवानों व अन्य सहायक बल के आवासीय व्यवस्था हेतु राजकीय इन्टर कॉलेज अगस्त्यमुनि, जनपद रुद्रप्रयाग का भौतिक निरीक्षण किया गया, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी द्वारा सभी जवानों की मूलभूत आवश्यकताओं, भोजनालय, आवासीय भवन, बिजली, पानी व अन्य बुनियादी जरूरतों का निरीक्षण कर परिलक्षित हो रही कमियों को समय से दुरस्त करने हेतु जिला प्रशासन से पत्राचार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### सुडोकू 6477 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## पूर्व मंत्री हरक सिंह की बहू को भी ईडी का नोटिस



- ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाया, अन्य करीबी भी लपेटे में

देहरादून, 24 फरवरी (देशबन्धु)। कुछ दिन पूर्व प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री हरक सिंह व उनके करीबियों के यहां छापा मारने के बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ताजा घटनाक्रम के तहत ईडी ने उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को समन भेजकर उन्हे 29 फरवरी को बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक हरक सिंह रावत को पूछताछ के लिए देहरादून स्थित ईडी के दफ्तर में 29 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर 11 बजे के बीच बुलाया गया है। जांच एजेंसी उत्तराखंड से जुड़े वन घोटाला व अन्य अचल प्रॉपर्टी के मामले में पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी के सूत्र बताते हैं कि हरक सिंह रावत की बहु अनुकृति गोसाईं को भी पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। उन्हें 7 मार्च को बुलाया गया है। कुछ दिन पूर्व ईडी ने हरक सिंह की करीबी लक्ष्मी राणा के बैंक लाकर्स भी खंगाले थे। छापे में ईडी ने कई सम्पत्तियों के दस्तावेज हासिल किए थे। इस बीच, हरक सिंह से जुड़े कई अन्य लोग भी ईडी के रडार पर बताए जा रहे हैं। अभी तक के छापे में कुछ अन्य चर्चित नाम भी सामने आ रहे हैं। ईडी जल्द ही कुछ अन्य करीबियों की चल अचल संपत्ति के बाबत भी दस्तावेज तलाश कर सकती है। 2016 में कांग्रेस तोड़ कर भाजपा में जाने और 2022 में वापस कांग्रेस में आने के बाद हरक सिंह नर बहु अनुकृति गुसाईं को चुनाव लड़वाया था। स्वंय चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन बहु चुनाव हार गई थी। पाखरो टाइगर सफारी घोटाला

जांच एजेंसी ईडी ने उत्तराखंड वन विभाग से जुड़े घोटाला मामले में 7 फरवरी को तीन राज्यों में छापेमारी की थी। जांच एजेंसी ईडी ने हरक सिंह सहित कई अन्य आरोपियों के खिलाफ सात फरवरी को सुबह एक बड़ी सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की थी। जिसमें दिल्ली, उत्तराखंड, चंडीगढ़, पंचकूला सहित कुल 16 लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई को अंजाम दिया था । ये मामला उस वक्त का है, जब हरक सिंह रावत उत्तराखंड सरकार में वन मंत्री थे। साल 2019 में बीजेपी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रहे त्रिवेन्द्र सिंह रावत सरकार ने साल 2019 में पाखरो में टाइगर सफारी निर्माण के लिए केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मांगी थी। साल 2019-20 में पाखरो में करीब 106 हेक्टेयर वन भूमि पर कार्य भी शुरू कर दिया गया था। इसी प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान करीब 163 पेड़ काटे जाने की बात कही गई।

## संत रविदास सामाजिक समरसता व मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे : धामी



- संत रविदास की जयंती पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हरिद्वार,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हरिद्वार दौरे पर रहे। दौरे के दौरान उन्होंने सबसे पहले शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस दौरान सीएम धामी ने लोगों से मुलाकात की भी। साथ ही कहा कि आज का दिन ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव को मिटाकर जीवन में सबको साथ लेकर चलने के लिए संकल्प करने का दिन है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज का दिन सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को दूर कर आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानने का दिन है। संत रविदास जी सामाजिक समरसता और सद्भाव के मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे। उन्होंने समाज में फैली बुराइयों तथा कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत का इतिहास रहा है, जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत या ऋषि भारत में जन्म लेते हैं। संत रविदास जी उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोर और विभाजित हो चुके भारत को नई ऊर्जा दी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि रविदास जी ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। संत रविदास जी ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो। उनके बताए रास्तों पर चलते हुए हम सुखी जीवन के सूत्र सीख सकते हैं। महान संत गुरु रविदास जी के संदेशों को अपनाकर ही आज का भारत और उत्तराखंड विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है। संत रविदास जी सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक हैं, इसलिए उनके संकल्प को ही ध्येय मानकर हम उत्तराखंड के सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में बसे गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा हेतु प्रयासरत हैं।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार श्संत शिरोमणि रविदास जीश् के बताए मार्ग पर चलकर दलित-शोषित-पिछड़ों व वंचितों के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है। मुझे याद है कि संत रविदास जी ने कहा था कि 'ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबन को अन्न छोट-बड़ो सब सम बसे, रविदास जी रहे प्रसन्न। अर्थातरू मैं, एक ऐसा राज चाहता हूं, जिसमें सभी को अन्न मिले कोई भूखा न रहे, हर कोई एक समान, समरस होकर रहे।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का प्रदेश में सफलतापूर्वक किया जाएगा क्रियान्वयन : एम. सुधा

**शिमला,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। सचिव, स्वास्थ्य एम. सुधा देवी ने शुक्रवार को शिमला में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में 3 मार्च, 2024 को आयोजित किए जाने वाले टीकाकरण की तैयारी संबंधी बैठक की अध्यक्षता की।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण के महत्व पर बल देते हुए एम.सुधा देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वस्थ बच्चों के लक्ष्य की प्राप्ति से स्वस्थ हिमाचल का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म नियोजन और आशा वर्कर व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 03 मार्च, 2024 को पांच वर्ष तक के सभी शिशुओं को स्वास्थ्य केन्द्रों, बूथों और मोबाइल टीमों द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रदेश के 5,870 बूथों तथा 257 मोबाइल टीमों के माध्यम से 59 लाख, 65 हजार 170 शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को पोलियो की खुराक देने पर विशेष बल दिया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित व्यस्कों का एडल्ट बीसीजी टीकाकरण शीघ्र आरम्भ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रदेश के छह जिलों में 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का एडल्ट बीसीजी टीकाकरण करवाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत बिलासपुर, कांगड़ा, किन्नौर, मण्डी, सिरमौर और ऊना जिला के 2,64,426 लोगों का बीसीजी टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। बीसीजी टीकाकरण टीबी की बीमारी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठक में राष्ट्रीय पोलियो अभियान और एडल्ट बीसीजी टीकाकरण के सम्बन्ध में की जाने वाली पूर्व तैयारियों के बारे में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई।

## कांग्रेस की गारंटी गुल, एजेंडा बदलने का प्रयास : बिंदल



**शिमला,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बयान देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की तरफ से आज अखबारों में एक विज्ञापन लगा है और उस विज्ञापन को देखने से स्वयं स्पष्ट हो जाता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लिए जो गारंटियां कांग्रेस पार्टी की सरकार ने दी थी। हिमाचल प्रदेश की जनता को जिस तरह से कैमोफ्लैज किया था। पिछले दो बजट के अंदर उसमें से एक पैसे का काम भी जनता के लिए नहीं किया।

डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि इनका जो यह विज्ञापन है वो सेल्फ स्पिकिंग है। इसके अंदर 22,00,000 बहनों को 1500 रूपया महीना मिलना था। उसका कोई जिक्र नहीं है। एक भी बहन को एक भी पैसा इसके अंदर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इस विज्ञापन में अपनी 2 साल की उपलब्धियां लिखी हैं। कांग्रेस सरकार ने कहा था कि हम 100 रूपये लीटर दूध लेंगे, उसका कोई जिक्र नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान की कांग्रेस सरकार ने गारंटी दी थी की हम 300 यूनिट बिजली पहली कैबिनेट के अंदर फ्री कर देंगे। उसका इस विज्ञापन के अंदर कोई जिक्र नहीं। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा था कि 1,00,000 बेरोजगार युवकों को पहली कैबिनेट के अंदर हम सरकारी नौकरी देंगे, उसका कोई जिक्र नहीं, प्रदेश सराकर ने कहा था हम 5,00,000 बेरोज़गारों को रोजगार देंगे, उसका कोई इस विज्ञापन के अंदर जिक्र नहीं। 2रूपये किलो गोबर किसान से खरीदने की बात की थी। महिलाओं को विभिन्न प्रकार के और वायदे किये थे। इसके अंदर किसी भी प्रकार का कोई जिक्र नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने यह स्वीकार कर लिया है कि जो गारंटियां कांग्रेस सरकार ने दी थी, जिन मुद्दों को लेकर के वो चुनाव मैदान में आए थे, जिसके आधार के ऊपर उनको हिमाचल की जनता ने सत्ता में बैठाया था। उन सभी मुद्दों को छोड़ करके एक बार फिर कांग्रेस पार्टी और प्रदेश की सरकार जनता को दिग-भ्रमित करने के लिए नए-नए मुददे लेकरके आ गई है और यह दोबारा से 2024 के चुनाव में एक वातावरण बनाने के लिए दिग-भ्रमित करने के लिए यह एक सोंची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस की सरकार काम कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश की जनता की ओर से कांग्रेस पार्टी को कहना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने हिमाचल प्रदेश की जनता, 22,00,000 बहनों, 20,00,000 किसान परिवार, 20,00,000 बिजली के उपभोक्ताओं के साथ और 5,00,000 बेरोजगार युवकों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि ना तो बजट के अंदर कोई प्रावधान रखा है और ना ही जो वायदे आउटसोर्स के कर्मचारियों के साथ किये थे और छोटे कर्मचारीयों के साथ किये थे, कोई वायदा वर्तमान सरकार ने पूरा नहीं किया, ना ही उस वायदे की दिशा में बढ़ते हुए कांग्रेस पार्टी के कदम दिखाई देते हैं। डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय है।

## माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डूबकी



- स्थान के लिए देश विदेश से उमड़े श्रद्धालु
- माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है

**हरिद्वार,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। आज माघ पूर्णिमा है। माघ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को माघ पूर्णिमा कहा जाता है। माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से विशेष फल, मोक्ष और पुण्य की प्राप्ति होती है। धर्मनगरी हरिद्वार में आज गंगा स्नान के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत अन्य गंगा तटों पर गंगा स्नान किया। ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। पितरों का आशीर्वाद भी मिलता है और मन की इच्छा भी पूर्ण होती है।

पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि माघ मास का पुण्य इतना अधिक बताया गया है कि इस समय सभी देवी-देवता धरती पर अवतरित होकर कुंभ क्षेत्र में स्वयं स्नान करते हैं। जो भी व्यक्ति उनके साथ स्नान करता है, वह देवताओं के समान हो जाता है। पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि आज के दिन गंगा स्नान के बाद किया गया दान अक्षय हो जाता है।आज के दिन पितरों के लिए किया गया श्राद्ध तीर्थ श्राद्ध का फल देता है।

स्नान के विषय में उन्होंने बताया कि सबसे पहले मौन रहकर स्नान किया जाता है। माघ मास में तिल से बनी वस्तुओं का विशेष महत्व है। जैसे स्नान से पूर्व तिल से बने उबटन लगाएं, तिल जल में मिलाकर स्नान करें और स्नान के पश्चात तिल वाली मिठाई का दान करें। जितने तिल आप की मिठाई में होंगे उतने श्रेष्ठ वर्षों तक आप स्वर्ग में निवास करेंगे। कहा ये भी जाता है कि सभी देवी देवताओं का पुण्य फल भी आपको स्नान के साथ स्वयं मिल जाता है। जो व्यक्ति आज ऊनी वस्त्र और मिठाई दान करता है, वह व्यक्ति अपने मन की जो भी मनोकामनाएं है, उसको तो पूर्ण करता ही है साथ ही उसके पुण्य अक्षय भी हो जाते हैं।

माघ पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दान किया और भोजन कराया। सुबह ब्रह्म मुहुर्त में ही घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही दूसरे जिलों व पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालुओं का सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गया था। हरकी पैड़ी समेत अन्य गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और इसके बाद ब्राह्मणों को उचित दान-दक्षिणा दी। इसके साथ ही मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किया। हिंदू मान्यता के अनुसार माघ पूर्णिमा पर स्नान करने वाले जातकों को सौभाग्य और संतान सुख प्राप्त होता है। माघ पूर्णिमा पर दान, हवन, व्रत और जप किए जाते हैं।

## प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**शिमला,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू आज ऊना जिले के हरोली उपमंडल के गांव गोंदपुर जयचंद में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उनका 9 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री का आकस्मिक निधन परिवार विशेषकर मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उन्हें एक-दूसरे का भावनात्मक सहारा बनना होगा। प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री परिवार के लिए एक बड़ी ताकत और सहारा थीं। उनके विचारों और सरल स्वभाव का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री एक असाधारण शिक्षाविद् होने के साथ-साथ एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता भी थीं। शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए वह प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय के दिनों से ही उनसे परिचित था और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सादगी और समर्पण से सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल किया।

# प्रादेशिकी

## उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में नशेबाजी में सगे भाई की हत्या

**बाराबंकी,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के जहांगीराबाद क्षेत्र में शनिवार को नशेबाजी के बीच एक युवक ने मामूली विवाद में अपने सगे भाई की पीट पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना जहांगीराबाद अंतर्गत ग्राम पलिया निवासी राहुल व रचित ने आज दोपहर शराब पी जिसके बाद दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि रचित ने डंडों से वार कर राहुल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल राहुल को देख रचित ने भी अपने को चाकू मार लिया। ग्रामीणों की सहायता से परिजन दोनों को चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया जबकि रचित का इलाज किया जा रहा है।

# महायोजना लागू करने में न हो देर : योगी

- मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- वाराणसी, मुरादाबाद, लखनऊ समेत कई शहरों के सुनियोजित विकास के लिए महायोजना पर विचार किया



**वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक क्षेत्रीय विकास योजना तैयार हो : योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष शनिवार को उनके सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में जनपद रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महायोजना लागू करने में अब देर न हो, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथा शीघ्र लागू करें। बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी। स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इसका समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा को पूरे लखनऊ जनपद तक विस्तार दिया जाए। इसके अतिरिक्त, स्टेट कैपिटल रीजन डवलपमेंट अथॉरिटी का गठन हो रहा है।

इन प्रयासों से राज्य राजधानी क्षेत्र में सुनियोजित और सुस्थिर विकास की गति मिलेगी। लैंड यूज के बारे में जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। हर खसरे के बारे में अपडेट जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। अपना दायरा बढ़ायें। आय के नए स्रोत सृजित करें। धार्मिक/आध्यत्मिक स्थलों के विकास को महायोजना का हिस्सा बनाएं। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही अवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराने के प्रयास होने चाहिए। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर जोन तय होने चाहिए।

### हर जनपद में कुछ न कुछ खास है उसे करें प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहा कि सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की आवश्यकताओं का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को देखें। हर जनपद में कुछ न कुछ खास है, उसे प्रोत्साहित करें। महायोजना में इसका ध्यान रखा जाए। स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। आईटीआई की स्थापना के लिए इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थान दें। इससे युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान पाने में अधिक सहजता होगी।

## दलित समाज के लिए प्रेरणा बने संत रविदास

**मवाना,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। नगर के अम्बेडकर पार्क में अम्बेडकर समाज सुधार समिति ने शनिवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर नगर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर समाज में छूआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर एक सभ्य समाज का निर्माण किए जाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अम्बेडकर समाज सुधार समिति अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक एवं आध्यात्मिक संघर्ष किया था।

उन्होंने एक सभ्य समाज की न सिर्फ कल्पना की, बल्कि उसे मूर्त रूप देने में भी अहम भूमिका निभाई। वहीं डॉ भीमराव अंबेडकर ने भी विषय परिस्थितियों में रहकर दिखाया कि कड़ी मेहनत और संघर्ष से सफलता हासिल की जा सकती है और दलित समाज के लिए प्रेरणा बने। वहीं हर्षोल्लास के साथ संत रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण करके राहगीरों को हलवे का प्रसाद वितरण किया। अम्बेडकर समाज सुधार समिति अध्यक्ष विनोद कुमार, संरक्षक जयचंद फौजी, कोषाध्यक्ष रवि बिराना, अजीत सिंह, संजीव गौतम, हितेश ढिकोली, प्रहलाद सिंह, होशियार सिंह, ऊधम सिंह, सुबोध कुमार, राजपाल मिस्त्री, अशोक पटवारी, बिक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## लोकदल की विजय संकल्प महारैली आज, दिखाएंगे ताकत



- बिजनौर सीट पर विजय प्राप्त करने की तैयारी
- राष्ट्रीस महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह का लगातार बढ़ रहा जनाधार
- महारैली में शामिल होंगे लाखों कार्यकर्ता व समर्थक

**मवाना,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र की मीरापुर विधानसभा में लोकदल की प्रस्तावित विजय संकल्प महारैली रविवार को होगी। महारैली में लाखों की तादात में लोगों के पहुंचने की संभावना है। राजनीतिक हलकों में लोकदल की इस रैली को काफी अहम माना जा रहा है। पार्टी महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह महारैली की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। महारैली को लेकर लोकदल का भव्य मंच तैयार किया गया है। रैली की भव्यता को लेकर खूफिया विभाग की निगाहें इस पर लगी हुई हैं, जिसकी पल-पल की सूचना शासन तक पहुंचाई जा रही हैं। वहीं, कार्यकर्ताओं में भी महारैली को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। करीब चार महीने पहले राजनीति में धमाकेदार एंट्री करने के बाद से लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह का ग्राफलगातार बढ़ रहा है। लोकदल के संस्थापक भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग को पुरजोर तरीके से उठाने वाले चौधरी विजेंद्र सिंह की पहली जीत केंद्र सरकार द्वारा उनकी मांग पूरी करने के साथ हो चुकी है। वहीं, किसानों के लिए एमएसपी जैसे संवेदनशील मुद्दे को लेकर वह किसानों के बीच लोकदल की नीतियों का प्रचार कर रहे हैं। किसानों के अलावा वह पिछड़ा वर्ग और सर्वसमाज के लोगों के बीच पहुंचकर उनकी नब्ज टटोलने में भी कामयाब हुए हैं।

## सार संक्षेप

### स्क्रिप्ट के हिसाब से अभिनय करना जरूरी : रवि कर्णवाल



**मेरठ।** किसी भी फिल्म में अभिनेता का अभिनय स्क्रिप्ट के हिसाब से तय होता है और अभिनेता स्क्रिप्ट के हिसाब से अभिनय के अंदर अपनी भावनाओं को प्रकट करता है तब जाकर एक अच्छी फिल्म तैयार हो पाती है अभिनेता का इमोशंस पूरे सीन की कहानी बयां कर देता है और दर्शकों को फिल्म के साथ बांधने का काम करता है तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में फिल्म मेकिंग पर चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन फिल्म कलाकार रवि कर्णवाल ने कही। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में फिल्म मेकिंग पर चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन छात्रों को इमोशंस के बारे में बताया गया फिल्म कलाकार रवि कर्णवाल ने छात्रों की टीम बनाकर एक सीन क्रिएट करने के लिए दिया पांच पांच छात्रों की बनी 7 टीमों को अलग-अलग सीन कराए गए जिसमें अभिनेता द्वारा बोले जाने वाले डायलॉग के साथ-साथ इमोशंस भी प्रकट किए गए। मनोज कुमार श्रीवास्तव लव कुमार डॉक्टर दीपिका वर्मा बीनम यादव प्रशासनिक अधिकारी मितेंद्र कुमार गुप्ता राकेश कुमार ज्योति वर्मा उपेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सूर्य कान्त त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में दिनांक 19 फरवरी से 21 फरवरी तक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मेरठ द्वारा स्कूल डिग्री कॉलेज एवं ग्राम पंचायत आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईएमटी इंजीनियरिंग कालेज मेरठ में आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत जनपद के समस्त विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय तथा डिग्री कालेज से एक-एक शिक्षक तथा जनपद की समस्त ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### गंगा में डूबा युवा

**फर्रुखाबाद।** गंगा में डूबे युवक जयपाल राजपूत के मर जाने की आशंका में परिवार में मातम छा गया। कायमगंज के ग्राम गंधिया निवासी बेनीराम राजपूत का 30 वर्षीय पुत्र जयपाल कटरी में गेहूं की फसल की रखवाली कर सुबह घर लौटते समय गंगा में डूब गया। गोताखोर काफी प्रयास करने के बावजूद जयपाल को नहीं ढूंढ सके।

### शोभित में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी ने नेक्सस नामक एक नई आधारित कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जितेश माथुर और देवांश थे, जिन्होंने कंप्यूटर साइंस विभाग के संगठन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यशाला ने आधुनिक दुनिया में प्वज् प्रौद्योगिकी के महत्व को जोरदारी से प्रकट किया। सभी छात्र कार्यशाला में उत्साहपूर्वक शामिल हुए और पूरे सत्र में सक्रिय रहे, उन्होंने आर्डिनो किट पर हाथ से अनुभव भी किया।

## विनायक विद्यापीठ में छात्र-छात्राओं ने रैंपवॉक कर बिखेरे जलवे

**मेरठ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। शनिवार को विनायक विद्यापीठ के मैनेजमैंट विभाग द्वारा एक फैशन शो फिएस्टा का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के क्षेत्र के कॉलेजों एवं स्कूलों की छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुद्रा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन अंजलि तोमर एवं विशिष्ठ अतिथि लोकप्रिय हॉस्पिटल की चीफ डाइटिशियन डॉ. भावना गांधी, सुकून सैलून की मैनेजिंग डायरेक्टर तनु सिंह, गार्गी गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. वाग्मिता त्यागी, दी आर्यन्स स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति मल्होत्रा, आर्मी पब्लिक स्कूल की गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष मोनिका राजधान एवं पीजीटी इंग्लिश आकांक्षा उपस्थित हुए जिनका महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा एवं निदेशक इंजी. विकास कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात रंग-बिरंगी लाइटों के बीच विभिन्न कॉलेजो छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की थीम पर कॉलेज में रैंप वॉक किया, नए तरीके से डिजाइन किए गए परिधान पहनकर जब छात्र-छात्राएं मंच पर आए तो उनकी खूबसूरती और बढ़ गई। अंत में जजों द्वारा अपने निर्णय में भगवती कॉलेज को (केरला राज्य) को प्रथम, विनायक विद्यापीठ के बीसीए विभाग (महाराष्ट्र राज्य) को द्वितीय एवं विनायक विद्यापीठ के बीपीईएस एवं साइंस विभाग (उत्तराखंड राज्य) को तृतीय स्थान दिया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



## सूचनाओं के आदान-प्रदान में न हो लापरवाही : दीपक मीणा

**मेरठ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु समस्त नोडल अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन के कार्यों की समग्र रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई गाइड लाइन तथा प्रेषित की जा रही सूचनाओ का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों का व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाते हुए ससमय सूचना प्रेषित की जाए तथा उनका अनुपालन समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन से संबंधित किसी भी कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। समस्त नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि जो भी सूचनाएं मांगी जा रही है समय से संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- लोकसभा चनाव सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा प्रशासन
- जिलाधिकारी ने की समस्त नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा



### सभी पोलिंग बूथ पर हो तैयारी हो सुनिश्चत

सभी पोलिंग बूथ पर पेंट लिखे जाने का कार्य फार्मेंट को एप्रूव कराते हुए पूरा किया जाए। एएमएफ मानक के अनुसार शत-प्रतिशत होना सुनिश्चित किया जाए। मास्टर ट्रेनर एवं ट्रेनिंग शेडयूल तथा ट्रेनिंग सेंटर पर समस्त व्यवस्थाओं को देख लिया जाए। प्रेक्षक के साथ उनकी जरूरत के अनुसार आवश्यक तैयारी पूर्व में ही कर ली जाए। उन्होने कहा कि नोडल अधिकारी अपने कार्यों से संबंधित निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर लें जिससे निर्वाचन से संबंधित किसी भी कार्य में व्यवधान उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कट्रोल रूम, रूट चार्ट, वेबकास्टिंग, कम्युनिकेशन प्लॉन, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, सीविजिल ऐप, स्वास्थ्य सेवा, महिला बूथ, यूथ बूथ, दिव्यांग बूथ, पिंक बूथ, एमसीएमसी, एमसीसी आदि कार्यों की सम्रग रूप से समीक्षा करते हुये कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

## विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला आयोजित

**मेरठ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत शनिवार को किसान निजी आईटीआई रोहटा, विकास खण्ड-रोहटा, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 9 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 9000 रुपए और अधिकतम 20000 रुपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 154 अभ्यर्थियों में, जो कि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 73 अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।




■ रोजगार मेले में नौ निजी क्षेत्र की कंपनियों ने किया प्रतिभाग

## शोभित विश्वविद्यालय में ऑनलइन व्याख्यान आयोजित

**मेरठ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में कृषि में उद्यमिता विकास विषय पर ऑनलइन व्याख्यान का आयोजन शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ और शोभित विश्वविद्यालय-गंगोह के कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी हैदराबाद के सहयोग से एक दिवसीय ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। व्याख्यान के वक्ता डॉ. जी. वेंकटेश्वरलू, संयुक्त निदेशक, आईसीएआर-एनएआरएम के द्वारा कृषि में उद्यमिता विकास पर प्रकाश डाला और साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्यों जैसे- छात्रों को उद्यमिता के बारे में उन्मुख करना।

## आरआईटी मवाना में कन्फेक्शनरी व बेकरी कार्यशाला आयोजित

**मवाना,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मवाना में, संस्थान की प्राचार्य डॉ. उर्मिला मोरल के नेतृत्व में पांच दिवसीय कन्फेक्शनरी और बेकरी कार्यशाला का एक शानदार प्रदर्शनी के साथ सफलतापूर्वक समापन किया गया।

इस कार्यशाला का प्राथमिक उद्देश्य न केवल छात्रों को पाक कौशल प्रदान करना था बल्कि आधुनिक पाक कला के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी था। कार्यशाला का प्रत्येक दिन एक विशिष्ट पाक विषय को समर्पित था, जिसकी शुरुआत पहले दिन कुकीज से हुई, उसके बाद चॉकलेट, नमकीन, स्नैक्स और पांचवें दिन केक के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतिम दिन आयोजित भव्य प्रदर्शनी थी, जिसमें कुकीज, चॉकलेट, नमकीन, स्नैक्स और केक में छात्रों की



मनोरम कृतियों का प्रदर्शन किया गया था। इससे प्रतिभागियों को अपने नए कौशल का प्रदर्शन करने और कॉलेज समुदाय के साथ अपनी पाक कला की उत्कृष्ट कृतियों को साझा करने का मौका मिला।

कार्यशाला की सफलता कॉलेज डीन रुचिका गुप्ता और उनकी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत से संभव हुई, जिसमें सहायक प्रोफेसर ऋचा शर्मा, पायल मेहरा और अनंता अग्रवाल शामिल थीं, जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**आयोजन** | *वेंक्टेश्वरा की ऑपरेशन स्माइल योजना का हुआ समापन*

## कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाना सभी का कर्तव्य : सुधीर गिरि

मेरठ, 24 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में विकसित भारत संकल्प-2047 के तहत पिछले साठ दिनों से गरीब मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए चलाई जा रही निःशुल्क कोचिंग एवं कैरियर गाइडेन्स योजना ऑपरेशन स्माइल-2024 का शानदार समापन हो गया। 24 दिसम्बर 2023 से चली आ रही इस योजना के तहत वेंक्टेश्वरा समूह के मेरठ गजरौला परिसर के पाँच सौ से अधिक

- परीक्षार्थियों को मिला निःशुल्क कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन
- गरीब मेधावियों के चेहरे की वर्षो से मुस्कुराहट बन रही योजना : डॉ. राजीव त्यागी

शिक्षकों ने प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को मुरादाबाद एवं मेरठ मण्डल के चयनित एक सौ एक गांवों जाकर में बोर्ड परीक्षार्थियों को निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ उनके आगामी कैरियर विकल्पों के लिए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति



डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर ऑपरेशन स्माइल योजना में लगे शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प यात्रा अकेले प्रधानमंत्री की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि देश के हर जिम्मेदार नागरिक को आगे बढ़कर अपने-अपने क्षेत्रों में शानदार काम करते हुए राष्ट्र विकास के इस महायज्ञ में अपनी ओर से आहूति देनी होगी। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प-2047 के तहत 'अन्त्योदय' तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो सके, इसी क्रम में दो मॉह पूर्व 24 दिसम्बर 2023 को वेंक्टेश्वरा विवि/संस्थान ने पश्चिमी यूपी के गरीब मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए ये कल्याणकारी निःशुल्क कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन योजना 'ऑपरेशन स्माइल' की शानदार शुरूआत की थी, जिसमें संस्थान के योग्य अनुभवी शिक्षकों ने गाँव-गाँव जाकर बोर्ड परीक्षार्थियों को विभिन्न विषयों पर सफलता के टिप्स दिए, एवं आगामी उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों पर उनका मार्गदर्शन किया। इससे पहले वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में 'ऑपरेशन स्माईल योजना-2024' के समापन समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. ऐ.के. शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर सीएफओ विकास भाटिया, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राजवर्धन, डॉ. सर्वनन्द साहू, मनीष कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रगति समीक्षा को मासिक बैठक आयोजित

**मेरठ,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका तथा निर्माण कार्यों की माह जनवरी 2024 तक की प्रगति समीक्षा हेतु मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाईट योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, कृषि, भवन निर्माण, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, जल जीवन मिशन, पर्यटन, कन्या विवाह सहायता योजना, सेतुओं का निर्माण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सहकारी दुग्ध समितियां आदि की समीक्षा कर योजनाओ की रैकिंग में और सुधार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, रविवार, 25 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## प्यार के बारे में है सिद्धार्थ, राशि की फिल्म 'योद्धा' का गीत 'जिंदगी तेरे नाम'

मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना अभिनीत आगामी फिल्म 'योद्धा' के निर्माताओं ने फिल्म से एक नया गाना जारी किया है 'जिंदगी तेरे नाम'। यह प्यार और रोमांस के बारे में है। इस ट्रैक को लोकप्रिय गायक विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। गाने के बोल मिश्रा ने कौशल किशोर के साथ मिलकर लिखे हैं। यह नंबर बताता है कि कैसे सिद्धार्थ के किरदार को राशि से प्यार हो गया है और वह अपना जीवन उसके लिए समर्पित करना चाहता है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सिद्धार्थ ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर ट्रैक साझा किया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया कि 15 मार्च को सिनेमा में 'योद्धा' से 'जिंदगी तेरे नाम' जो सिर्फ प्यार के बारे में है।



## दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है जान्हवी कपूर

**मुंबई,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जान्हवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा भाग 1' के जरिये दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जान्हवी कपूर फिल्म 'देवरा भाग 1' के जरिये दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है।जान्हवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

### वैज्ञानिकों का अध्ययन में खुलासा

# यातायात प्रदूषण से मस्तिष्क में अल्जाइमर प्लाक होने की संभावना



**न्यूयॉर्क,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। एक अध्ययन में सामने आया है कि जो लोग प्रदूषित वातावरण में अधिक समय व्यतीत करते हैं, उनके मस्तिष्क में अल्जाइमर रोग से संबंधित अमाइलॉइड प्लाक की उच्च मात्रा होने की संभावना अधिक होती है।

न्यूरोलॉजी के ऑनलाइन अंक में प्रकाशित अध्ययन यह साबित नहीं करता है कि वायु प्रदूषण मस्तिष्क में अधिक अमाइलॉइड प्लाक (हानिकारक परत) का कारण बनता है। यह केवल एक जुड़ाव दर्शाता है।

अमेरिका के जॉर्जिया में एमोरी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 224 लोगों के मस्तिष्क के ऊतकों की जांच की, जो मनोभ्रंश पर शोध को आगे बढ़ाने के लिए मृत्यु के बाद अपने मस्तिष्क दान करने के लिए सहमत हुए। लोगों की मृत्यु औसतन 76 वर्ष की आयु में हुई थी। उन्होंने मृत्यु के समय अटलांटा क्षेत्र में लोगों के घर के पते के आधार पर यातायात से संबंधित वायु प्रदूषण जोखिम को देखा। मृत्यु से पहले वर्ष में एक्सपोज़र का औसत स्तर 1.32 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और मृत्यु से पहले के तीन वर्षों में 1.35 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। इसके बाद शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के जोखिम की तुलना मस्तिष्क में अल्जाइमर रोग के लक्षणों के माप से की। उन्होंने पाया कि मृत्यु से एक और तीन साल पहले वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क में अमाइलॉइड प्लाक का स्तर अधिक होने की संभावना ज्यादा थी।

■ शोधकर्ताओं ने 224 लोगों के मस्तिष्क के ऊतकों की जांच की

मृत्यु से पहले के वर्ष में 1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर अधिक पीएम 2.5 एक्सपोज़र वाले लोगों में प्लाक के उच्च स्तर होने की संभावना लगभग दोगुनी थी, जबकि मृत्यु से पहले तीन वर्षों में उच्च एक्सपोज़र वाले लोगों में प्लाक के उच्च स्तर होने की संभावना 87 प्रतिशत अधिक थी। एमोरी यूनिवर्सिटी के अंके ह्यूल्स ने कहा कि ये नतीजे इस सबूत को जोड़ते हैं कि यातायात से संबंधित वायु प्रदूषण से उत्पन्न सूक्ष्म कण मस्तिष्क में अमाइलॉइड प्लाक की मात्रा को प्रभावित करते हैं। इस लिंक के पीछे के तंत्र की जांच के लिए और अधिक शोध की जरुरत है।इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने यह भी देखा कि क्या अल्जाइमर रोग से जुड़े मुख्य जीन संस्करण, एपीओई ई4 का वायु प्रदूषण और मस्तिष्क में अल्जाइमर के संकेतों के बीच संबंध पर कोई प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पाया कि वायु प्रदूषण और अल्जाइमर के लक्षणों के बीच सबसे मजबूत संबंध जीन संस्करण के बिना अल्जाइमर के लक्षणों में था। ह्यूल्स ने कहा कि इससे पता चलता है कि वायु प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय कारक उन रोगियों में अल्जाइमर के लिए एक योगदान कारक हो सकते हैं, जिनमें बीमारी को आनुवंशिकी द्वारा समझाया नहीं जा सकता है।

# पैरासिटामॉल ओवरडोज से लिवर डैमेज

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। आयरलैंड में 29 वर्षीय रेबेका बिसेट को ईसाइयों के पर्व ईस्टर की शाम पेट में दर्द की शिकायत हुई। उन्होंने पैरासिटामॉल की कई गोलियां एकसाथ खा लीं और अपने कमरे में जाकर लेट गईं। अगले दिन जब वह कमरे से बाहर नहीं आई तो उनके पति हालचाल जानने के लिए कमरे में गए। वहां रेबेका बेदम पड़ी थीं, शिथिलता के चलते उठ भी नहीं पा रही थीं। हॉस्पिटल ले जाने पर जांच में पता चला कि पैरासिटामॉल की ओवरडोज से उनका लिवर फेल हो गया है। दो दिन तक इलाज चला और आखिर में रेबेका की मौत हो गई। हाल ही में स्कॉटलैंड की एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी ने पैरासिटामॉल से लिवर को होने वाले नुकसान पर एक अध्ययन किया। इसमें सामने आया है कि इसके सेवन से लिवर को नुकसान होता है, जबकि ओवरडोज गंभीर हालात पैदा कर सकता है। जो किसी को मौत के मुंह तक पहुंचा सकता है।

**दुनिया की सबसे पॉपुलर पेनकिलर पैरासिटामॉल**

सिरदर्द, बदन दर्द या हल्का बुखार हो, लोग अक्सर पैरासिटामॉल की गोली ले लेते हैं। इससे आराम भी मिल जाता है। दिल्ली में डॉ. बॉबी दीवान, एमडी (मेडिसिन) कहते हैं कि यह दुनिया की पॉपुलर पेन किलर है। अगर डॉक्टर की सलाह से इसे लिया जाए तो यह सबसे सस्ती, सुरक्षित और प्रभावी दवा भी है।

■ बच्चों के लिए काल, बरतें ये सावधानी

सामान्य बुखार या हल्के दर्द में पैरासिटामॉल सबसे अच्छी दवा है। इसके साइड इफेक्ट्स भी बहुत कम होते हैं। लेकिन इसकी ओवरडोज आपको मुश्किल में डाल सकती है। थोड़ी सी लापरवाही आपको फायदे की जगह बड़ा नुकसान दे जाएगी।

**किन लोगों को नहीं खानी चाहिए पैरासिटामॉल?**

पैरासिटामॉल अगर डॉक्टर की सलाह से ली जाए तो काफी सुरक्षित दवा है। फिर भी कुछ लोगों के लिए ये खतरा बन सकती है, इसलिए इन लोगों को इसे लेने से बचना चाहिए या डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। जो रोजाना शराब पीते हैं– जो लोग लंबे समय से शराब पी रहे हैं, उनका लिवर पहले से ही डैमेज होता है। अगर ऐसे लोगों को पैरासिटामॉल दी जाए तो उनकी हालत गंभीर हो सकती है।

**जिन्हें लिवर की बीमारी है**– लिवर की किसी बीमारी से जूझ रहे लोगों को पैरासिटामॉल लेने से बचना चाहिए। चूंकि इसका सबसे अधिक असर लिवर पर ही होता है तो यह बड़ा नुकसान कर सकती है। पैरासिटामॉल से एलर्जी है– अगर किसी को पैरासिटामॉल से एलर्जी है तो उसे भी यह दवा नहीं लेनी चाहिए। इससे किसी भी तरह की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। इन खतरों से बचना है तो किसी भी इलाज से पहले डॉक्टर को अपनी मेडिकल हिस्ट्री जरूर बताएं। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवा न लें। घर में दवाएं रख रहे हैं तो बच्चों की पहुंच से दूर रखें, क्योंकि बच्चों का लिवर बेहद नाजुक होता है। ऐसे में कोशिश करें कि उन्हें पैरासिटामॉल खुद से न दें और डॉक्टर की सलाह के बाद ही बेहद कम मात्रा में दिया जाना चाहिए।



नई दिल्ली में 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के दौरान स्पोर्ट्स राउंड फाइनल कार्यक्रम में भाग लेते हुए मिस वर्ल्ड प्रतिभागी। छाया : इम्तियाज खान

## रकुल ने अपनी 'परीकथा वाली शादी' को बनाया 'हकीकत'

**मुंबई,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। नव विवाहिता रकुल प्रीत सिंह की शादी का लहंगा मशहूर फैशन डिजाइनर तरुण ताहिलियानी द्वारा डिजाइन किया गया था।

■ डिजाइनर तरुण तहिलियानी को दिया धन्यवाद

अभिनेत्री ने उनकी 'परी कथा शादी' को 'वास्तविकता' बनाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। रकुल ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की, जहां उन्होंने अपने शानदार पेस्टल गुलाबी पोशाक, कलीरे और एक पारिवारिक तस्वीर का विवरण भी साझा किया। उन्होंने लिखा कि हमने हमेशा एक परीकथा जैसी शादी का सपना देखा था और इसे हकीकत में बदलने के लिए तरुण ताहिलियानी को धन्यवाद



आपने हमारे परिधानों के माध्यम से हमारे व्यक्तित्व को इतनी खूबसूरती से कैद किया है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि आपके और आपकी टीम के लिए प्यार और केवल प्यार, विशेष रूप से उस गर्मजोशी के लिए, जो उन्होंने हमें और हमारे परिवार को दी।

## हिप और नी रिप्लेसमेंट के बाद अब कोहनी भी हो सकेगी रिप्लेस : डॉ. भावुक गर्ग

नई दिल्ली 24 फरवरी (एजेंसियां)। अभी तक आपने घुटना या हिप रिप्लेसमेंट के बारे में सुना होगा, लेकिन अब कोहनी भी रिप्लेस किया जा सकता है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि एम्स और आईआईटी दिल्ली ने मिलकर एक ऐसी आर्टिफिशियल कोहनी तैयार की है, जो आपकी खराब हो चुकी कोहनी को रिप्लेस कर लगाई जा सकती है। एम्स ने आईआईटी दिल्ली के साथ देसी एल्बो रिप्लेसमेंट इंप्लांट बना लिया है, जो भारतीय लोगों की जरूरत, साइज और जेब के अनुसार होगा। इस पर काफी तेजी से काम चल रहा है और कैडेवर ट्रायल पूरा कर लिया गया है। जल्द ही इसका ह्यूमन ट्रायल शुरू होगा और इसकी सफलता के बाद इसे मरीजों पर इस्तेमाल किया जाएगा। एम्स के ऑर्थोपेडिक व स्पाइन सर्जन डॉक्टर भावुक गर्ग ने बताया कि घुटना (नी) और कुल्हा (हीप) ट्रांसप्लांट के बारे में लोगों को ज्यादा पता है। लेकिन कोहनी (एल्बो) रिप्लेसमेंट भी होता है। औसतन 10 मरीज एम्स में ही ऐसे हर महीने आते हैं, जिन्हें एल्बो ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। लेकिन अभी इस बारे में डॉक्टरों को भी जानकारी कम है और देश में एल्बो इंप्लांट भी नहीं बन रहा है। जो बाहर से मंगाए जाते हैं वे महंगे के अलावा आसानी से फिट नहीं होते हैं। डॉक्टर भावुक ने कहा कि वेस्टर्न का सबसे छोटा साइज भी यहां पर बड़ा होता है। इसलिए अक्सर साइज को लेकर परेशानी होती है। इसलिए हमने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर अपनी जरूरत के अनुसार से इंप्लांट बना लिया है। इसके लिए टाइटेनियम का इस्तेमाल किया गया है। कैडेवर बॉडी पर हमने ट्रायल कर लिया है। इसमें मटेरियल, मूवमेंट, फिटिंग आदि का ट्रायल किया जाता है।

**दिल्ली एम्स की बड़ी उपलब्धि**



वेस्टर्न का सबसे छोटा साइज भी यहां पर बड़ा होता है, इसलिए अक्सर साइज को लेकर परेशानी होती है इसलिए हमने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर अपनी जरूरत के अनुसार से इंप्लांट बना लिया है।

डॉक्टर भावुक गर्ग , ऑर्थोपेडिक व स्पाइन सर्जन, एम्स

## 66 वर्ष के हुए समीर



**मुंबई,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गए। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी।

अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिए समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिए संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर 'बेखबर' फिल्म के लिए गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता के कारण वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

लगभग दस वर्ष तक मुंबई में संघर्ष करने के बाद वर्ष 1990 में आमिर खान–माधुरी दीक्षित अभिनीत फिल्म 'दिल' में अपने गीत 'मुझे नींद न आये' की सफलता के बाद समीर गीतकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। वर्ष 1990 में ही उन्हें महेश भट्ट की फिल्म 'आशिकी' में भी गीत लिखने का अवसर मिला। फिल्म आशिकी ने 'सांसो की जरूरत है जैसे मैं दुनिया भूला दूंगा और नजर के सामने जिगर के पास' गीतों की सफलता के बाद समीर को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गये जिनमें बेटा, बोल राधा बोल, साथी, और फूल और कांटे जैसी बड़ी बजट की फिल्में शामिल थी। इन फिल्मों की सफलता के बाद उन्होंने सफलता की नई बुलंदियों को छुआ और एक से बढ़कर एक गीत लिखकर श्रोताओं को मंत्रमुंग्ध कर दिया।

वर्ष 1997 में अपने पिता अंजान की मौत और अपने मार्गदर्शक गुलशन कुमार की हत्या के बाद समीर को गहरा सदमा पहुंचा। उन्होंने कुछ समय तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया और वापस बनारस चले गए। लेकिन उनका मन वहां भी नहीं लगा और एक बार फिर नए जोश के साथ वह मुंबई आ गए और 1999 में प्रदर्शित फिल्म 'हसीना मान जाएगी' से अपने सिने कैरियर की दूसरी पारी की शुरूआत कर दी। समीर ने अपने सिने करियर में लगभग 500 हिंदी फिल्मों के लिये गीत लिखे। उनके फिल्मी सफर पर नजर डालने पर पता लगता है कि उन्होंने सबसे ज्यादा फिल्में संगीतकार नदीम श्रवण और आनंद मिलिंद के साथ ही की है। यूं तो समीर ने कई अभिनेताओं के लिए गीत लिखे लेकिन अभिनेता गोविन्दा पर फिल्माये उनके गीत काफी लोकप्रिय हुए।

## देर से ही सही बर्फबारी ने फिर से गुलमर्ग और पहलगाम को धरती का बना दिया स्वर्ग

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर में बर्फबारी के सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि बर्फ कश्मीर को वंडरलैंड बना देती है और पर्यटकों के लिए धरती का स्वर्ग। पर्यटन पर ही जीवित कश्मीरियों की मजबूरी है कि बर्फबारी से होने वाली परेशानियों के बावजूद वे बर्फ का स्वागत करते हैं।

यह सच हे कि लंबे समय तक शुष्क रहने के बाद, गुलमर्ग का बर्फ से ढका परिदृश्य एक शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया है, जो इस प्रसिद्ध स्की रिजार्ट में बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है और पर्यटन क्षेत्र को एक नया जीवन दे रहा है।

गुलमर्ग, जो अपने मनमोहक परिदृश्यों और शीर्ष स्तरीय स्कीइंग ढलानों के लिए प्रसिद्ध है, ने 11 फरवरी तक असामान्य रूप से लंबे समय तक शुष्क मौसम का सामना किया था। देरी से हुई बर्फबारी, जिसने 11 फरवरी के बाद सुरम्य शहर को ढक दिया, ने न केवल गुलमर्ग को एक शीतकालीन वंडरलैंड में बदल दिया है, बल्कि ने अपने पर्यटन उद्योग को भी पुनर्जीवित किया है।

बहुप्रतीक्षित बर्फबारी, खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के चौथे संस्करण के साथ, एक उत्प्रेरक के रूप में काम करती है, जो पर्यटकों और स्कीयर को गुलमर्ग के शीतकालीन वंडरलैंड में आनंद लेने के लिए आकर्षित करती है। बर्फबारी के कुछ ही दिनों के भीतर, इस क्षेत्र में पर्यटकों की आमद में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 12 से 17 फरवरी तक गुलमर्ग में कुल 19,532 पर्यटक आए, जो पिछले सप्ताहों की तुलना में काफी वृद्धि का संकेत है।

इन आगंतुकों में से, 15,086 घरेलू पर्यटक थे, जो गुलमर्ग के बर्फ से ढके इलाके की खोज में स्थानीय यात्रियों के बीच मजबूत रुचि को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, इस अवधि के दौरान 4,290 स्थानीय लोगों और 156 विदेशियों ने भी अपनी उपस्थिति से इस क्षेत्र की शोभा बढ़ाई, जिससे गुलमर्ग का आकर्षण एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आकर्षण केंद्र के रूप में उजागर हुआ।

प्रसिद्ध स्की रिजार्ट में बड़ी संख्या में पर्यटकों को कर रहा है आकर्षित

और गुलमर्ग और पहलगाम में अब चारों ओर बर्फ की सफेद की चादर है। कहीं बर्फ से अठखेलियां करते मेहंदी लगे हाथ तो कहीं स्लेज पर बैठ दूसरे की ताकत को आजमाने की कोशिश। बच्चों के लिए बर्फ का मानव बनाना तो जैसे सैंकेंड़ों का काम हो गया हो। बर्फ का पुतला बनाते बनाते रूई के फाहों के समान लगने वाले बर्फ के गोले एक दूसरे पर फैंक फिर प्यार जताने की प्रक्रिया में डूबे नवविवाहित जोड़े। भयानक सर्दी। फिर भी सभी के मुहं से बस यही निकलता है 'जमीं पर अगर कहीं जन्नत है तो यहीं है, यहीं है।'

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिन सर्व | 1.43 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.13 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.08 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.90 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.78 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.25 प्रतिशत |
| मारुति | 1.17 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.12 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.90 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.86 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## भारत अब एकमात्र अर्थव्यवस्था है जो मजबूती से आगे बढ़ रही है : पनगढ़िया

मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसियां)। सालहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढिया ने आज कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्परर' हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, 1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था। 1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

उन्होंने कहा कि बेरोज़गारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोज़गार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियाँ पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। जनसंख्या का आकार हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है जैसा चीन के पास है।

**भारत में, आम सहमति बनाना लोकतांत्रिक सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, जो कानूनों को पारित करने की प्रक्रिया को धीमी बना देता है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान श्रम कानून पेश किए गए थे। इसके बाद किसी भी सरकार ने साहस नहीं दिखाया। मोदी सरकार में कानून पारित हो चुके हैं। अब राज्यों को ही कानूनों को लागू करने के लिए नियम और कानून बनाने होंगे:- अरविंद पनगढिया**



डॉ. पनगढ़िया ने कहा, हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा, पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण से कोई बच नहीं सकता है। ऐसा कोई देश नहीं है जो सेवाओं के मामले में आगे बढ़ा हो। सेमीकंडक्टर निर्माण राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारत में, आम सहमति बनाना लोकतांत्रिक सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, जो कानूनों को पारित करने की प्रक्रिया को धीमी बना देता है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान श्रम कानून पेश किए गए थे। इसके बाद किसी भी सरकार ने साहस नहीं दिखाया। मोदी सरकार में कानून पारित हो चुके हैं। अब राज्यों को ही कानूनों को लागू करने के लिए नियम और कानून बनाने होंगे। श्रम कानूनों का कार्यान्वयन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और बैंकों का निजीकरण कुछ महत्वपूर्ण सुधार हैं जिन्हें लाने की आवश्यकता है।

## वैश्विक 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट 2023 की चौथी तिमाही में 2 अरब यूनिट के पार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। शुक्रवार को एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की चौथी तिमाही (क्यू4) में 5जी स्मार्टफोन की वैश्विक संचयी शिपमेंट 2 अरब यूनिट से अधिक हो गई, जिसमें एपल और सैमसंग शीर्ष पर हैं। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, यह पांच साल से भी कम समय में हासिल किया गया, जो 4जी या 3जी जैसी पिछली प्रौद्योगिकियों की तुलना में सबसे कम अवधि है।




इस मुकाम तक पहुंचने में 4जी स्मार्टफोन को छह साल लग गए। विश्लेषकों ने कहा, 5जी और 4जी चिपसेट के बीच कम कीमत के अंतर के साथ-साथ सामग्री के बिल (बीओएम) लागत को बनाए रखने के लिए ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा रणनीतिक घटक चयन के कारण 5जी स्मार्टफोन की सामर्थ्य और पहुंच में सुधार हुआ है।सभी 5जी शिपमेंट का लगभग 70 प्रतिशत चीन, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप जैसे विकसित स्मार्टफोन बाजारों से आया। एपल और सैमसंग ने कुल मिलाकर 1 अरब से अधिक इकाइयां भेजीं। सभी 5जी शिपमेंट का लगभग 70 प्रतिशत चीन, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप जैसे विकसित स्मार्टफोन बाजारों से आया। एप्पल और सैमसंग ने कुल मिलाकर 1 बिलियन से अधिक इकाइयां भेजीं।

रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्टफोन ब्रांडों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी पेशकश को अलग करते हुए 5जी क्षमताओं और सुविधाओं को काफी बढ़ावा दिया है।

आईफोन 12 श्रृंखला के लॉन्च, पहला 5जी-सक्षम आईफोन ने 5जी अपनाने में काफी तेजी लाई, जिससे 2020 की चौथी तिमाही में पहली बार एक ही तिमाही में वैश्विक 5जी शिपमेंट 10 करोड़ यूनिट से ऊपर हो गया।

गति जारी रही और शिपमेंट ने 2023 की चौथी तिमाही में एक नया रिकॉर्ड बनाया, जो एक ही तिमाही में 20 करोड़ मिलियन यूनिट तक पहुंच गया। जैसा कि विश्लेषकों ने बताया है, 5जी स्मार्टफोन उभरते बाजारों के किफायती क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए सभी आवश्यक तत्वों से लैस हैं। भारत और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे उभरते बाजार अगले अरबों 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट के लिए गति बढ़ाएंगे।

## एयरटेल लाया सस्ता प्लान




**नई दिल्ली।** अगर आप भी एक एयरटेल यूजर हैं और अपना ज्यादतर समय फ्लाइट में गुजारते है तो हम जिस प्लान के बारे में बात करने जा रहे है, शायद वह प्लान आपके लिए बेस्ट प्लान साबित हो सकता है. एयरटेल के इस खास प्लान के बारे में जानने के लिए बने रहे इस खबर के अंत तक. दरअसल एयरटेल ने नया रिचार्ज प्लान पेश किया है. आपको जानकारी के लिए बता दें कि यह प्लान कंपनी द्वारा 195 रुपये में पेश किया गया है. मतलब आप 200 से कम रुपये में इस प्लान का लाभ उठा सकते है. इस प्लान में इन-फ्लाइट रोमिंग की सुविधा मिलेगी, लेकिन अगर आपने 2997 रुपये प्रीपेड और पोस्टपेड यूजर्स ने 3999 रुपये या उससे ज्यादा का रोमिंग पैक ले रखा है, तो वो फ्री में इन-फ्लाइट रोमिंग की सुविधा का लाभ उठा पाएंगे. आपको यह भी बता दें कि एयरटेल की इन फ्लाइट रोमिंग सर्विस में वॉयस, डेटा और एसएमएस की सुविधा भी मिलती है. 195 रुपये वाले पोस्टपेट प्लान में 250 जीबी डेटा के साथ 100 मिनट आउटगोइंग और साथ ही 100 आउटगोइंग स्स्ट की सुविधा मिलती है. आपको जानकारी के लिए बता दें कि यह प्लान 24 घंटे की वैधता के साथ ऑफर किया जा रहा है. वही अगर एयरटेल के 295 रुपयेय वाले प्लान की बात करे तो इसमें 500 जीबी डेटा के साथ 100 मिनट आउटगोइंग कॉल की सुविधा मिल रही है।

## अगले दशक में एप्पल की वृद्धि को शक्ति प्रदान करेगा भारत : उद्योग विश्लेषक

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। उद्योग विश्लेषकों ने शुक्रवार को कहा कि भारत में हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए एक मजबूत प्रोत्साहन रहा है और देश अगले दशक में तकनीकी दिग्गज एप्पल की वृद्धि को शक्ति देगा।

विदेशी ब्रोकरेज मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, भारत में एप्पल का राजस्व पिछले साल लगभग 42 प्रतिशत (सालाना) बढ़कर 8.7 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल आईफोन शिपमेंट लगभग 39 प्रतिशत बढ़कर 92 लाख यूनिट हो गई। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सीएमआर में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने आईएएनएस को बताया कि देश इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र में अधिक अपस्ट्रीम क्षमताओं को जोड़ रहा है।




उन्होंने कहा, एप्पल इस अनुकूल नीति माहौल का प्रमुख लाभार्थी रहा है। साइबरमीडिया रिसर्च में हमारे बाजार अनुमान बताते हैं कि एप्पल 2023 में आईफोन शिपमेंट में साल दर साल 40 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज करेगा। राम ने कहा कि भारत अगले दशक में एप्पल की वृद्धि को शक्ति प्रदान करेगा, ठीक वैसे ही जैसे चीन ने पिछले दशक में किया था। नवीनतम उद्योग आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रीमियमीकरण की प्रवृत्ति पर सवार होकर आईफोन की बाजार हिस्सेदारी 2022 में 4 प्रतिशत से 28 प्रतिशत बढ़कर 2023 में 6 प्रतिशत से अधिक हो गई। नवीनतम सीएमआर डेटा के अनुसार, अकेले 2023 की चौथी तिमाही में भारत में आईफोन शिपमेंट में सात प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

जैसे ही भारत ने स्थानीय विनिर्माण को दोगुना कर दिया, आईफोन ने 2023 में भारत में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के आईफोन असेंबल किए। देश में आईफोन का विनिर्माण उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों का हिस्सा है।

### सार संक्षेप

### एनटीपीसी की पहली सौर परियोजना का वाणिज्यिक संचालन शुरू

**नई दिल्ली।** राजस्थान के छत्तरगढ़ में एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी-आरईएल) की पहली सौर परियोजना ने 70 मेगावाट क्षमता का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। छत्तरगढ़ सौर परियोजना की निर्धारित पूर्ण क्षमता 150 मेगावाट है और मार्च 2024 तक चालू होने की उम्मीद है। यह क्षमता एसईसीआई- किस्त द्धद्धद्ध के तहत हासिल की गई थी और इस परियोजना का लाभार्थी राजस्थान राज्य है। यह परियोजना प्रतिवर्ष 37 करोड़ यूनिट ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो 60,000 घरों के लिए पर्याप्त है। साथ ही हर साल 3 लाख टन सीओटी 2 उत्सर्जन की बचत और 1,000 एमएमटीपीए पानी का संरक्षण भी करती है। यह एक वर्ष में 5,000 से अधिक घरों के लिए पर्याप्त है। इस समय एनटीपीसी-आरईएल की 17 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी कुल क्षमता 6,000 मेगावाट से अधिक है। एनटीपीसी समूह की कुल नवीकरणीय ऊर्जा परिचालन क्षमता 3,448 मेगावाट है।

### ऐपल का जलवा, टॉप-10 बेस्ट सेलिंग स्मार्टफोन्स में ऊपर से 7 ऐपल के

**नई दिल्ली।** ऐपल ने पहली बार 2023 में 10 सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन की ग्लोबल लिस्ट में टॉप-7 स्थानों पर कब्जा कर लिया है. बुधवार को जारी एक रिपोर्ट से पता चला कि भारत एक ही साल में 1 करोड़ से ज्यादा आईफोन यूनिट बिक्री करने वाला पांचवां स्मार्टफोन बाजार बन गया है. इसमें कहा गया है कि टॉप-10 स्मार्टफोन की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी 2023 में अब तक के उच्चतम 20 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 2022 में 19 फीसदी थी. ऐपल का आईफोन14 सबसे ज्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन है, जिसकी आधी संख्या में बिक्री अमेरिका और चीन में हुई. आईफोन15 सीरीज ने क्यू 2023 के लिए वैश्विक बेस्टसेलर सूची में टॉप-3 स्थानों पर कब्जा कर लिया, आईफोन15 प्रो मैक्स सबसे अधिक बिकने वाला स्मार्टफोन बन गया. ऐपल का आईफोन13, सूची में सबसे पुराना मॉडल, जापान और भारत में डबल डिजिट की सालाना वृद्धि के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है. सैमसंग की बजट ए सीरीज ने अपने मजबूत मूल्य प्रस्ताव और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और ग्राहक श्रेणियों में मौजदगी के कारण टॉप-10 सूची में तीन स्थान हासिल किए. सैमसंग गैलेक्सी ए14 5जी ने अमेरिका और भारत में उच्च बिक्री के कारण सातवां स्थान हासिल किया. रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि 2024 के टॉप-10 सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन कुल स्मार्टफोन बिक्री का एक बड़ा हिस्सा प्रतिनिधित्व करेंगे, क्योंकि ओईएम कम पोर्टफोलियो पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. आगे हम उम्मीद करते हैं कि चीनी ब्रांड सूची में प्रवेश करेंगे और ओईएम द्वारा तेजी से 5जी-केवल मॉडल लॉन्च करने के साथ 2024 के शीर्ष 10 संभवतः सिर्फ 5जी होंगे.

## विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी : मोदी

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सहकारी क्षेत्र के लिए कई बड़ी पहल उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए राजधानी में एक कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित औार आधुनिक होना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में %सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना% के पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। यह योजना जो 11 राज्यों की 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) में लागू की जा रही है। श्री मोदी ने इसके लिए देश भर में अतिरिक्त 500 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) में गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिएआधारशिलाएं रखीं।

मंत्रालय का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से एकीकृत करना, खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और नाबार्ड द्वारा समर्थित और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के नेतृत्व में सहयोगात्मक प्रयास के साथ देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस पहल को कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई) आदि जैसी विभिन्न मौजूदा योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है ताकि परियोजना में भाग लेने वाले पैक्स को



बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सब्सिडी और ब्याज छूट लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री ने सरकार के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुरूप देश भर में 18,000 पैक्स में कम्प्यूटरीकरण के लिए एक परियोजना का भी उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को फिर से जीवंत करना और छोटे और सीमांत किसानों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमितशाह, कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और वाणिज्य उद्योग एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं कपड़ा विभागों के मंत्री पीयूष गोयल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है। उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसी लिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गयी %सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना% के परिणामस्वरूप देश के हर कोने में हजारों गोदाम और गोदाम होंगे। यह और पीएसी के कंप्यूटरीकरण जैसी अन्य परियोजनाएं कृषि को नए आयाम देंगी और देश में खेती को आधुनिक बनाएंगी।

श्री मोदी ने कहा, सहकारिता भारत के आत्मनिर्भर समाज की नींव थी। यह सिर्फ कोई प्रणाली नहीं है, बल्कि एक विश्वास, एक भावना है। उन्होंने कहा कि इसमें दैनिक जीवन से जुड़ी एक सामान्य प्रणाली को एक विशाल औद्योगिक प्रणाली में बदलने की क्षमता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नए मंत्रालय के माध्यम से सरकार का लक्ष्य भारत के कृषि क्षेत्र की खंडित शक्तियों को एक साथ लाना है किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)की सफलता का उदाहरण देते हुए, प्रधान मंत्री ने गांवों में छोटे किसानों के बीच बढ़ती उद्यमशीलता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अलग मंत्रालय होने के कारण देश में 10,000 एफपीओ बनाने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से प्रगति हुई है और 8000 एफपीओ शुरू हो चुके हैं ।

## अमेजन बिजनेस ने की 26 फरवरी से लेकर 1 मार्च के बीच बिजनेस वैल्यू डेज़ की घोषणा

**नई दिल्ली** 24 फरवरी (एजेंसियां)। अमेजन बिजनेस ने अपने सभी बिजनेस ग्राहकों के लिए 26 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक चलने वाले अपने प्रमुख कार्यक्रम, बिजनेस वैल्यू डेज़ की शुरुआत की घोषणा की है। यह ईवेंट बिजनेस ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगा। यहां से वे स्मार्टवॉच, होम एंड किचन अप्लयंसेस, लैपटॉप, ऑफिस फर्नीचर, सिक्योरिटी कैमरे, स्मार्ट टीवी आदि जैसे उत्पादों पर बेजोड़ डील्स और ऑफ़र प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक ग्राहक लैपटॉप, मॉनिटर, स्मार्टवॉच ऑफिस फर्नीचर, छोटे एवं बड़े अप्लायंसेस, सिक्योरिटी कैमरा डेकोर और फर्निशिंग उत्पाद, स्मार्ट टीवी और अन्य ऑफिस इंप्रूवमेंट प्रोडक्ट जैसे लाखों उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ ले सकते हैं। इससे भी अधिक, बिजनेस ग्राहक इन उत्पादों पर 49999 रुपये से ऊपर के प्री-पेड ऑर्डर पर 5000 रुपये तक का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं। डील्स और ऑफर के अलावा, बिजनेस ग्राहक फ्री प्राइम सब्सक्रिप्शन के लिए भी साइन अप कर सकते हैं और मुफ्त और तेज़ शिपिंग का आनंद ले सकते हैं। इसके साथ ही वे अपने खाते को मल्टी-यूजर अकाउंट में भी बदल सकते हैं, जिससे उन्हें एक अमेजन बिजनेस खाते से टीम के विभिन्न सदस्यों को जोड़ने और अप्रूवल पॉलिसी को सेट करने की सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा बिजनेस ग्राहक अपनी प्रत्येक टीम के लिए अलग से बजट तय कर सकते हैं। यहां बिजनेस ग्राहक अमेजन पे लेटर के माध्यम से 60000 रुपये तक के इंस्टेंट क्रेडिट के लिए पंजीकरण करा सकते हैं और बिजनेस वैल्यू डेज़ के दौरान अपने कैश फ्लो पर नजर रखने के लिए अपनी पात्रता की जांच कर सकते हैं। वे अमेजन बिजनेस बिल टू शिप टू फीचर के साथ जीएसटी इनपुट क्रेडिट से समझौता किए बिना एक स्थान से खरीदारी कर सकते हैं और दूसरे स्थान पर भेज सकते हैं। बिजनेस ग्राहक अब प्री-कॉन्फ़िगर डिस्काउंट के साथ बड़ी मात्रा में ऑर्डर दे सकते हैं और buy-bulk@amazon.com पर एक ईमेल भेजकर थोक ऑर्डर के लिए मदद मांग सकते हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, अरहर दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 11600-11700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2825-2925 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## ई-मार्केटप्लेस पर सेवाओं की खरीद 2023-24 में बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये हुई

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से सेवाओं की खरीद चालू वित्त वर्ष के दौरान 22 फरवरी तक 176 प्रतिशत बढ़कर 1,82,000 करोड़ रुपये हो गई। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आँकड़ों में बताया गया है कि 2022-23 में यह आँकड़ा 66 हजार करोड़ रुपये था। मंत्रालय ने कहा कि सेवाओं की खरीद का कुल मूल्य अब वित्तीय वर्ष में उत्पादों की खरीद के कुल मूल्य से अधिक है जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह विभिन्न खरीददारों द्वारा सेवाओं की तेजी से स्वीकार्यता को इंगित करता है। मंत्रालय ने कहा, फरवरी 2024 में सेवाओं की खरीद अभूतपूर्व रही है, जिसका योगदान जीईएम पर किए गए कुल ऑर्डर मूल्य का लगभग 80 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष में कुल खरीद में सेवाओं का हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा लगभग 40



हजार करोड़ रुपये की दो बोलियों ने सेवा खरीद में हिस्सेदारी बढ़ा दी है।


इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जीईएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.के. सिंह ने कहा कि जीईएम ने डिजिटल क्षमताओं का उपयोग किया है और उन सभी संभावित सेवाओं की खरीद के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में उभरा है जिनकी प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर सरकारी खरीदारों को आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने कहा कि जीईएम पर सेवा पेशकश का विस्तार मंच की सफलता की कहानी का सबसे उवल अध्याय रहा है, जिसमें कम समय में तेजी से वृद्धि देखी गई है। जीईएम पर सेवाओं के विस्तारित समूह के कारण पोर्टल के सकल व्यापारिक मूल्य में जबरदस्त उछाल आया है। अकेले इस वर्ष ग्रुप मेडिक्लेम इंश्योरेंस सर्विस, एसेट इंश्योरेंस सर्विस, ग्रुप टर्म इंश्योरेंस सर्विस आदि जैसी नौ प्रकार की बीमा सेवाओं की खरीद के लिए 4,036 करोड़ रुपये के लगभग 457 ऑर्डर दिए गए हैं। गुजरात सरकार ने लगभग 62 लाख परिवारों को बीमा कवर देने के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 2,302 करोड़ रुपये की लागत से ग्रुप मेडिक्लेम इंश्योरेंस सर्विसेज की खरीद की है।

लोकल केमिस्ट एम्पैनलमेंट जैसी नवीन और अनूठी सेवा पेशकश के परिणामस्वरूप जीईएम की ई-बोली प्रक्रिया के माध्यम से दवाओं की आपूर्ति पर औसतन 30-32 प्रतिशत की छूट मिली है। इसने केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना, कर्मचारियों और राज्य बीमा निगमों और कई राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों को सक्रिय रूप से जीईएम के माध्यम से इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। सलाहकारों और पीआर एजेंसी की नियुक्ति, आउटडोर विज्ञापन सेवाओं और प्रदर्शनी/कार्यक्रम/सेमिनार प्रबंधन सेवाओं जैसी सेवाओं की खरीद ने सरकारी निकायों को सूचित नीति-निर्माण निर्णय लेने और प्रभावी ढंग से जानकारी प्रसारित करने में सक्षम बनाया है।

# खेल जगत

## डेविड वार्नर न्यूजीलैंड दौरे से बाहर, आईपीएल से पहले फिट होने की उम्मीद

**सिडनी,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। डेविड वार्नर कमर में दर्द के कारण ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन उम्मीद है कि वह अगले महीने आईपीएल की शुरुआत तक ठीक हो जाएंगे। पूरी श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की रोटेशन रणनीति के हिस्से के रूप में उन्हें शुक्रवार के दूसरे टी20 के दौरान आराम दिया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है, चोट से उबरने के लिए ऑस्ट्रेलिया में एक संक्षिप्त अवधि की आवश्यकता होगी, लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनकी उपलब्धता पर असर पड़ने की उम्मीद नहीं है, न ही कैरेबियन और यूएसए में आगामी टी 20 विश्व कप, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट से उनकी विदाई होगी।



# बशीर के गेंद से चौके ने इंग्लैंड की चौथे क्रिकेट टेस्ट पर पकड़ मजबूत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- यशस्वी के अर्द्धशतक से भारत के पहली पारी में 7 विकेट पर 219 रन
- भारत अभी भी इंग्लैंड से 134 रन पीछे, पहली में तीन विकेट बाकी

नई दिल्ली, 24 फरवरी (देशबन्धु)। 19 बरस के लंबे कद के बाएं हाथ के स्पिनर शोएब बशीर ने स्पिन की मददगार चार चटका कर यशस्वी जायसवाल (73 रन, एक छक्का, आठ चौके ) और शुभमन गिल (38 रन, 65 गेंद, छह चौके)) की दूसरी विकेट की 82 रन की भागीदारी के बावजूद भारत को रांची में चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में शनिवार को दूसरे दिन का खेल बंद होने के समय पहली पारी में 73 ओवर में सात विकेट पर 219 रन रोक इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दूसरे दिन का खेल बंद होने के समय भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल 58 गेंद खेल कर एक छक्के और दो चौकों की मदद से 30 तथा कुलदीप यादव 72 गेंद खेल कर एक चौके की बदौलत 17 रन बनाकर खेल रहे थे और ये दोनों आठवें विकेट के लिए अभी तक बेशकीमती 42 रन जोड़ चुके हैं। बशीर (31-4-83-4) ने अपने पहले स्पैल में चायकाल के बाद यशस्वी जायसवाल का बेशकीमती विकेट भी निकाला। इंग्लैंड की पहली पारी के 353 रन से भारत अभी भी 134 रन पीछे है और बल्लेबाजी के लिए मुश्किल होती पिच पर पहली पारी में उसके तीन विकेट बाकी है। भारत की कोशिश इंग्लैंड की पहली पारी की बढ़त को कम से कम रखने की होगी।स्पिनरों की गेंद जिस तरह से पिच पर अचानक घूम रही और नीची रह रही है उसके मद्देजनर इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए खासतौर पर भारत के बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने बेहद मुश्किल नजर आ रहा है।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी शनिवार सुबह दूसरे दिन सात विकेट पर 302 से आगे शुरू की और उसने अंतिम तीन विकेट 51 रन और जोड़ कर खो दिए। इंग्लैंड ने अपने तीन विकेट 17 गेंदों के भीतर मात्र छह रन जोड़ कर खोए और उसके ये तीनों विकेट भारत के सबसे कामयाब बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (4/67) ने निकाले।जो रूट अपनी इंग्लैंड टीम की बेजबॉल शैली की बजाय परंपरागत टेस्ट क्रिकेट के अंदाज में बल्लेबाजी कर 274 गेंद खेल दस चौकों की मदद से 122 रन बनाकर अविजित रहे।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (73 रन, एक छक्का, आठ चौके ) ने चायकाल के बाद ऑफ स्पिनर शोएब बशीर के 20 वें ओवर की नीची रही गेंद को ड्राइव करने की कोशिश की गेंद उनके बल्ले में नीचे लग कर उनका मिडल स्टंप उड़ा ले गई और भारत ने अपना पांचवां विकेट 161 रन पर खो दिया। यह बशीर का भारत की पारी में लगातार चौथा विकेट था। सरफराज खान (14 रन, 53 गेंद, एक चौका) ने पारी के 52 वें और बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 11 वें ओवर की तीसरी आफ स्टंप पर पड़कर तेजी से बाहर की ओर घूमी गेंद पर बल्ला चलाया और पहली स्लिप में जो रूट ने बढ़िया कैच लपक कर उन्हें आउट किया और भारत अपना छठा विकेट 171 रन पर खोया और रविचंद्रन अश्विन(1 रन,13 गेंद) बाएं हाथ के स्पिनर हार्टले की नीची रहती गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेलने से चूके और गेंद उनके पैड पर पड़ी अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया उनके रिव्यू लेने पर तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला बरकरार रखा और भारत सातवां विकेट मात्र 177 रन खो दिया।

यशस्वी जायसवाल के अर्द्धशतक से भारत ने चायकाल तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 131 रन बनाए थे। तब यशस्वी जायसवाल 96 गेंद खेल कर एक छक्के और पांच चौके की मदद से 54 और सरफराज खान एक रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने लंच और चायकाल के बीच शुभमन गिल



(38 रन), रजत पाटीदार (17 रन, 42 गेंद, चार चौके) और तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शतक जड़ने वाले रवींद्र जडेजा (12, 12 गेंद, दो छक्के) के रूप में 97 रन जोड़ कर तीन विकेट और खोए और ये तीनों विकेट शोएब बशीर ने पिच से मिली मदद का पूरी तरह इस्तेमाल कर निकाले। शुभमन गिल और पाटीदार शोएब बशीर की तेजी से गिर स्पिन हो भीतर आती गेंद को खेलने से चूक एलबीडब्ल्यू आउट हुए जबकि जडेजा भी उनकी तेजी से घूमी गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश में ऑली पॉप को फॉरवर्ड शार्ट लेग पर कैच दे आउट हुए। चायकाल के समय ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का गेंदबाज विश्लेषण था 15-2-32-3। लंच के बाद यशस्वी जायसवाल जब 40 रन पर थे तो ऑली रॉबिंसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद को खेलने गए गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर उछली और विकेटकीपर बेन फॉक्स ने कैच लपका और इस पर तीसरे अंपायर ने उन्हें नॉटआउट दिया। लंच के बाद पहले घंटे में ड्रिंक्स से ठीक पहले जब शुभमन गिल (38 रन) जमते लगे तो वह इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर के नौवे ओवर की पहली तेजी से स्पिन हो भीतर आती गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने से चूके और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया इस पर उन्होंने रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला बरकरार रखा और भारत ने अपना दूसरा विकेट 25वें ओवर में 86 रन पर खो दिया। वहीं एंडरसन के लिए दूसरे स्पैल के लिए गेंदबाजी के लिए लौटने पर रजत पाटीदार ने उनके नौवें ओवर की पांचवीं गेंद को फ्लिक कर मिडविकेट पर अपनी पारी का दूसरा चौका जड़ा। पाटीदार नेएंडरसन के अगले ओवर ड्राइव कर डीप थर्डमैन पर अपनी पारी का तीसरा चौका जड़ भारत के स्कोर को 29.4 ओवर में 100 के पार पहुंचाया। तब पाटीदार 26 गेंद तीन चौकों की मदद से 12 और यशस्वी 85 गेंद खेल एक छक्के और पांच चौकों की मदद से 48 रन पर थे। 31 ओवर बाद एंडरसन के छोर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहली बाद बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले को मोर्चे पर लगाया और उनकी दूसरी गेंद को मिड ऑफ की ओर ड्राइव कर एक रन दौड़ कर यशस्वी जायसवाल ने 89 गेंद खेल कर एक छक्के और पांच चौकों की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। रजत पाटीदार (17 रन, 42 गेंद, चार चौके) ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गिरने के बाद तेजी से अंदर आती गेंद को खेलने से चूके और डीआरएस लेने के बावजूद अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया और भारत ने तीसरा विकेट 112 रन पर खो दिया। बशीर ने यह लंच के बाद लगातार दूसरा विकेट चटकाया। भारत ने पांचवें नंबर पर अनुभवी रवींद्र जडेजा को एक बार फिर सरफराज खान से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। हार्टली के तीसरे ओवर की तीसरी गेंद तेजी से स्पिन होकर जडेजा के अगले पैड को लग कर चार बाई के रन के लिए बाउंड्री पार कर गई और इंग्लैंड ने इस पर एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने इस उन्हें नॉटआउट दिया। जडेजा ने उनकी अगली दो गेंदों पर दो छक्के जड़े। रवींद्र जडेजा (11 रन, 12 गेंद, दो छक्के) ने बशीर की टॉप स्पिन को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश में ऑली पॉप को फॉरवर्ड शॉर्ट लेग कैच थमाया। भारत ने तीसरा विकेट 130 पर खोया। बशीर ने लंच के बाद लगातार तीसरा और दो ओवर में दो विकेट चटका कर भारत को संकट में डाल दिया। भारत ने अपने कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का विकेट खोकर लंच तक दस ओवर में अपनी पहली पारी में 34 रन बनाए। तब सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 38 गेंद खेल कर पांच चौकों की मदद से 27 रन पर और शुभमन गिल 14 गेंद खेल कर चार रन बनाकर क्रीज पर थे। रोहित शर्मा(2 रन, 9 गेंद) ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के दूसरे ओवर की चौथी जरा रुक कर आई ऑफ स्टंप के बाहर निकलती गगेंद को खड़े खड़े रक्षात्मक ढंग से खेलने विकेट बेन फॉक्स को कैच थमा दिया और भारत ने पहली पारी में अपना पहला विकेट मात्र चार रन पर खो दिया।

# एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने जायसवाल

रांची, 24 फरवरी (एजेंसियां)। विलक्षण बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 73 रन बनाकर एक टेस्ट सीरीज में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बन गए।

जायसवाल ने चार टेस्ट मैचों की सात पारियों में 600 रन का आंकड़ा पार कर लिया। युवा सनसनी ने इंग्लैंड के खिलाफ इस श्रृंखला में अब तक 103 के प्रभावशाली औसत और 78.32 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ दो शतक और दो अर्धशतक लगाते हुए 618 रन बनाए हैं।

जायसवाल भारतीय दिग्गजों की एक शानदार लीग में शामिल हो गए, जिसमें सुनील गावस्कर (1971, 1978), विराट कोहली (2014,



2016, 2017), दिलीप सरदेसाई (1971), और राहुल द्रविड़ (2002) शामिल हैं, जिन्होंने पहले एक सीरीज में 600 रन का आंकड़ा पार किया है। एक टेस्ट सीरीज में, 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ गावस्कर के 774 रनों के महान रिकॉर्ड को तोड़ने की रोमांचक संभावना के साथ, जायसवाल इतिहास की किताबों को फिर से लिखने के कगार पर खड़े हैं, और क्रिकेट की लोककथाओं में अपना नाम दर्ज कराने से केवल 156 रन दूर हैं। रांची टेस्ट के दूसरे दिन, जायसवाल ने एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक टेस्ट छक्कों के वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड को तोड़कर अपने साहसी स्ट्रोक खेल का प्रदर्शन किया, 2024 में केवल पांच मैचों में 23 छक्कों की प्रभावशाली संख्या हासिल की। टेस्ट क्रिकेट में शानदार 1000 रन के मील के पत्थर से सिर्फ 66 रन दूर, उन्होंने 71.84 की औसत से 934 रन बनाए हैं। जयसवाल अब खुद को सर डॉन ब्रैडमैन, सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रीम स्मिथ, जॉर्ज हेडली और नील हार्वे जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेट दिग्गजों की मंडली में पाते हैं, जिन्होंने 23 साल की उम्र से पहले एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से अधिक रन बनाए हैं।

# दिल्ली में प्रशंसकों से मिलने का इंतजार नहीं कर सकता : ऋषभ पंत

**मुंबई,** 24 फरवरी (एजेंसियां) टाटा आईपीएल 2024 के आधिकारिक प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने अपनी विशेष पहल, स्टार नहीं फार का अनावरण किया है, जिसका उद्देश्य देश भर के प्रशंसकों को उनके आईपीएल नायकों के करीब लाना है, जिसे पैसे से नहीं खरीदा जा सकता।

यह पहल प्रशंसकों की व्यस्तता को बढ़ाने और उन्हें आईपीएल 2024 सीज़न के दौरान अपने पसंदीदा क्रिकेट सुपर सितारों से करीब से और व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर प्रदान करने के लिए बनाई गई है। तमिलनाडु और हैदराबाद से शुरू हुई स्टार नहीं दूर पहल अब 24 फरवरी, 2024 को मुंबई इंडियंस और टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के मुंबई दौरे के साथ गति पकड़ रही है। हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस में आगमन पर आईपीएल 2024 की टीम का पूरे मुंबई में एक जीवंत शहर-व्यापी रोड शो द्वारा शुभारंभ किया जाएगा, जहां वह प्रशंसकों के साथ बातचीत करेंगे, अपने प्रिय समर्थकों के साथ स्थायी यादें बनाते हुए



अपने क्रिकेट की दुनिया और मैदान के बाहर के प्रयासों के बारे में जानकारी साझा करेंगे। जैसे ही आईपीएल 2024 सीज़न के लिए उत्साह बढ़ता है, स्टार नहीं फार पूरे देश में आईपीएल के सबसे प्रतिभाशाली सितारों और स्टार स्पोर्ट्स बिलीव के राजदूतों की सक्रियता के साथ यात्रा करने का वादा करता है, जिसमें ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और शिखर धवन और अन्य शामिल हैं। स्टार स्पोर्ट्स देश के हर सच्चे प्रशंसक को मौका देना चाहता है और एक प्रतियोगिता के माध्यम से प्रशंसकों का चयन भी कर रहा है ताकि उन्हें अपने क्रिकेट आदर्श के करीब लाया जा सके, मुंबई में हार्दिक पांड्या से मिलने की तलाश में 40 लाख प्रशंसक पहले ही भाग ले चुके हैं।

स्टार नहीं दूर पहल पर टिप्पणी करते हुए, स्टार स्पोर्ट्स के बिलीव एंबेसडर ऋषभ पंत ने कहा, आईपीएल केवल क्रिकेट के बारे में नहीं है। यह उन प्रशंसकों के बारे में भी है जो हर मैच को यादगार बनाते हैं। स्टार स्पोर्ट्स की स्टार नहीं दूर पहल के साथ, मुझे खेल के उत्साह को सीधे प्रशंसकों के साथ साझा करने का मौका मिलेगा। आईपीएल 2024 के दौरान दिल्ली में प्रशंसकों से मिलने और साथ में और भी खास यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता! हैदराबाद के साथ-साथ तमिलनाडु के सेलम और कोयंबटूर जैसे शहरों में हाल ही में संपन्न कार्यक्रम प्रशंसकों और उनके खेल आइकन के बीच गहरे संबंध को बढ़ावा देने के लिए ब्रॉडकास्टर के फोकस को रेखांकित करते हैं।

## सार संक्षेप

### मिजोरम के खिलाफ दो गोल से पिछड़ने के बाद कर्नाटक ने ड्रा खेला

**युपिया (अरुणाचल प्रदेश)।** गत चैंपियन कर्नाटक ने शनिवार को गोल्डन जुबली स्टेडियम में 77वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड के ग्रुप बी में मिजोरम के खिलाफ दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-2 से ड्रा खेला। एमएस डाउंग्लिआना और एमसी माल्सावमजुआला के गोल के बाद मिजोरम तीन अंकों के साथ भागती दिख रही थी, जिससे वह मजबूत स्थिति में आ गई थी। लेकिन कर्नाटक ने चैंपियन भावना दिखाते हुए दूसरे हाफ में प्रबीन तिग्गा और विशाल आर के माध्यम से लगातार दो बार स्कोर करके एक अंक बचाया। गुरुवार को दिल्ली के खिलाफ 1-1 के नतीजे के बाद यह कर्नाटक का लगातार दूसरा ड्रॉ था। मिजोरम को पहले मैच में महाराष्ट्र ने 3-1 से हराया था और अब उसने अपना खाता खोल लिया है।

### हार का सिलसिला तोड़ने के लिए भिड़ेंगे केरला ब्लास्टर्स एफसी और एफसी गोवा

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी 25 फरवरी, रविवार को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) कोच्चि स्थित अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मैच में एफसी गोवा की मेजबानी करेगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य हार के सिलसिले को तोड़कर जीत का राह पकड़ना होगा। एफसी गोवा और केरला ब्लास्टर्स एफसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। मोहन बागान सुपर जायंट और मुम्बई सिटी एफसी द्वारा हाल ही में बनाई गई बढ़त के बावजूद वे अभी भी स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने की दौड़ में हैं। हालांकि, हालिया फॉर्म इन दोनों के पक्ष में नहीं रही है। लगातार घरेलू हार के बाद एफसी गोवा इस मैच में उतरेगी। उन्हें मोहन बागान सुपर जायंट से 0-1 की हार और उसके बाद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से 0-2 की हार मिली थी। इसी तरह, पिछले महीने के अंत में लीग फिर से शुरू होने के बाद से केरला ब्लास्टर्स एफसी ने कोई भी मैच नहीं जीता है। ओडिशा एफसी, पंजाब एफसी और चेन्नइयन एफसी के खिलाफ मैचों में लगातार तीन हार ने उनकी कमियों को उभार दिया है, जो चोटों के कारण प्रमुख सितारों की अनुपस्थिति के कारण सामने आई है। अब देखना होगा कि दोनों में से कौन इस बुरे दौर से उबरकर कोच्चि में विजयी होगा?

# सीजन 2 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता है गुजरात जायंट्स

**बेंगलुरु,** 24 फरवरी (एजेंसियां)। डब्ल्यूपीएल का दूसरा सीजन शुरू हो गया है और सबसे पसंदीदा टीमों में से एक, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स रविवार को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऑस्ट्रेलियाई रन-मशीन बेथ मूनी की कप्तानी वाली गुजरात जायंट्स टीम इस साल धूम मचाने को बेताब है। पहले मैच से पूर्व, मुख्य कोच माइकल क्लिंगर, संरक्षक और सलाहकार मिताली राज, कप्तान मूनी और उप-कप्तान स्नेह राणा ने सीज़न के लिए अपनी तैयारी के बारे में विस्तार से बात की। बेथ मूनी ने कहा, समूह में वास्तव में एक उत्कृष्ट प्रकार का उत्साह है क्योंकि यह पिछले कुछ समय से एक साथ है। हमने पिछले सप्ताह कुछ चीज़ों पर काम किया और वे सफल रहीं। इसलिए, पहले मैच को लेकर काफी उत्सुकता है। और मुझे पता है कि कल रात मैदान में उतरने वाली 11 खिलाड़ी इसका पूरा फायदा उठाएंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी। अपने कप्तान के विचारों को दोहराते हुए, भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा, जिन्होंने पिछले साल मूनी के चोटिल होने के बाद गुजरात जायंट्स का नेतृत्व किया था, ने कहा कि टीम अच्छी स्थिति में है। अब तक हमारा अनुभव अच्छा रहा है और गुजरात जायंट्स ने सुनिश्चित किया है कि खिलाड़ियों को हर तरह का समर्थन मिले। टीम का मूड बहुत सकारात्मक है. हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की उम्मीद कर रहे हैं। अपने दूसरे सीज़न में, डब्लूपीएल ने मुंबई से बेंगलुरु और नई दिल्ली में स्थानांतरित होने का निर्णय लिया। इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, यह अच्छा है कि डब्ल्यूपीएल विभिन्न शहरों में हो रहा है क्योंकि हमारे प्रशंसक पूरे देश में हैं। मेंटर मिताली राज ने कहा, अगर डब्ल्यूपीएल हर शहर में चला जाता है, तो इससे फ्रेंचाइजी को नए दर्शक विकसित करने का मौका मिलता है, जो आकर इसे खेलते हुए देख सकते हैं। इससे टूर्नामेंट और फ्रेंचाइजी की प्रोफाइल में ही सुधार होगा।

# आईवीपीएल के उद्घाटन मैच में मुंबई चैंपियंस ने तेलंगाना टाइगर्स को 26 रनों से हराया

**ग्रेटर नोएडा,** 24 फरवरी (एजेंसियां) इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) की सनसनीखेज शुरुआत हुई, जब मुंबई चैंपियंस ने शुक्रवार को यहां शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उद्घाटन मैच में तेलंगाना टाइगर्स को 26 रनों से हरा दिया। पीटर ट्रेगो और फिल मस्टर्ड ने जोरदार अर्धशतक जमाकर मुंबई चैंपियंस को तेलंगाना टाइगर्स को हराने में मदद की। ट्रेगो ने चार ओवर में सिर्फ 22 रन देकर दो विकेट भी लिये। शाम की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसने मुंबई चैंपियंस और तेलंगाना टाइगर्स के बीच एक रोमांचक मुकाबले का मंच तैयार किया। मुंबई चैंपियंस ने अपना दबदबा कायम करने में कोई



समय बर्बाद नहीं किया और तेलंगाना टाइगर्स के सामने 211 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा।

फिल मस्टर्ड ने 31 गेंदों में 60 रन बनाकर टीम को टूर्नामेंट में जोरदार शुरुआत दी। मुंबई ने तेज गति से शुरुआत की और पारी के दूसरे भाग में पीटर ट्रेगो ने आक्रामक रुख अपनाया और 44 गेंदों में 92 रन बनाए। इंग्लिश क्रिकेटरों ने आठ चौके और 6 छक्के लगाए और अपनी टीम को 200 रन के पार पहुंचाया, क्योंकि मुंबई चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। जवाब में, तेलंगाना टाइगर्स को लक्ष्य का पीछा करने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा। मनप्रीत गोनी और चन्द्रशेखर थोटा के साहसिक प्रयास के बावजूद, जिन्होंने कुछ तेजतर्रार शॉट्स के साथ पारी को पुनर्जीवित किया, तेलंगाना टाइगर्स दबाव में लड़खड़ा गए। मुंबई चैंपियंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने तेलंगाना टाइगर्स को 184/8 पर रोक दिया और 26 रनों से जीत हासिल की। इस प्रभावशाली जीत के साथ, मुंबई चैंपियंस अब अपना ध्यान सोमवार को छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के खिलाफ अपने अगले मैच पर केंद्रित कर देंगे। इस बीच, तेलंगाना टाइगर्स रविवार को राजस्थान लीजेंड्स से भिड़ने पर वापसी करना चाहेंगे।

# सजना का आखिरी गेंद पर छक्का, हरमनप्रीत, यास्तिका के पचासे से मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया

बेंगलुरु, 24 फरवरी (एजेंसियां)। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन 2 के उद्घाटन मैच में यास्तिका भाटिया (57) और हरमनप्रीत कौर (55) के तूफानी अर्धशतकों के बाद नवोदित संजीवन सजना के आखिरी गेंद पर छक्के की मदद से मुंबई इंडियंस ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हरा दिया।

उद्घाटन समारोह में सुपरस्टार शाहरुख खान की अगुवाई में बॉलीवुड सितारों के जलवे बिखेरने के बाद ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में 75 रनों की पारी खेली और मेग लैनिंग (31) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) के साथ मिलकर दिल्ली कैपिटल्स को 20 ओवरों में 171/5 तक पहुंचने में मदद की। गत चैंपियन ने उन्हें पहले बल्लेबाजी करने को कहा। मुंबई इंडियंस टीम लगातार दम दिखाते हुए अंतिम ओवर में पहुंच गई। जब उसे



छह गेंदों में 12 रनों की जरूरत थी, एलिस कैप्सी ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पूजा वस्त्रकार (1) को वापस भेजा। शेफाली वर्मा के अच्छा बचाव करने के बाद अमनजोत कौर ने दो रन लिए और फिर एक रन लिया। जब तीन गेंदों पर नौ रनों की जरूरत थी, तब

**महिला प्रीमियर लीग 2024**

हरमनप्रीत ने एक चौका लगा दिया।

लेकिन जब दो गेंदों पर पांच रन की जरूरत थी, तब भीड़ स्तब्ध रह गई, क्योंकि हरमनप्रीत आउट हो गईं। एनाबेल सदरलैंड ने जोरदार हीव पर एक स्कीयर पकड़ा। मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर पांच रन चाहिए थे और पहली बार सजना क्रीज पर थीं। इस भारतीय युवा खिलाड़ी ने कैप्सी को पहली ही गेंद पर मिडिल और लेग के स्लॉट में छक्का लगाकर जीत पक्की कर दी। इससे पहले, हेले मैथ्यूज के शून्य पर आउट होने के बाद यास्तिका भाटिया ने मुंबई इंडियंस को बचाए रखा। उन्होंने और नेट साइवर-ब्रंट ने दूसरे विकेट के लिए 33 गेंदों पर पचास रन जुटाए, इससे पहले यास्तिका ने 35 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। साइवर-ब्रंट के 19 रन पर आउट होने के बाद यास्तिका और हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े।

हरमनप्रीत, जिन्होंने 32 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया, ने पारी को आगे बढ़ाया और अमेलिया केर (24) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 रन जोड़े, जिससे मुंबई इंडियंस ने खुद को संभाले रखा। हालांकि, आखिरी मिनट का ड्रामा सुनिश्चित होने से पहले चीजें आगे बढ़ने पर अमेलिया केर और पूजा वस्त्राकर आउट हो गईं। इससे पहले, दिल्ली कैपिटल्स ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के जल्दी आउट होने से उबरते हुए इंग्लिश ऑलराउंडर एलिस कैप्सी की 53 गेंदों में 75 रन की पारी और कप्तान मेग लैनिंग (31) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) के साथ उनकी दो अर्धशतकीय साझेदारियों की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर बना।